* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 111

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


राज्य के हर गरीब का होगा अपना आशियानाः चंपाई




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# पलामू जिलान्तर्गत
# पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना
# का शिलान्यास

**₹456.6**
करोड़ पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति

## योजना की संक्षिप्त विवरणी

उत्तरी कोयल, औरंगा एवं सोन नदी से आएगा जल


**कुल 31.397 MCM जल लिफ्ट होगा**

योजना से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम, पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटाँड डैम, कुन्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम तथा पाईपलाईन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय, तालाब एवं आहर में पानी होगा एकत्रित

**पलामू जिलान्तर्गत चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड होंगे लाभान्वित**

02 वर्ष में योजना पूर्ण करने का लक्ष्य

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर-कमलों द्वारा



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डाल्टेनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री रामचन्द्र चंद्रवंशी**
माननीय विधायक, बिश्रामपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छतरपुर

दिनांक : **10 फरवरी, 2024** | समय : **11.30 बजे पूर्वाह्न**
स्थान : शिवाजी मैदान, डाल्टेनगंज, जिला-पलामू

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 318531 (IPRD) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,700 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# अबकी बार 400 पार: मोदी का यह नारा हवा-हवाई नहीं है

## ■ मोदी ने अपनी हैट्रिक पारी की भविष्यवाणी को सच करने की बनायी है रणनीति

## ■ हर दिन नये सहयोगी को साथ लाकर विपक्ष की नींद उड़ा रही है भाजपा

## ■ नीतीश के बाद जयंत चौधरी और चंद्रबाबू नायडू भी साथ आने को तैयार

**संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाये गये सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मविश्वास और कर्मठता से भर कर आगामी चुनाव में एनडीए को चार सौ और अकेले भाजपा को 370 सीटें हासिल होने की भविष्यवाणी कर दी। हालांकि भाजपा ने इससे पहले ही 'अबकी बार 400 पार' का लक्ष्य तय किया है और उसके अनुरूप तैयारी भी कर रही है। 2019 चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं। मोदी का यह नारा हवा हवाई नहीं है। निश्चित ही इतने बड़े आंकड़े की घोषणा करने के पीछे नरेंद्र मोदी की सकारात्मक सोच, विकास की राजनीति और राष्ट्र-विकास का संकल्प है, तो दूसरी तरफ एक सोची-समझी रणनीति और चुनावी गणित भी है। वहीं विपक्ष और कांग्रेस की नकारात्मक सोच, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैया उसके लगातार कमजोर होने के कारण हैं। प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि विपक्षी गठबंधन के रूप में एकजुट हुआ विपक्ष उनको चुनौती देगा, क्योंकि विपक्षी एकजुटता बिखर चुकी है। दूसरी तरफ भाजपा हर दिन नये साथियों को अपने साथ जोड़ कर विपक्षी खेमे की नींद खराब कर रही है। पहले नीतीश कुमार को अपने साथ मिला कर भाजपा ने विपक्ष को बड़ा झटका दिया, तो अब राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी और तेलुगुदेशम के एन चंद्रबाबू नायडू के साथ दोस्ती की कोशिश कर उसने विपक्ष को बेचैन कर दिया है। क्या है 'अबकी बार 400 पार' के लक्ष्य के पीछे का गणित और पीएम मोदी के आत्मविश्वास का कारण, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल करने के प्रति लगभग आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह संसद में वह कहा, जिसे कहने से आमतौर पर प्रधानमंत्री कतराते रहे हैं। शायद यह पहली बार है कि किसी प्रधानमंत्री ने चुनावों की घोषणा से पहले ही अगले पांच साल के एजेंडे को भी सामने रख दिया हो। इसे लेकर राजनीतिक विशेषज्ञों का चिंतन-मनन जारी है। यह 'आत्मविश्वास' है या 'अतिआत्मविश्वास' या 'जुमला' या 'फ्लोटिंग वोटर' को प्रभावित करने के साथ विरोधियों को पस्त करने की रणनीति है, अथवा यह समान विचारधारा के विरोधियों को ढका-छिपा निमंत्रण है? कहा गया है कि भाजपा को अपने दम पर 370 और एनडीए को कुल मिला कर 405 सीटें मिलेंगी। अब चुनावी जानकार कह रहे हैं कि दरअसल इस आत्मविश्वास के पीछे एक पूरा चुनावी गणित है।

वैसे भी भारत के चुनावी इतिहास पर नजर दौड़ायी जाये, तो तकनीकी तौर पर यह जरूर संभव है। अगर राजीव गांधी के समय कांग्रेस 1984 में चार सौ पार सीटें ला सकती है, तो नरेंद्र मोदी की भाजपा भी ऐसा क्यों नहीं कर सकती? लेकिन दो अंतर देखे जा सकते हैं। 1984 का चुनाव इंदिरा गांधी की हत्या पर उमड़ी सहानुभूति और गुस्से का इजहार था। इसके अलावा तब कांग्रेस का विस्तार जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और गुजरात से लेकर असम तक था। भाजपा का विस्तार ऐसा है कि लोकसभा की 543 सीटों में से लगभग 150 सीटें ऐसी हैं, जो आज तक उसने जीती नहीं हैं। अगर कोई पार्टी 543 में से 390 में ही मौजूद है, तो वह अपने दम पर 370 तक कैसे पहुंच सकती है, यह सवाल तो है, लेकिन ऐसा करना असंभव भी नहीं है।

### क्या है वोटों का गणित

जहां तक वोट प्रतिशत का सवाल है, तो यदि भाजपा का पांच फीसदी वोट बढ़ता है, तो वह अधिकतम 343 तक पहुंच सकती है। भाजपा को 2014 में 31 फीसदी वोट के साथ 282 सीटें मिली थीं। 2019 में भाजपा का वोट छह फीसदी बढ़ा और सीटें 21 बढ़ गयीं। अगर भाजपा को 370 तक पहुंचना है, तो छह की जगह आठ-दस फीसदी वोट बढ़ाने होंगे। उसे ज्यादा ऐसी सीटों पर जीत हासिल करनी होगी, जहां पांच फीसदी से भी कम वोट मिले हैं। इसमें आंध्रप्रदेश की 25 और तमिलनाडु की 39 सीटें आती हैं। केरल में जरूर भाजपा को दहाई संख्या में वोट मिले हैं, पर वह खाता नहीं खोल पायी है। अगर यह मान कर चलें कि भाजपा हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में पिछले प्रदर्शन को दोहराने में कामयाब हो जाती है, तो 303 सीटों तक पहुंच सकेगी। अगर उत्तरप्रदेश और तेलंगाना में बढ़त ले ले, तो आंकड़ा सवा तीन सौ तक पहुंचेगा। यानी अगर भाजपा को 370 तक पहुंचना है, तो उसे बंगाल और ओड़िशा में भी संख्या बढ़ानी होगी। महाराष्ट्र और बिहार में पिछला प्रदर्शन दोहराना होगा। पिछली बार भले ही भाजपा ने 224 सीटें दो लाख के ज्यादा के अंतर से जीती थीं, पर 77 सीटें ऐसी भी थीं, जिन्हें भाजपा एक लाख या उससे कम के अंतर से जीत पायी थी। इन 77 सीटों पर विपक्ष एक संयुक्त उम्मीदवार उतारता है और वोट ट्रांसफर करने पर पूरा जोर लगाता है, तब भाजपा मुश्किल में पड़ सकती है।



### कैसे संभव है इस आंकड़े को हासिल करना

दूसरी संभावना यह है कि अगर विपक्ष एक रहता है और उसके वोट प्रतिशत में पांच फीसदी का इजाफा होता है, तभी भाजपा 303 से घट कर 223 पर सिमट सकती है। स्पष्ट है कि भाजपा की रणनीति अपना कुनबा बढ़ाने के बजाय विपक्षी कुनबे को भेदने की होगी। क्लेश बढ़ेगा, तो आम वोटर की नजर में विपक्ष की विश्वसनीयता कम होगी। यहां भी निशाने पर कांग्रेस को लिया जा रहा है। साफ है कि भाजपा को लगता है कि क्षेत्रीय दलों के प्रति नरम रुख अपनाया जाये। भाजपा अगर ऐसा कुछ कर रही है, तो कुछ भी नाजायज नहीं कर रही है। चुनाव जीतने के लिए हर तरह के रणनीतिक हथियारों का इस्तेमाल किया जाता है।

इस रणनीति पर चलते हुए भाजपा ने नीतीश कुमार को अपने खेमे में लाकर विपक्ष को करारा झटका दिया है। इसके बाद वह राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी को अपने पाले में लाने में लगभग सफल हो चुकी है। इसके अलावा आंध्रप्रदेश में तेलुगुदेशम के नेता एन चंद्रबाबू नायडू से भी उसकी बातचीत मंजिल तक पहुंचने वाली है। कर्नाटक में एचडी देवेगौड़ा और तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के एक खेमे के साथ भी भाजपा के अच्छे संबंध हैं। भाजपा की यह रणनीति विपक्ष को कमजोर करने में सहायक हो सकती है।

### भाजपा की चुनावी गंभीरता भी मायने रखती है

इन राजनीतिक और चुनावी समीकरणों के बाद एक और बात ध्यान देने लायक है। वह है भाजपा की चुनावी गंभीरता। राम मंदिर, राष्ट्रवाद, करोड़ों की संख्या में लाभार्थी और मोदी की छवि के बावजूद भाजपा कोई जोखिम लेने के लिए तैयार नहीं है। जो पार्टी पंचायत और नगर निगम का चुनाव भी पूरी गंभीरता से लड़ती हो, वह लोकसभा चुनाव कितनी संजीदगी से लड़ेगी, इसका अनुमान लगाना कोई रॉकेट साइंस नहीं है। भाजपा की लड़ाई विपक्षी दल ही आसान कर रहे हैं। अगर ममता बनर्जी कहें कि कांग्रेस 40 सीटों पर सिमट जायेगी, अगर स्टालिन तमिलनाडु की 39 सीटों को ध्यान में रख कर सनातन का संकट खड़ा कर उत्तर भारत की दो सौ सीटों को संकट में डाल दें, अगर केजरीवाल और भगवंत मान दिल्ली, पंजाब की 20 सीटों को नाक का सवाल बनाने पर आमादा हो जायें, तो इसके लिए मोदी को तो दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

### और भी कई कारण हैं

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें हैं। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नये जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक और चमत्कारी जीत की संभावनाओं की और भी वजहें हैं, जिनमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सुखद और उपलब्धि भरी प्रतिध्वनियां हैं, जैसे चांद और सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहिम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर करना है। भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पड़ोसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। इसलिए इस चुनावी समर में एक तरफ भाजपा जैसा सुगठित दल है, जिसके पास मोदी जैसा एक मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नजरिया है, जबकि उसे चुनौती देनेवाले मोर्चे में फिलहाल काफी उथल-पुथल है। ऐसे में यदि विरोधी खेमा नहीं चेता, तो प्रधानमंत्री ने जिन आंकड़ों के साथ जीत का दावा किया, वह यदि सच हो जाये, तो आश्चर्य नहीं होगा।

---

# राज्यपाल को स्पष्टीकरण देने की जरूरत क्यों पड़ी : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश में इन दिनों राजभवन और झामुमो के बीच ठनी हुई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। शुक्रवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मीडिया के माध्यम से पता चला कि राज्यपाल ने प्रिंट मीडिया को बुलाया था और एक मीडिया से उन्होंने स्पष्टीकरण भी मांगा है। अखबारों में पढ़ा कि उन्होंने कई सारी बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हिंदी में एक कहावत है दाढ़ी में तिनके वाली।

आखिर राज्यपाल को स्पष्टीकरण देने की जरूरत क्यों पड़ी। सुप्रियो ने कहा कि इडी ने जब उनसे कहा कि हिरासत में ले लिये हैं, उसके बाद सभी लोग राजभवन पहुंचे। बसों में बैठे विधायकों को अंदर जाने के बाद बाहर क्यों किया गया। बता दें कि शुक्रवार को सुप्रियो भट्टाचार्य गुरुवार को राज्यपाल के दिये गये बयान पर बोल रहे थे। बयान में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिल्ली दौर से गुरुवार को रांची लौटने के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और इस्तीफे पर एक न्यूज एजेंसी को जवाब देते हुए कहा था कि हेमंत सोरेन को इडी हिरासत में ले चुकी थी। उसके बाद इस्तीफा देने राजभवन आये थे।



### भ्रम की स्थिति पैदा करनेवाली बीजेपी

राज्यपाल यह बतायें कि वह कौन दो विधायक थे, जो मीडिया में बयान दे रहे थे कि हैदराबाद नहीं जा रहे हैं। बीजेपी का काम राज्यपाल क्यों कर रहे हैं। भ्रम की स्थिति पैदा करनेवाले बीजेपीवाले हैं। राज्यपाल का काम सरकार को सलाह देना है। उत्त-उत्त की जानकारी लेनी है। पुरानी सरकार के कई विधेयक राजभवन में पड़े हुए हैं। उसे पारित करिये और राज्य के विकास में सहयोग करें।

### हम राजभवन की सुरक्षा करनेवाले लोग हैं

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हम लोग असंवैधानिक काम करनेवाले लोग नहीं हैं और जांच से बचाने के लिए ही एक व्यक्ति को राज्यपाल बनाया गया। सरकार का काम है राजभवन की सुरक्षा करना।

**एनडीए सरकार में सीबीआइ पर भरोसा नहीं :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सीबीआइ की विश्वसनीयता पर सवाल उठने शुरू हो गये हैं। यह बात कोर्ट ने कही है। हम सीबीआइ पर भरोसा नहीं करते हैं, और एनडीए सरकार में बिल्कुल भी करने योग्य नहीं है। सीबीआइ से अच्छी हमारी एसआइटी है। हम उसी से पेपर लीक मामले की जांच करायेंगे।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दो बसों को अंदर जाने का परमिशन दिया गया। फिर अंदर जाने के बाद परमिशन नहीं होने की बात कही गयी और उन्हें बाहर निकाल दिया गया। वर्तमान सीएम ने सरकार बनाने का दावा किया और दावे को अस्वीकार करते हुए अपने कक्ष की ओर चले गये। फिर 15 मिनट बाद आकर दावे को उन्होंने स्वीकार किया। राज्यपाल के प्रधान सचिव से दूसरे दिन फोन पर बात की गयी, जिसके बाद सूचित करने की बात कही गयी। फिर दोबारा राजभवन से समय की मांग की गयी और तब जाकर गठबंधन के पांच नेताओं को मिलने की अनुमति दी गयी। मिलने के बाद 10 बजे रात में चंपाई सोरेन को सीएम बनने की बात कही गयी, जब 8:30 बजे रात में इस्तीफा हुआ, तो दूसरे दिन रात का इंतजार क्यों हुआ। एक दिन से अधिक समय तक राज्य का कार्यपालक कौन था।

**बहुमत होने के बाद भी फ्लोर टेस्ट की बात क्यों :** मंत्रिमंडल विस्तार के समय फ्लोर टेस्ट की बात कही गयी। क्या राज्यपाल को बहुमत की आशंका थी! 49 सदस्य हमारे साथ थे। 81 सदस्यीय विधानसभा में 49 विधायकों के समर्थन के बाद भी राय लेनी पड़ी। बिहार की परिस्थिति अलग है, क्योंकि वह इडी की गिरफ्त में नहीं है। जो आपका संदेश नहीं मानेगा वह इडी की गिरफ्त में रहेंगे। बिहार में सबसे बड़े दल की जगह तीसरे नंबर के दल को बुला लिया गया, लेकिन यहां बहुमत वाले दल को नहीं बुलाया गया।

# जब हेमंत सोरेन 40 घंटे तक फरार थे तब राज्य किसके भरोसे था : प्रतुल

**झूठी और खोखी दलीलें देकर राजभवन पर दबाव बनाना घमंडियां गठबंधन की पुरानी आदत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो पर पलटवार किया है। कहा कि राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार ने पैदा की थी। प्रतुल ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार शर्मशार करने वाली घटना घटित हुई। जब एक चुना हुआ मुख्यमंत्री कानून के डर से 40 घंटे तक फरार रहा। इस दौरान वह अपने राज्य के किसी भी अधिकारी से भी संपर्क में नहीं थे। यानी साढ़े तीन करोड़ जनता को उनके भाग्य के भरोसे छोड़ दिया गया था। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड में तो सिर्फ भागम भाग का खेल चल रहा है। उसके बाद भाग विधायक भाग हुआ। जब इनके पास बहुमत से ज्यादा विधायक थे और प्रदेश में इनकी ही सरकार थी, तो हैदराबाद के राजनीतिक पर्यटन की आवश्यकता समझ से परे है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने विधि सम्मत और कानून सम्मत निर्णय लिया। राजभवन ने चंपई सोरेन के सरकार बनाने के दावे पेश करने के बाद असामान्य परिस्थितियों के मध्य नजर गहन विचार विमर्श के बाद कानून और संविधान सम्मत निर्णय लिया। अब इस पर भी झामुमो का आपत्ति है।



प्रतुल शाहदेव ने कहा कि साढ़े छह लाख छात्रों के भविष्य से इस सरकार ने खिलवाड़ किया। 25-25 लाख रुपये में प्रश्न पत्र बेचने की साजिश हुई। अभी तक इस मुद्दे पर कोई एफआइआर नहीं होना और एसआइटी का गठन कर ध्यान बंटाने की कोशिश साफ दिख रही है कि यह छात्र विरोधी सरकार है। झारखंड मुक्ति मोर्चा इस मुद्दे पर क्यों खामोश है। जाहिर है प्रश्न पत्र लीक का कवर अप ऑपरेशन चल रहा है।

### यह रिश्ता क्या कहलाता है

प्रतुल शाहदेव ने झामुमो और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से बीएमडब्ल्यू की रिकवरी पर अभी तक दोनों दल रहस्यमय तरीके से खामोश हैं। प्रतुल शाहदेव ने जानना चाहा कि धीरज साहू और हेमंत सोरेन के बीच का रिश्ता आखिर क्या कहलाता है। जानना चाहा कि क्या इतनी घनिष्ठता थी कि धीरज साहू अपनी गाड़ी हेमंत के गैरेज में रख रहे थे और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपना पैसा धीरज साहू घर रख रहे थे। इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि जो 350 करोड रुपये की रिकवरी धीरज साहू के घर में हुई थी, उसमें हेमंत सोरेन का कितना हिस्सा था या पूरी रकम ही उनकी थी।

# चंपाई सरकार की दूसरी कैबिनेट की बैठक 12 को

रांची (आजाद सिपाही)। चंपाई सरकार की दूसरी कैबिनेट की बैठक 12 फरवरी को होगी। इससे पहले 2 फरवरी को चंपाई सरकार की पहली बैठक हुई थी, जिसमें तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी थी। 12 फरवरी को होनेवाली बैठक की जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दी है। इस बैठक में भी सिर्फ दो मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता ही शामिल होंगे। इसकी वजह यह है कि 16 फरवरी को कैबिनेट का विस्तार होना है।

# कोल इंडिया मैराथन कल, दौड़ेंगे 8000 प्रतिभागी

रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल के द्वितीय कोल इंडिया मैराथन का आयोजन 11 फरवरी को रांची के मोरहाबादी में किया जायेगा। इस बार लगभग आठ हजार प्रतिभागी मैराथन में दौड़ लगायेंगे। इस वर्ष अब तक 7410 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें पुरुष प्रतिभागियों की संख्या 6049 और महिला प्रतिभागी 1361 हैं। इसके अलावा लगभग 500 सीसीएल के गेस्ट भी इस मैराथन में भाग लेंगे। इस बार कोल इंडिया मैराथन की इनामी राशि में भी बढ़ोतरी की गयी है, जिसे 29.70 लाख से बढ़ा कर 33.12 लाख रुपये किया गया है। पहले सीसीएल मैराथन की तरह इस वर्ष भी दौड़ को चार श्रेणी में बांटा गया है। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और पांच किमी की दौड़ शामिल है। पूर्ण मैराथन में 42.195 किमी और हाफ मैराथन में 21.098 किमी का सफर तय करना होगा।

www.epaper.azadsipahi.in

10 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 111







### सीएम ने जमशेदपुर में दिये अबुआ आवास योजना के स्वीकृति पत्र

# हर गरीब का होगा अपना आशियाना : चंपाई सोरेन

- अबुआ आवास योजना के 24827 लाभुकों को मिला लाभ, डीबीटी के माध्यम से 74 करोड़ रुपये हस्तांतरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि राज्य के हर गरीब का अपना आशियाना होगा। कोई भी व्यक्ति आवासविहीन नहीं रहेगा। राज्य सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सभी जरूरतमंदों को तीन कमरे का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने इस योजना के पहले चरण के लिए चयनित 24827 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। साथ ही उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 74 करोड़ 48 हजार रुपये हस्तांतरित किये।


**लापरवाही करनेवालों पर होगी कार्रवाई:** मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ आवास योजना में किसी भी प्रकार की बिचौलियागिरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी योग्य लाभुकों की स्थायी प्राथमिकता सूची बनेगी और उसी अनुरूप उन्हें आवास आवंटित किया जायेगा। इसमें अगर कोई भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**सरकार हेमंत के संकल्प-योजना को आगे बढ़ाने का काम कर रही है :** चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कुशल नेतृत्व से झारखंड को संवारने का काम कर रहे थे। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी उन्होंने झारखंड की व्यवस्था को अव्यवस्थित होने नहीं दिया। हमारी सरकार उनके संकल्प, सोच, नीति, योजना, मिशन और विजन के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

**गांव से चल रही सरकार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सरकार गांव से चल रही है। 'आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के जरिये सरकार घर-घर तक पहुंची। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम हुआ। आज डीसी और एसपी से लेकर बीडीओ-सीओ आपके दरवाजे पर पहुंच कर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे लगातार जारी रहेगा।

**शिक्षा की बेहतरी का निरंतर प्रयास जारी:** चंपाई सोरेन ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार लगातार काम करती आ रही है। बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले, इसके लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर इंग्लिश मीडियम में शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को बताया।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक जोबा मांझी, बन्ना गुप्ता, दीपक बिरूआ, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, सविता महतो, समीर कुमार मोहंती, दशरथ गागराई, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार और सोनाराम सिंकू के अलावा राज्य के उच्चाधिकारी मौजूद थे।



#### एक-एक व्यक्ति को हक-अधिकार और न्याय मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार आपकी है। एक-एक व्यक्ति को हक अधिकार देंगे। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। इसके साथ ही सरकार हर परिस्थिति में आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेगी, यह हमारा वादा है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पित है। यहां के खनिज संसाधन का अब इस राज्य के हित में सदुपयोग होगा। औद्योगिक विकास के लिए औद्योगिक क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 वर्ष की आयु सीमा पूरी कर चुके अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के साथ महिलाओं को भी अब पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय सरकार ने लिया है। इस बाबत लाभुकों को चयनित करने के लिए पंचायत से अभियान की शुरुआत की जायेगी।

#### सीएम आज पलामू को देंगे सौगात

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपाई सोरेन शनिवार को पहली बार पलामू जायेंगे। यहां शिवाजी मैदान में समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री इसमें कई तरह की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे।

## न्यूज रील्स

### भाजपा ने सांसदों को जारी किया व्हिप

नयी दिल्ली। संसद के बजट सत्र का शनिवार को आखिरी दिन है। भाजपा ने अपने सभी सदस्यों को शनिवार को सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। चर्चा है कि सरकार राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेगी। इसे लेकर ही व्हिप जारी किया गया है।

### अमिताभ बच्चन ने जय श्रीराम के नारे लगाये



अयोध्या। एक्टर अमिताभ बच्चन शुक्रवार को अयोध्या में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं हमेशा छोरा गंगा किनारे वाला हूं। उन्होंने पिता को याद कर कहावत सुनाई, हाथी घूमे गांव-गांव। यही नहीं, अमिताभ ने जय श्रीराम के नारे भी लगाये। इससे पहले अमिताभ रामलला के दर्शन करने भी पहुंचे।

# नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन को भारत रत्न

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों शख्सियतों को देश का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान देने की जानकारी सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों के साथ शेयर की। चौधरी चरण सिंह देश के पांचवें और नरसिम्हा राव नौवें प्रधानमंत्री थे। वहीं कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है।

2014 में सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया यह दसवां भारत रत्न है। इससे पहले 3 फरवरी को भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और 23 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने का एलान किया गया। इस तरह इस साल पांच हस्तियों को यह सम्मान देने का एलान हो चुका है। इन तीन हस्तियों को मिला कर इस सम्मान को हासिल करनेवालों में अब तक कुल 53 लोग शामिल हो चुके हैं।



#### प्रधानमंत्री ने क्या लिखा

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। वहीं, मोदी ने लिखा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव गारू का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नये युग को बढ़ावा मिला। उधर, प्रधानमंत्री ने स्वामीनाथन के लिए लिखा कि यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किये।

### सूखे पेड़ की हिस्सेदारी को लेकर भाइयों में खूनी संघर्ष

# दो भाई और एक भतीजे की हत्या

- एक भतीजे की हलात गंभीर, अस्पताल में भर्ती
- आरोपी सगे भाई और उसके दो बेटों ने मिल कर दिया घटना को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला/सिसई।** तीन भाइयों के बीच एक पेड़ के बंटवारे को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक भाई ने अपने बेटों के साथ मिल कर सगे दो भाई और एक भतीजे की हत्या कर दी। वहीं, एक भतीजा घायल है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतकों में नागेश्वर साहू (63 वर्ष), सुंदरू साहू उर्फ मुन्ना साहू (60 वर्ष) और पवन कुमार साहू (35 वर्ष) शामिल हैं। विकास कुमार साहू पिता सुंदरू साहू गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया है। उधर, पुलिस ने हत्या के आरोपी नंदकिशोर साहू (57 वर्ष) और उसके बेटे सतेंद्र साहू (35 वर्ष) और शिवकुमार साहू (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त दो टांगी को भी जब्त कर लिया है।

**एक पेड़ की हिस्सादारी को लेकर बढ़ा विवाद :** घटना गुमला जिले के सिसई प्रखंड अंतर्गत सकरौली गांव की है। सभी एक ही परिवार के हैं। मृतक नागेश्वर, सुंदरू और आरोपी नंद किशोर सगे भाई हैं। तीनों के बीच जमीन का बंटवारा हो चुका है। काडो कोचा दोन (खेत) में तीनों भाई की हिस्सेदारी हैष तीनों की सहमति से सड़क निर्माण का कार्य करने वाली कंपनी मिट्टी लेने के लिए उक्त जमीन से मिट्टी उठाव करा रही है। उसी खेत में एक छोटा सा जंगली पेड़ था, जो मिट्टी उठाने के दौरान गिर गया था। उस पेड़ पर आरोपी नंद किशोर अकेले अपना दावा कर रहा था, जबकि उसके बड़े भाई नागेश्वर और छोटे भाई सुंदरू भी अपनी हिस्सेदारी बता रहे थे।

**दौड़ा-दौड़ा कर की हत्या :** शुक्रवार की दोपहर सभी पेड़ के पास गये थे और विवाद शुरू हुआ। आरोपी नंद किशोर साहू अपने बेटे सतेंद्र साहू और शिवकुमार साहू के साथ टांगी लेकर वहां पहुंचा और भाइयों और भतीजों को दौड़ा-दौड़ा कर टांगी से सिर और गले पर वार किया। घटना की सूचना पाकर इंस्पेक्टर एसएन मंडल और थानेदार मीनकेतन कुमार दलबल के साथ पहुंचे। तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

### प्रवर्तन निदेशालय की भूमि फर्जीवाड़ा मामले में तफ्तीश जारी

# विनोद से की पूछताछ तो भानू की रिमांड बढ़वायी

- कांग्रेस सांसद धीरज साहू से बीएमडब्ल्यू कार कनेक्शन की इडी लेगी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की रांची में जमीन फर्जीवाड़ा मामले में पूछताछ लगातार जारी है। इडी ने शुक्रवार को आर्किटेक्ट विनोद सिंह से पूछताछ की तो राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप प्रसाद की रिमांड अवधि को पांच दिनों के लिए बढ़वाया। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को जब्त मोबाइल फोन का लॉक खुलवाने के लिए अपने कार्यालय बुलवाया।

**व्हाट्सएप चैट मामला:** आर्किटेक्ट विनोद सिंह शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय के हिंनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि इडी के अधिकारी विनोद सिंह से पूछताछ कर रहे हैं। विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट से इडी को कई जानकारियां मिली हैं। इडी ने चैट्स का प्रिंट आउट निकाला है, जिसमें अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में कथित तौर पर लेन-देन से लेकर कई तरह का जिक्र है। विनोद सिंह के ठिकानों पर इडी ने जनवरी महीने की शुरुआत में छापेमारी कर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कई दस्तावेज जब्त किये थे। विनोद सिंह ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए मोटी रकम के ऑफर वाले मैसेज भेजे थे। व्हाट्सएप पर झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन की परीक्षा के अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड सहित कई तरह के दस्तावेज भी शेयर किये गये हैं। इडी ने चैट्स को अदालत में बीते बुधवार को पेश किया था।

**भानू की रिमांड अवधि बढ़ी :** बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप प्रसाद से अगले पांच दिनों तक इडी पूछताछ जारी रखेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। चार दिनों की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उसे शुक्रवार को विशेष कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शुक्रवार को उसकी पेशी के दौरान एक बार फिर भानू से पूछताछ के लिए रिमांड को सात दिनों का विस्तार दिये जाने का आग्रह कोर्ट से किया गया, जिसका भानू के अधिवक्ता ने विरोध किया। विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने भानू प्रताप प्रसाद से पूछताछ की अनुमति दे दी है। इडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानू प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की है।

#### पिंटू भी पहुंचे इडी कार्यालय

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू शुक्रवार को इडी कार्यालय पहुंचे। इडी के अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान अभिषेक प्रसाद के ठिकानों से कई दस्तावेज बरामद किये थे। हालांकि इडी के अधिकारी ने इसके पहले भी उनसे अवैध खनन मामले में पूछताछ की थी। सूत्रों ने बताया कि अभिषेक के मोबाइल के व्हाट्सएप चैट को भी इडी खंगाल रही है। उन्हें मोबाइल फोन का लॉक खोलने के साथ-साथ कई अन्य मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

#### सांसद धीरज साहू से आज होगी पूछताछ

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से जब्त बीएमडब्ल्यू एसयूवी कार मामले में राज्यसभा सांसद धीरज साहू से शनिवार को पूछताछ होगी। इडी ने उन्हें शनिवार को अपने कार्यालय बुलाया है। हालांकि वह इडी के सामने उपस्थित होंगे या नहीं, इसकी अभी कोई जानकारी नहीं दी गयी है।







# अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी

- राष्ट्रीय परिषद की बैठक में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का प्रस्ताव लाने की तैयारी, दिल्ली में 16-18 फरवरी को बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा के एजेंडे में अयोध्या के बाद अब मथुरा शीर्ष पर रहेगा। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का प्रस्ताव लाने की तैयारी है। ठीक वैसे ही जैसे 1989 में श्रीराम जन्मभूमि का प्रस्ताव लाया गया था। दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 18 फरवरी के बीच भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी। इसमें भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय परिषद के 8,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

सूत्र बता रहे हैं कि इस बैठक का प्रमुख एजेंडा श्रीकृष्ण जन्मभूमि का प्रस्ताव हो सकता है। अभी पार्टी के शीर्ष नेताओं में इस बात को लेकर मंथन हो रहा है कि इस प्रस्ताव को सीधे तौर पर खुद भाजपा पेश करे या फिर किसी अन्य संगठन के जरिये लाया जाये। हिंदू पक्ष का दावा है कि 10.9 एकड़ जमीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि और 2.5 एकड़ जमीन शाही ईदगाह मस्जिद के पास है। कुल 13.37 एकड़ जमीन 'श्रीकृष्ण' की है। इस विवाद को लेकर मामला अदालत में भी चल रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

1 Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.0 °c | 9.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.40 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की हो सीबीआइ जांच: आजसू

## जेएसएससी के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका

**17 फरवरी को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर आजसू ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संगठन सचिव एस अली ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में धांधली हुई है। सरकार द्वारा प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर गठित एसआइटी से आजसू पार्टी संतुष्ट नहीं है। छात्रों के हक और अधिकार के खातिर आजसू जेएसएससी के खिलाफ अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन करेगी। इन मांगों में सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआइ से कराने, इस परीक्षा में हुई धांधली को लेकर विरोध कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुई प्राथमिकी को अविलंब वापस लेने, झारखंड चयन आयोग के अध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को बर्खास्त करने और गलत तरीके से चयनित परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डालने की मांग शामिल है।




### कॉलेज-यूनिवर्सिटी में हस्ताक्षर अभियान 12 को

पेपर लीक मामले में अखिल झारखंड छात्र संघ 12 फरवरी को सभी कॉलेज-विश्वविद्यालय मुख्यालय पर हस्ताक्षर अभियान, 13 फरवरी की संध्या में मशाल जुलूस और प्रदर्शन, 15 फरवरी को सभी उपायुक्त को पत्र भेजा जायेगा। प्रेस वार्ता के दौरान एस अली, हरीश कुमार, गौतम सिंह, ओम वर्मा, जब्बार अंसारी, सचिन भगत, चेतन प्रकाश, अजीत सिंह, रोशन, आशुतोष मौर्य, अभिषेक शुक्ला, आशुतोष सिन्हा, दीपक दुबे उपस्थित थे।

**जेएसएससी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामला**

# पुलिस की जांच की आंच तेज, दो आरोपी हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित एसआइटी की टीम पटना और चेन्नई से इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान सबूत पाये जाने पर दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जायेगा। इस मामले में एसएसपी ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में हुए प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआइटी का गठन किया है। रांची के सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स गठित की गयी है। एसआइटी में चार



पुलिस निरीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी शामिल हैं। जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी 2024 को हुई थी, लेकिन परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इस घटना के बाद तत्कालीन सदर डीएसपी के नेतृत्व में एसआइटी बना था, लेकिन उनका ट्रांसफर हो जाने के कारण अब फिर से एसआइटी का गठन किया गया है। एसआइटी को जल्द से जल्द अभियुक्तों की शिनाख्त और उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है।

## दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के डेली मार्केट थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में नामकुम थाना के मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी मो खालिद बंगाली उर्फ चुजा और शेख जुबैर शामिल हैं। इनके पास से दो नाली वाला एक देसी कट्टा, 7.65 की दो गोली और एक स्कूटी बरामद की गयी है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को बताया कि एक स्कूटी पर सवार होकर तेजी और लापरवाही से दो व्यक्ति मेन रोड हनुमान मंदिर के तरफ से आ रहे थे। इस दौरान डेली मार्केट के सामने एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा था। चेकिंग चला रहे पुलिसकर्मी के रोकने पर दोनों व्यक्ति स्कूटी छोड़कर भागने लगे। चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने खदेड़कर एक को पकड़ लिया। जांच करने पर उसके पास से हथियार बरामद किया गया।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — कार्यस्थल पर कुछ परेशानियां उत्पन्न हो सकती है। हतोत्साहित न हों-अपना काम करते रहें।
- **वृष** — किसी मामले को सुलझाने से संबंधित निर्णय लेने में आपको कठिनाई होगी।
- **मिथुन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **कर्क** — नये काम में लाभ मिलेगा.गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा, माता पिता का सहयोग।
- **सिंह** — गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **कन्या** — परीक्षा-प्रतियोगिता में आपको प्रयासों के अनुरूप सफलता मिलेगी, नई आशाओं का उदय होगा।
- **तुला** — आत्मविश्वास से जिम्मेदारी पूरा कर सकते हैं, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।
- **वृश्चिक** — चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी,बिजनेस में शुभ परिवर्तन,आर्थिक लाभ।
- **धनु** — रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय।
- **कुंभ** — घर-गृहस्थी का अच्छा सुख मिलेगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति।
- **मीन** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र में चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

## खास खबरें

### सांसद निशिकांत दुबे को हाइकोर्ट से बड़ी राहत

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट से गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने के निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया है। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और अधिवक्ता पार्थ जालान ने अदालत में पक्ष रखा। यह मामला गोड्डा में सड़क जाम करने से जुड़ा हुआ है। निशिकांत दुबे के खिलाफ जिला प्रशासन ने वर्ष 2010 में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी, जिसे रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी।

### विधि-व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त बलों को वापस करने का आदेश

**रांची (आजाद सिपाही)।** चतरा में नक्सली हमले में दो जवान शहीद होने के बाद पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी जिलों में प्रतिनियुक्त बलों को वापस करने का आदेश दिया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आइजी अभियान ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि झारखंड के विभिन्न जिलों में सुरक्षा-विधि व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त बलों को तत्काल प्रभाव से उनके प्रशिक्षण संस्थान, वाहिनी में वापस करने का आदेश दिया जाता है। 7 जनवरी को चतरा में अफीम फसल नष्ट कर लौट रहे पुलिसकर्मी पर बैरियो जंगल में नक्सलियों ने हमला कर दिया। इसमें सिकंदर सिंह और शुकन राम शहीद हो गये। वही 3 अन्य जवान घायल हो गये। हेमंत सोरेन से इडी की पूछताछ के देखते हुए विधि व्यवस्था को लेकर शहीद जवान को प्रतिनियुक्ति पर चतरा में तैनात किया गया था। बता दें कि हेमंत सोरेन से इडी की पूछताछ को देखते हुए राज्य में कानून-व्यवस्था न बिगड़े, इसको लेकर पूरे राज्य में करीब 7000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी थी। एक फरवरी को अगले आदेश तक प्रतिनियुक्ति अवधि का विस्तार दिया गया था।

### मो महताब को डीआइजी नौशाद ने दी बधाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** मो महताब आलम को झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री बनाये जाने पर डीआइजी कार्मिक नौशाद आलम ने बधाई दी। बता दें कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन 2020 के हुए झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनाव में निर्वाचित हुए संयुक्त सचिव के पद पर मो महताब आलम के बेहतर कार्यों को देखते हुए सर्वसम्मति से झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सभी पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि जब तक झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव नहीं हो जाता है। तब तक बेहतर कार्यों और आगे की रणनीति को देखते हुए पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव के पद पर मो महताब आलम को ही महामंत्री बनाया जाये। इस संबंध में झारखंड पुलिस एसोसिएशन द्वारा अधिसूचना भी जारी की गयी है। महामंत्री बनाये जाने के बाद झारखंड प्रदेश के तमाम झारखंड पुलिस एसोसिएशन के पुलिसकर्मियों के बीच खुशी के लहर है। महामंत्री बनाये जाने के बाद मो महताब आलम ने बताया कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह और पूरी टीम, जिसमें उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय, अरविंद यादव, संयुक्त सचिव रंजन कुमार, संगठन सचिव अंजनी कुमार सहित झारखंड के जितने भी झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सदस्य गण हैं, सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

### 325 परिवार को मिलेगा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महायोजना का लाभ

**रांची (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शुक्रवार को समाहरणालय में परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण संजय कुमार भगत की अध्यक्षता में पीएम-जनमन प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महायोजना की बैठक हुई। योजना के तहत आदिम जनजाति के लोगों के गांव का समग्र विकास के लिए सुरक्षित आवास में बदलने, लाभार्थी के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, गरीब जनजाति के लिए शिक्षा, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पोषण, दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ रोजगार के अवसर साथ ही धन विकास केंद्रों की स्थापना करने को लेकर चर्चा की गयी। परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची की ओर से सभी विभागों के माध्यम से आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए इसपर जल्द से जल्द कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया कि रांची जिला के 325 आदिम जनजातीय परिवारों को इसका लाभ दिया जायेगा। इसके तहत पक्का मकान, गांव की सड़कों से जोड़ने के लिए रोड, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइन द्वारा जलापूर्ति की व्यवस्था, ब्रांडबैंड की व्यवस्था, पांच किलोमीटर की परिधि में स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्युत व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रांची को सर्वश्रेष्ठ रखरखाव वाला स्टेशन का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय रेल में बोर्ड स्तर, जोनल और मंडल स्तर पर रेलवे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मियों को रेल सप्ताह समारोह में सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय गार्डेनरिच कोलकाता में हुए समारोह में महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे अनिल कुमार मिश्रा ने दक्षिण पूर्व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में 68वें रेलवे सप्ताह समारोह के अंतर्गत रांची रेल मंडल को जोनल स्तर के कई पुरस्कार प्रदान किये। रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा की उपस्थिति में रांची रेल मंडल को जोनल स्तर के शील्ड में रांची स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ रखरखाव वाला स्टेशन का शील्ड मिला, जिसे रांची मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार द्वारा पंकच्युलिटी शील्ड, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रेया सिंह द्वारा कार्मिक शील्ड, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर द्वारा ट्रैकशन डिस्ट्रिब्यूशन शील्ड और ओलंपिया कप ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स शील्ड वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता सत्यप्रकाश द्वारा ग्रहण किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्ट कार्य करने वाले रांची रेल मंडल के आठ रेलकर्मी अमलेश कुमार, प्रशांत किसलय, उमेश कुमार, संतोष कुमार बड़ाइक, महेश चंद्र बेदिया, रवि कुमार, शुभा महतो और विशाल कुमार को महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र और नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।




## इक्फाई विवि ने संस्थापक दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने संस्थापक स्वर्गीय एनजे यासास्वी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर और व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। दिन की शुरुआत इक्फाई सोसायटी की अध्यक्ष एन शोभारानी यासास्वी ने की। रिम्स और हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रोफेसर डॉ रमन कुमार झा के गहन विचार से हुई। रक्तदान शिविर के अतिथि डॉ रवि भूषण प्रसाद पांडेय, डॉ सुहास तेतरवे थे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को इक्फाई समूह और इसके संस्थापक के दर्शन के बारे में शिक्षित करना था। यह आयोजन अपने संस्थापक के नाम पर व्याख्यानों की श्रृंखला के माध्यम से इक्फाई समूह के मूल्य को विकसित करने में सफल रहा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो डॉ जेबी पटनायक ने समापन भाषण दिया। कार्यक्रम में डीन प्रो अरविंद कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन डीन डॉ शोवोना चौधरी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।




**राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने पर्यटन से संबंधित सवाल पूछे**

# पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए विरासत अपनायें

**धरोहर-अपनी पहचान परियोजना की शुभारंभः केंद्रीय मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने पर्यटन मंत्रालय से पर्यटन स्थलों के प्रसिद्ध धरोहरों को बढ़ावा देने के लिए उठाये गये कदम से संबंधित जानकारी चाही। श्री प्रकाश ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से पूछा कि पर्यटन मंत्रालय पर्यटक अनुभव को बढ़ावा देने और कम-ज्ञात धरोहर स्थल दोनों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख पहल और कार्यक्रम जैसे एक विरासत को अपनायें। देखो अपना देश का ब्योरा क्या है और घरेलू और विदेशी कार्यालयों के माध्यम से देश भर में पर्यटन स्थलों को किस तरह बढावा दिया जा रहा है।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय ने भारत भर में फैली विरासत-प्राकृतिक, पर्यटन स्थलों पर योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से पर्यटन सुविधाओं का विकास करने और उन्हें पर्यटक अनुकूल बनाने के लिए 27 सितंबर



2017 को एक विरासत अपनायेंः धरोहर, अपनी पहचान परियोजना आरंभ की है। परियोजना के तहत पूरे भारत में 27 स्थलों और दो तकनीकी हस्तक्षेपों के लिए 15 स्मारक मित्रों के साथ 29 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये हैं। बाद में एक विरासत को अपनायें परियोजना के अंतर्गत अपनाये गये केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के लिए हस्ताक्षरित 23 समझौता ज्ञापनों को संस्कृति मंत्रालय-भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को हस्तांतरित कर दिया गया था। पर्यटन मंत्रालय ने शेष 06 हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों के लिए यह परियोजना जारी रखी है।

उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने भारत में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2020 में देखो अपना देश पहल शुरू की थी। पहल का उद्देश्य देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में नागरिकों में जागरुकता पैदा करना, नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव और अपनेपन की भावना पैदा करना और नागरिकों को देश के भीतर व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

श्री रेड्डी ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय के पूरे देश में 20 घरेलू भारत पर्यटन कार्यालय हैं। ये कार्यालय राज्य पर्यटन विभागों और हितधारकों के साथ मिलकर देश भर के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों के कार्यान्वयन से संबंधित मामलों को देखते हैं। पर्यटन स्थलों का संवर्धन डिजिटल और सोशल मीडियाए भारत और विदेशों में आयोजित पर्यटन मेलों में सहभागिता और पर्यटन हितधारकों की भागीदारी से पूरा किया जाता है।

# हजूर साहिब में दखल न दे शिंदे सरकार : तजेंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के अध्यक्ष तजेंद्र सिंह ने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार को तख्त हजूर साहिब नांदेड़ में दखलंदाजी से दूर रहने को कहा है। अकारण गुरुद्वारा एक्ट 1956 को खत्म कर 2024 में नया एक्ट बनाकर तख्त हजूर साहिब की कमेटी में सरकार अपनी सोच थोपने का प्रयास कर रही है, जिसे देश भर की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां इसे सिख धर्म के सिद्धांतों पर प्रहार मानती हैं। सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन सिख समाज की ओर से महाराष्ट्र की शिंदे सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध किया जाता है। अविलंब सरकार को अपना नया एक्ट वापिस लेने का सुझाव देते हैं। राष्ट्र प्रेमी सिख पंथ के धार्मिक मामलों मे गलत नीयत से दखलअंदाजी बंद करे, फिर चाहे वो किसी की भी सरकार हो।



## रद्द दो ट्रेनों का सामान्य परिचालन

**रांची (आजाद सिपाही)।** जबलपुर मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रांची रेल मंडल से होकर परिचालित ट्रेन, जिन्हें रद्द किया गया था, अब अपने निर्धारित समय के अनुसार परिचालित होंगी। शुक्रवार को रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18009 सांतरागाछी,अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन 16 और 23 फरवरी को अपने निर्धारित समय के अनुसार परिचालित होंगी। जबकि ट्रेन संख्या 18010 अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस 11, 18 और 25 फरवरी को अपने निर्धारित समय के अनुसार परिचालित होंगी।

# अब घर बैठे मिलेगा बिजली का बिल

**मार्च से कंज्यूमर को व्हाट्सएप नंबर पर आयेगा बिजली बिल**

**भुगतान की भी मिलेगी सुविधा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेबीवीएनएल मार्च से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए व्हाट्सएप और मैसेज पर भी बिजली बिल उपलब्ध करायेगा। उपभोक्ता व्हाट्सएप चैट के माध्यम से बिजली बिल प्राप्त और भुगतान भी कर सकते हैं। वहीं कोई शिकायत है तो उसे भी दर्ज करा सकते हैं। साथ ही कई अन्य सुविधाओं का लाभ भी उपभोक्ता ले सकते हैं। जेबीवीएनएल के आइटी जीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। मार्च में इसे लांच कर दिया जायेगा। बताया कि उपभोक्ताओं के बिजली बिल की समस्या, गलत बिलिंग की समस्या, समय पर बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत को देखते हुए यह नयी सुविधा शुरू की जा रही है।

### लाभ के लिए केवाइसी अपडेट जरूरी

जेबीवीएनएल लोगों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील कर रहा है। इसका लाभ लेने के लिए लोगों को अपना केवाइसी अपडेट कराना होगा। अपने बिजली बिल में अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराना होगा। मोबाइल नंबर बिजली बिल में ऊर्जा मित्र के माध्यम से या फिर नजदीकी बिजली ऑफिस जाकर उपभोक्ता जुड़वा सकते हैं।

# श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजन अनुष्ठान का आयोजन 14 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बसंत पंचमी पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजन अनुष्ठान का आयोजन 14 फरवरी को प्रातः 8.30 बजे से होगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि संपूर्ण वर्ष में सिर्फ एक बार आयोजित होने वाले इस वसंत उत्सव की श्री श्याम जगत में विशेष मान्यता है। खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार खाटू नरेश को नवीन केसरिया अंग वस्त्र बदली करके नया केसरिया अंग वस्त्र पहनाया जाता है। इसके बाद केसरिया ही नवीन पोशाक नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को भी केसरिया पोशाक पहनाकर बसंती रूप में गर्भ ग्रहों को सजाया जायेगा। पीला गुलाब, पीला स्टार, पीला दलिया, पीला गेंदा फूलों की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश का मनोहरी केसरिया श्रृंगार किया जायेगा। इस दिन खाटू नरेश श्याम रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को भी विशेष केसरिया श्रृंगार किया जायेगा। राजकुमार नारसरिया, उषा नारसरिया, विवेक सोनी नारसरिया परिजनों के साथ वसंत पंचमी उत्सव के सभी सेवा नवीन बागा पोशाक श्रृंगार फल, पंचमेवा, केसरिया मिष्ठान की सेवा निवेदित करेंगे। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि अंगवस्त्र केसरिया कपड़ा को प्रसाद के रूप में भक्तजनों को वितरित किया जायेगा।

### श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम मंडल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर का 19वां स्थापना दिवस 11 फरवरी मनेगा। इसे लेकर मंदिर की साफ-सफाई, साज-सज्जा का कार्य अंतिम चरण में है। साथ ही परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत की रंगीन लड़ियों के साथ रंगीन बैलून और फूलों आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। श्री श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर 11 फरवरी को हरमू रोड स्थित गोशाला में गो पूजन और गो सेवा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। रविवार को 11.30 बजे से मंदिर के निकट शीतल कांप्लेक्स के पार्किंग स्थल पर श्याम भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों भक्तगण श्याम प्रभु का पूर्ण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## हाइकोर्ट ने राहुल गांधी मामले में फैसला सुरक्षित रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुनवाई हुई। न्यायाधीश अंबुज नाथ की कोर्ट में प्रतिवादी नवीन झा की ओर से बहस पूरी हो गयी। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने प्रतिवादी नवीन झा को लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में लोअर कोर्ट का रिकॉर्ड आ चुका है। नवीन झा की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता कुमार हर्ष और अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की। 2018 में दिल्ली में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में नहीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




# भारत मां के तीन सच्चे सपूत को मिला भारत रत्न: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह, स्व नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बू संबाशिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न दिये जाने के निर्णय के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मां के तीन सच्चे सपूत को भारत रत्न देने का निर्णय लिया है, यह ऐतिहासिक क्षण है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक सामान्य किसान परिवार में जन्मे असीम प्रतिभाओं के धनी, भारत के किसानों का मान सम्मान बढ़ाने वाले और लाल किले की प्राचीर से कृषि प्रधान भारत को एक महान राष्ट्र बनाने का सपना देखने वाले स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना बहुत ही खुशी की बात है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आर्थिक सुधारों के अग्रदूत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व नरसिम्हा राव जी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र जीवन के दौरान ही की थी, बहुभाषी के रूप में उनकी क्षमताओं ने उन्हें स्थानीय जनता के साथ जुड़ने में काफी मदद की। प्रधानमंत्री के तौर पर नरसिम्हा राव को मुख्य रूप से उनके द्वारा किये गये सुधारों के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि सेबी अधिनियम 1992 और प्रतिभूति कानून (संशोधन) की शुरुआत हुई, जिसके माध्यम से सेबी को सभी प्रतिभूति बाजार मध्यस्थों को पंजीकृत और विनियमित करने का कानूनी अधिकार प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि संयुक्त उद्यमों में विदेशी पूंजी की हिस्सेदारी पर अधिकतम सीमा को 40 प्रतिशत से बढ़ा कर 51 प्रतिशत करके प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि नयी आर्थिक नीति के अलावा पीवी नरसिम्हा राव ने शीत युद्ध के बाद देश की कूटनीतिक नीति को एक नया आकार देने में भी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हरित क्रांति के माध्यम से भारतीय कृषि में बदलाव लानेवाले प्रख्यात आनुवंशिकीविद् और कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बु संबाशिवन स्वामीनाथन ने अपने पूरे जीवनकाल में एक ऐसी दुनिया की कल्पना के लिए लगातार काम किया, जिसमें कोई भूखी या गरीब आबादी न हो।

### राज्यसभा में जम्मू कश्मीर स्थानीय कानून संशोधन विधेयक पर बोले आदित्य साहू

# पिछड़ों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखना कांग्रेस का स्वभाव

**65 वर्षों तक जम्मू कश्मीर के लोगों ने कांग्रेस का अत्याचार झेला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में प्रस्तुत जम्मू कश्मीर स्थानीय कानून संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान विधेयक के समर्थन में अपनी बात रखी। श्री साहू ने कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 लगाकर कांग्रेस की सरकार ने दशकों तक पिछड़ों को आरक्षण और भारत के संविधान के तहत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रखा। धारा 370 हटने के बाद आज तीन वर्षों में राज्य में 5300 करोड़ की योजनाएं चालू हुई हैं। जम्मू कश्मीर में सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया गया। धारा 370 के कारण स्थानीय निकाय में सीटों के आरक्षण का प्रावधान नहीं था, जिसके कारण लोग अपने अधिकार से वंचित रहे। आज मोदी के नेतृत्व में ही भारत सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का सबका साथ, सबका विकास केवल नारा नहीं बल्कि हकीकत है। मोदी सरकार अपने फैसलों के माध्यम से इसे धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित झारखंड सरकार ने राज्य में पंचायत चुनाव में पिछड़ों को अधिकार से वंचित किया और अब नगर निकाय चुनाव में भी यही होने वाला है। न्यायालय के आदेश के बावजूद झारखंड सरकार ट्रिपल टेस्ट नहीं करा पायी है। हाल ही में उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निकाय चुनाव कराने को कहा है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी17-गुड्सशेड-बीएलएसटी, दिनांक:09.02.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** निम्न के संबंध में एस एंड टी कार्यों का निष्पादन (1) आरएनसी मंडल - हटिया में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (2) आरएनसी मंडल - जीआरई में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (3) आरएनसी मंडल - एमएईएल में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (4) आरएनसी मंडल - टीआईएस में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (5) आरएनसी मंडल - एनकेएम में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (6) आरएनसी मंडल - एलएडी में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (7) रांची स्टेशन पर स्टेशन विकास के लिए 6 अदद प्लेटफ़ॉर्म लाइन (प्लेटफॉर्म सं. 1, 1ए, 2, 3, 4 एवं 5) पर बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान। (8) मुरी स्टेशन पर स्टेशन विकास के लिए 3 अदद प्लेटफॉर्म लाइन (प्लेटफॉर्म सं. 1, 2 एवं 3) पर बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान । **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 2,11,99,435.50। **ईएमडी:** ₹ 2,56,000/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 05.03.2024 को सुबह 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 20.02.2024। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)।

(PR-1123)


# डीएसपीएमयू के विद्यार्थी ने फिर मनवाया प्रतिभा का लोहा

**नासा ने हॉल ऑफ फेम से किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के पांचवें सेमेस्टर के छात्र उमाशंकर उरांव ने अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा की वेबसाइट में बग देखा और इसके लिया नासा के द्वारा उन्हें 'हॉल ऑफ फेम' का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया था। इसके चार दिनों उपरांत पुनः 3 फरवरी को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के ही पांचवें सेमेस्टर के छात्र उज्ज्वल राठौर ने नासा की साइट में बग देखकर इसकी रिपोर्ट की और फिर नासा ने इसे सही मानते हुए उसे हॉल ऑफ फेम से सम्मानित किया। उज्ज्वल ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रेरणा सहयोगी उमाशंकर से प्राप्त हुई। विद्यार्थियों की इस दोहरी उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने उज्ज्वल राठौर को सम्मानित किया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इतने कम अंतराल पर दो विद्यार्थियों का नासा द्वारा हॉल ऑफ फेम से सम्मानित किया जाना इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के परिसर में काफी तीव्रता से एक सकारात्मक अकादमिक परिवेश का निर्माण हुआ है, जो विद्यार्थियों के मन में शिक्षा और शोध की दिशा में कुछ नया करने का जुनून उत्पन्न कर रहा है। कुलसचिव नमिता सिंह ने कहा कि इतने कम अंतराल पर फिर से दूसरे विद्यार्थी को नासा द्वारा सम्मानित किया जाना एक बड़ी उपलब्धि है। इस सफलता पर इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के डॉ अनुपम कुमार, डॉ राहुल देव साह, डॉ राजेंद्र कुमार महतो, डॉ ज्योति बाला और डॉ प्रियरंजन ने उज्ज्वल राठौर को बधाई दी।


**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. SNTCONBBSeOTBDPKEIAlt20, दिनांक : 31.01.2024

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल में बुढ़ापंक-मेरामण्डली के बीच तीसरी और चौथी लाइन के काम के सिलसिले में बुढ़ापंक (BDPK) स्टेशनर पर सिग्नलिंग और टेलीकॉम कार्यों का निष्पादन, महत्वपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति एवं मेधा सर्वो ड्राइव्य प्राइवेट लिमिटेड की इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) की संस्थापना और कमीशनिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत (₹) :** 12,67,62,650/-, EMD (₹) : 7,83,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

**ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 04.03.2024 को 1100 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है। इंटरनेट द्वारा डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज एवं कार्यालय में उपलब्ध मास्टर कॉपी के बीच किसी तरह का अंतर होता है, तो कार्यालय की मास्टर कॉपी मान्य होगी और निविदा आवेदनकारी (ओं) पर बन्धनकारी होगा । इस पर किए गए किसी दावे पर ध्यान नहीं दिया जाएगा ।

डिप्टी चीफ सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर, निर्माण, भुवनेश्वर

PR-123/CG/23-24


## महत्वपूर्ण खबरें

### हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपो 3 मार्च से

रांची (आजाद सिपाही)। हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपो का आयोजन रांची के मोरहाबादी मैदान में 3 से 18 मार्च तक द अशोका हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट्स सोसाइटी के माध्यम से आयोजित किया जायेगा। इस मेले में पूरे भारतवर्ष के कुशल कारीगरों द्वारा हस्तशिल्पियों और हैंडलूम के 350 स्टॉल लगेंगे। इस मेले में आदिवासियों जनजातियों द्वारा भी स्टॉल लगाया जायेगा। यह जानकारी मुख्य संरक्षक राज उरांव, संस्था के सचिव पवन सहगल, अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, संयोजक रोहित चौरसिया, मेला प्रभारी संजीव कुमार गोडाकिया, विकास जयसवाल, प्रेस प्रभारी संजीव शुक्ला ने संयुक्त रूप से दी।

### डीपीएस में विदाई समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। डीपीएस रांची में कक्षा बारहवीं के छात्रों हेतु आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन शुक्रवार को संपन्न हुआ। विद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित इस समारोह का विधिवत शुभारंभ दीप-प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की स्तुति से हुआ। सीबीएसइ की कक्षा बारहवीं की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्रों ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह को पुष्प-गुच्छ भेंट कर विद्यालय के प्रति अपनी कृतज्ञता एवं श्रद्धाभाव को प्रकट किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने कहा कि डीपीएस रांची युगीन चुनौतियों के अनुरुप छात्रों को विश्वस्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हेतु कटिबद्ध है। इस अवसर पर अनेक मनोरंजक स्पधाओं का आयोजन किया गया जिसके आधार पर आर्यमन थापा एवं मुदिता रॉय मिस्टर डीपीएस एवं मिस डीपीएस बने।

### वीवीपीएस स्कूल में दिखा उमंग का इंद्रधनुषी रंग



रांची (आजाद सिपाही)।वीवीपीएस रांची में फेयरवेल फिएस्टा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक युग के अंत को चिह्नित करने के लिए मनाया गया, क्योंकि वे अपनी शैक्षणिक और व्यक्तिगत यात्रा में अगला कदम उठाने की तैयारी कर रहे थे। फेयरवेल उत्सव ने स्कूल, शिक्षकों और साथी छात्रों के लिए अलविदा कहने और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता और समृद्धि की कामना करने का एक अवसर प्रदान किया है। विदाई पार्टी बारहवीं कक्षा की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाने के लिए विभिन्न तत्वों की विशेषता वाला एक महत्वपूर्ण अवसर था। प्रिंसिपल डॉ मनीषा तिवारी ने बारहवीं कक्षा के सभी छात्रों को वीवीपीएस स्कूल के पोषण वातावरण से संभावनाओं और आशाओं से भरे नये क्षितिज की ओर बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

### आदिवासी जमीन पर धारा 144 लगी होने के बावजूद हो रहा है निर्माण

रांची (आजाद सिपाही)।रांची के बूटी मोड़ स्थित मनन विद्या केंद्र स्कूल के समीप आदिवासी जमीन पर कुछ जमीन दलाल पुलिस संरक्षण में मैरेज हॉल का निर्माण करवा रहे हैं। इस संबंध में रांची कोकर के रहने वाले राघव शरण भारती ने शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर इस निर्माण पर रोक लगाने की गुहार लगायी है। राघव ने बताया कि इस जमीन पर धारा 144 भी लगी है। इसके बावजूद बेधड़क निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि मैंने उक्त जमीन मंगरा मुंडा, पिता स्व सुखन मुंडा तथा उनके परिवार के अन्य सदस्य से रजिस्टर्ड लीज के माध्यम से प्राप्त किया था। जिसकी अवधि वर्ष 2005 वर्ष 2010 तक थी इसके बाद एक और एकरारनामा हुआ जिसकी अवधि वर्ष 2010 से वर्ष 2040 तक रखी गयी। जिसका विवरण है: ग्राम डूमरदग्गा, खाता सं 79, प्लाट सं 05, कुल रकबा - 15 कट्ठा। परंतु मंगरा मुंडा ने उसी जमीन को धोखाधड़ी कर के दुसरे व्यक्ति को बेच दिया और उस पर काम करवा रहा है। मैंने इस संबंध में सदर थाना में भी आवेदन दिया था पर थाना द्वारा उन लोगों पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की गयी और ना ही जमीन पर हो रहे काम को रुकवाया गया है। इसके साथ ही उस जमीन से जुड़े जमीन दलालों द्वारा मेरे पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी मिल रही है।

### सीसीएल ने न्यूक्लियस मॉल में एक पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया

रांची (आजाद सिपाही)। 11 फरवरी को होने वाले कोल इंडिया मैराथन के प्रमोशन के लिए शुक्रवार को रांची के न्यूक्लियस मॉल प्रांगण में एक पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसका भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहना की गयी एवं सभी ने इसका खूब आनंद लिया। इस अवसर पर सीसीएल के सीवीओ पंकज कुमार, सीवीओ के निजी सचिव शशांक शेखर, विभागाध्यक्ष(जनसंपर्क) आलोक कुमार सहित जनसंपर्क विभाग के विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं वॉलेंटियर्स उपस्थित थे। उक्त प्रतियोगिता में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने मैराथन के विभिन्न आकृतियों को दर्शाते हुए कई मनमोहक दृश्य अपनी पेंटिंग में उकेरा। कोल इंडिया मैराथन 2024 में भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि पंकज कुमार, सीवीओ, सीसीएल ने प्रतिभागियों की कला की प्रशंसा करते हुए सभी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया।

# नैनो यूरिया के उपयोग से कृषि क्षेत्र में 3.8 प्रतिशत से अधिक उपज: अर्जुन मुंडा

**दीपक प्रकाश ने नैनो यूरिया के लाभ से संबंधित जानकारी मांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से वर्तमान में देश में नैनो यूरिया और संबंधित नीतिगत नवाचारों से किसानों और कृषि क्षेत्र को होने वाले लाभ से संबंधित जानकारी चाही। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने बताया कि आइसीएआर संस्थान और राज्य कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कई स्थानों पर किये गये जैव-प्रभावकारिता परीक्षणों और जैव-सुरक्षा परीक्षण परिणामों के आधार पर भारत सरकार ने नैनो यूरिया को अंतिम रूप से उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 में नैनो नाइट्रोजन उर्वरक के रूप में अधिसूचित किया था। नैनो यूरिया के ये प्रायोगिक परीक्षण विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में धान, गेहूं, सरसो, मक्का, टमाटर, पत्तागोभी, ककड़ी, शिमला मिर्च और प्याज जैसी विभिन्न फसलों पर किये गये थे। अध्ययन से पता चला कि नाइट्रोजन की आधारिक मात्रा के साथ टॉप-ड्रेसिंग के रूप में नैनो यूरिया के दो छिडकाव से नाइट्रोजन की पूर्ण अनुशंसित मात्रा के साथ प्राप्त उपज के बराबर उपज प्राप्त हुई, जिसमें 3.8 प्रतिशत का उपज लाभ और विभिन्न फसलों में 25.50 प्रतिशत की यूरिया की बचत हुई।

### विद्यासागर पूजा क्लब सरस्वती पूजनोत्सव की तैयारी में जुटा, कल होगा वस्त्र वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। सरस्वती पूजनोत्सव की तैयारी जोरों पर है। शुक्रवार को विद्यासागर पूजा क्लब कैलाश बाबू स्ट्रीट नियर टैक्सी स्टैंड में विक्रम सिंह एवं शिवम कुमार की अध्यक्षता में एक वार्षिक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से पूजा पर चर्चा हुई और निर्णय लिया कि 11 फरवरी को 1000 महिलाओं बीच वस्त्र वितरण किया जायेगा। वहीं कमेटी विस्तार किया गया इसमें अध्यक्ष विकास कुमार, महासचिव सनी कुमार, संगठन सचिव कौशल साहू, महामंत्री अमन वर्मा, उपाध्यक्ष बंटी साहू, राजदेव, प्रशांत वर्मा, चंचल कुमार, अक्षत सोनी, सचिन, उत्कर्ष तिवारी, सहसचिव राज चक्रवर्ती, पीयूष सिंह, आदित्य सिंह, मंत्री अनिरुद्ध वर्मा, शेखर वर्मा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, सचिन वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद गुप्ता, सिद्धांत श्रीवास्तव एवं महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष कुमारी, केंद्रीय महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पल्लवी प्रसाद, उपाध्यक्ष सुधा देवी, अंजली वर्मा, महासचिव सोनी कुमारी, महामंत्री गीत दे, केंद्रीय संगठन सचिव प्रीति देवी, जिला समिति अध्यक्ष शकुंतला देवी, उपाध्यक्ष कुसुम देवी, सचिव रचना देवी, उपाध्यक्ष तारा देवी, रिंकी देवी, महानगर महिला समिति अध्यक्ष अंजली देवी, उपाध्यक्ष नीतू देवी, साक्षी कुमारी, रिंकी गुप्ता, महासचिव रंजन चौधरी, सहसचिव प्रिया कुमारी, जानवी दे, स्वाति कुमारी, प्रिया तिवारी, संगठन सचिव ललिता देवी, संगठन सचिव सेजल कुमारी, मंत्री विजय सिंह, अंजली वर्मा, सचिव सुधा पाल, युवा समिति अध्यक्ष आर्यन रजक, कार्यकारिणी अध्यक्ष अभियान कुमार, उपाध्यक्ष कार्तिक रजक और मयंक वर्मा को सर्वसह्मत्ती से समिति से चुना गया। इस मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक बीके जायसवाल, विष्णु राम वर्मा, गोपाल ठाकुर, उमाशंकर दास, ओम प्रकाश साहू, मुन्ना चौरसिया, अधिवक्ता राजन सहाय, विश्व रूप दे, दीपक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 17 मार्च को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान में 17 मार्च को रांची में राजस्थान के खाटू श्री श्याम जी की परंपरा के अनुसार श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी के विकास विद्यालय से शुरू हो कर श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमु रोड़ में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त होगी। ज्ञात हो कि खाटू धाम में यह परंपरा है कि श्याम भक्त बाबा श्याम की ध्वजा निशान यात्रा 17 किमी की पदयात्रा कर बाबा श्री श्याम को समर्पित करते है। मान्यता है कि जो भी भक्त श्री श्याम प्रभु की निशान को अपनी मन की बात कहता है, और उसे सच्चे विश्वास से श्री श्याम प्रभु को अर्पित करता है तो बाबा उन भक्तों की सारी मुरादें पूरी करते हैं। इसी परंपरा के अनुसार रांची में दो वर्षों से श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति द्वारा यह आयोजन हो रहा है। 17 मार्च को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा के सफल आयोजन के लिए अतिशीघ्र बैठक किया जायेगा।

# अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी : ललित पोद्दार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2024-26 की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता मे हुई। इस बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन के विगत संपूर्ण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि मारवाड़ी सम्मेलन दो वर्षों में सामाजिक एवं जनसेवा के कार्य वृहद स्तर पर करेगी। मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित दो अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलता रहेगा। एक चलंत अन्नपूर्णा सेवा प्रारंभ करने का भी विचार किया गया। संगठन को मजबूत एवं विस्तार करने के लिए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन जिले में तीन-चार शाखाओं का गठन करेगा। बैठक में संयुक्त महामंत्री कौशल कुमार राजगढ़िया ने विगत आमसभा एवं जिला अधिवेशन की कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती ने आय-व्यय का ब्योरा की पूर्ण जानकारी दी। बैठक का संचालन महामंत्री विनोद कुमार जैन ने तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने किया। बैठक में भागचंद पोद्दार, राजकुमार केडिया, रमाशंकर बगड़िया, कमल कुमार केडिया, नंदकिशोर पाटोदिया, ओम प्रकाश अग्रवाल, विनोद जैन, सुरेश अग्रवाल, किशन साबू, प्रमोद अग्रवाल, मनोज चौधरी, संजय सर्राफ, रमेश शर्मा, कौशल राजगढ़िया, कमल कुमार जैन, पवन पोद्दार, नरेंद्र गंगवाल, निर्भय शंकर हरित, कमलेश संचेती, अशोक नारसरिया, महेंद्र कुमार जैन, सुरेश कुमार जैन, कैलाश सिंघानिया, ज्योति बजाज, पवन शर्मा, राजेश भरतिया, अनिल कुमार अग्रवाल, मनीष लोधा, नरेश बंका, राजेंद्र केडिया, सुनील पोद्दार, अजय डीडवानिया, प्रमोद बगड़िया, मुकेश अग्रवाल, मनोज रूईया, अमर अग्रवाल, प्रकाश चंद्र नाहटा, उम्मेदमल जैन, दीपेश निराला मौजूद थे। उक्त जानकारी जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

# रांची यूनिवर्सिटी का रीझ-रंग 2024 यूथ फेस्ट

**बिखरा संस्कृति का रंग, लगा डांस का तड़का, ऐसे आयोजन से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है: कुलपति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल रीझ रंग-2024 का आगाज हुआ। शुक्रवार को आर्यभट्ट सभागार में कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने रीझ रंग यूथ फेस्टिवल का रंगारंग उद्घाटन किया। कुलपति डॉ सिन्हा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार छात्रों को विकसित भारत 2024 के थीम पर सारे कार्यक्रम करने हैं, ताकि वे आने वाले भविष्य के लिए चीजों को समझ कर काम कर सकें। रांची विवि के विभिन्न पीजी विभागों, मारवाड़ी कॉलेज, आरएलसवाइ, जेएन कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, बेड़ो कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, योगदा और अन्य कॉलेजों से आये छात्रों ने विभिन्न इवेंट्स में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस यूथ फेस्ट में विभिन्न कॉलेजों के विजयी प्रतिभागी छात्रों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले दिन आर्यभट्ट सभागार में डांस इवेंट में छात्रों ने अद्भुत समा बांधा। झारखंड की विभिन्न नृत्य शैलियों की प्रस्तुति देकर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं पीएफए डिपार्टमेंट में पोस्टर मेकिंग, रंगोली मेंहदी जैसे इवेंट आयोजित हुए। आइएलस विभाग में संगीत की कई विधाओं की स्पर्द्धा आयोजित की गयी। संगीत के विभिन्न इवेंट्स में छात्रों ने अपने प्रदर्शन से जजों को बहुत प्रभावित किया। मास कॉम डिपार्टमेंट में काव्य पाठ, डिबेट और स्पॉट फोटोग्राफी इवेंट का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने अच्छी प्रस्तुति दी। दस फरवरी को रीझ रंग यूथ फेस्ट क्विज, वन एक्ट प्लेस्किट्स, माइम, मिमिक्री, स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, मॉडलिंग, इंस्टालेशन जैसे इवेंट आयोजित किये जायेंगे। इस यूथ फेस्ट के विजयी छात्रों की रांची विश्वविद्यालय की टीम इस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में भाग लेने जायेगी।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 14665308P दिनांक 25.01. 2024 मैं सुनीता मिंज, पति अनिल भगत, ग्राम - चौकनी, पो0- हेसवे, थाना - सेन्हा, जिला - लोहरदगा-835302 झारखण्ड राष्ट्रीयता-भारतीय, शपथ पूर्वक निम्न करती हुँ कि मेरे पति का सर्विस बुक में मेरा नाम सुनीता मिंगे अंकित है जो कि गलत है मेरा सही एवं वास्तविक नाम सुनीता मिंज है जो मेरे सभी कागजात ,आधार कार्ड, वोटर आईडी में है । अतः दोनो नाम एक ही महिला का है जो मै स्वयं हुँ ।

**AFFIDAVIT**



SANU SINGH

As per Affidavit Ref. No. 0301 Dated 08.02.2024 I Amit Kumar Singh S/o Virendra Kumar Singh R/o. Ward No 3, Vill & Po.- Bhawanathpur, Ps. Bhawanathpur, Dist. Garhwa, Jharkhand - 822112, Do Hereby Solemnly affirm and declare as follows : 1. that I am an indian citizen and resident of the aforsaid address 2. that sanu singh is my son which is mentioned in his birth certificate vide registration No. B-2023:20-00012-000027 Dated 02.05.2023 issued by gram panchayat bhawanathpur, and all shool certificates. 3. That in the Adhar Card No. 9537 1064 4855 where in his name is mentioned Tejas Singh. 4. That this affidavit is sworn for correction of my son's name from Tezas Singh to Sanu Singh in his Adhar Card hence this affidavit made.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Dated 30.01.2024 I, Umesh Yadav s/o Bajo Yadav, aged about 35 years, by faith-Hindu, by profession- Cultivation, Nationality- Indian, resident of Village-Pandeydih, Markacho, P.O.-Markacho, P.S.- Markacho, District-Koderma, State- Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That I am permanent resident of the aforesaid address. 2. That my name mentioned in Aadhaar No. 9964 9151, 1041, Voter Identity Card No. KFR6723043 and Pan Card No. BGYPY8082P is Umesh Yadav but my name mentioned in L.I.C. Policy, Branch Jhumri Telaiya, bearing Policy No. 545014492 is Rajendra Yadav. 3. That Umesh Yadav @ Rajendra Yadav is my name and I am known by both the name in my locality. 4. That above both the names belongs to me is one and same person. 5. That my father also known by two names Bajo Mahto @ Bajo Yadav. 6. That above said in L.I.C. Policy my name is Rajendra Yadav be deleted and on its place my name Umesh Yadav be inserted. 7. That all the contents made in this affidavit are true and correct. If found false one to six, fully liability by me.

# दिल्ली में धरना और प्रदर्शन

दक्षिणी राज्यों की ओर से वित्तीय पक्षपात की शिकायत करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन गंभीर घटना है। हालांकि इसके पीछे कुछ भूमिका राजनीति की भी हो सकती है, लेकिन फिर भी यह ऐसा मसला नहीं है, जिसे किसी भी तर्क से किसी एक पक्ष को दोषी ठहराते हुए खत्म मान लिया जाये। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और कांग्रेस विधायकों के साथ धरना दिया। उसी जगह पर केरल के मुख्यमंत्री ने गुरुवार को धरना दिया। उनके साथ दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री के अलावा वाम दलों के दूसरे बड़े नेता तो थे ही, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारुख अब्दुल्ला भी थे। यानी यह किसी एक राज्य के मुख्यमंत्री का प्रदर्शन भर नहीं रहा। प्रदर्शन पर भले दो राज्यों के मुख्यमंत्री बैठे हों, ऐसी शिकायतें दूसरी तरफ से भी आ रही हैं। दक्षिणी राज्यों की ही बात करें तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी ऐसी शिकायतें करते रहे हैं। उन्होंने इसी सप्ताह केरल के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर उनके प्रदर्शन के प्रति अपना समर्थन जताया। साउथ के ये तीनों राज्य मिलती-जुलती सी शिकायतें पेश कर रहे हैं। मुख्य रूप से उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने उनके कर्ज लेने पर पाबंदियां लगा दी हैं और 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के चलते उन्हें मिलने वाला फंड भी कम हो गया है। ध्यान रहे केंद्र पर फंड मुहैया कराने में पक्षपात का आरोप अन्य राज्य भी लगा रहे हैं। मसलन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केंद्र पर मनरेगा का फंड रोकने का आरोप लगाते हुए इसी महीने की दो तारीख को कोलकाता में धरने पर बैठी थीं। मगर साउथ के राज्यों से उठती आवाजें अलग संदर्भ ले रही हैं। दक्षिणी राज्यों में 2026 में जनगणना के बाद प्रस्तावित डीलिमिटेशन को लेकर भी चिंता है। उत्तर भारत के राज्यों में जनगणना तेजी से बढ़ी है, जबकि दक्षिणी राज्यों की जनसंख्या 1970 के बाद से ही कमोबेश स्थिर रही है। ऐसे में माना यह जा रहा है कि डीलिमिटेशन की वजह से लोकसभा में उत्तर भारत की सीटों की संख्या दक्षिण के मुकाबले बहुत ज्यादा हो सकती है। इसे उत्तर के संभावित वर्चस्व के रूप में पेश करने की कोशिश कुछ हलकों में हो रही है। हालांकि इन सभी शिकायतों के जवाब में केंद्र सरकार के अपने तर्क हैं, लेकिन इन विरोध-प्रदर्शनों से एक परसेप्शन बन रहा है, जिसके निहितार्थ चुनावी राजनीति से आगे जाते हैं। इसलिए केंद्र सरकार का यह कहना काफी नहीं कि राजनीतिक कारणों से देश को उत्तर और दक्षिण में बांटा जा रहा है। इसमें सच का अंश हो, तब भी राज्यों को विश्वास में लेने और लेते हुए दिखने के विशेष प्रयास समय रहते होने चाहिए।

**दिल्ली के जंतर-मंतर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और कांग्रेस विधायकों के साथ धरना दिया। उसी जगह पर केरल के मुख्यमंत्री ने गुरुवार को धरना दिया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किये गये निरंतर प्रयासों से इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है। सरकार भौगोलिक और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का डट कर सामना करते हुए विकास एवं समृद्धि के राजमार्ग तैयार कर रही है। अरुणाचल के किबिथू को देश के अंतिम गांव के बजायभारत के पहले गांव और राष्ट्रव्यापी वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के लॉन्च पैड के रूप में पुनर्कल्पित करना उत्तर-पूर्वी क्षेत्र एवं इसके सुदूरवर्ती इलाकों के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।**

# उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विकास की एक नयी सुबह



**जी. किशन रेड्डी**



उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के अनूठेएवं खूबसूरत पहाड़ों व घाटियों में बदलाव की बयार बह रही है। दस वर्षों के अथक प्रयासों के बाद, यहां शांति और विकास का एक नया युग शुरू हुआ है। जब माननीय प्रधानमंत्री ने इन आठ राज्यों को भारत की अष्टलक्ष्मी, विकास और समृद्धि का अग्रदूत कहा, तो पहली बार इनकी अंतर्निहित क्षमताओं को स्वीकार किया गया। इस क्षेत्र मेंतेज गति से स्थापित होती सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के जरिए इतिहास रचा जा रहा है। जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है, तो ये अवसंरचनाएं शेष भारत में उपलब्ध विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे जैसी ही हैं। यहां का युवा अब बंद, चक्का जाम और हड़ताल से परेशान नहीं हैं, बल्कि अब उनके सपने पहले से कहीं ज्यादा सच हो रहे हैं। व्यापार को आसान बनाया गया है और पर्यटकों के लिए आकर्षण के नये केंद्र बनाये गये हैं। यह सब बेहतर कनेक्टिविटी के कारण संभव हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, अपने आप में, अभूतपूर्व राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रेरणादायक समर्पण और प्रत्येक भारतीय के लिए बेहद प्रिय एक लक्ष्य के सामूहिक स्वामित्व की गाथा है और वह लक्ष्य है-भारत के ईशान कोण में प्रगति व विकास की एक नयी सुबह की शुरुआत! जैसा कि गृह मंत्री ने हाल ही में संपन्न एनइसी की 71वीं पूर्ण बैठक के दौरान सही ही कहा है किपिछला दशक उत्तर-पूर्वी भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय रहा है। इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण ने न केवल इस क्षेत्र में संघर्ष-केंद्रित-प्रशासन के पारंपरिक मॉडल की अवधारणा को तोड़ कर शासन के विकास-उन्मुख मॉडल को खड़ा किया है, बल्कि एक मजबूत एवं अपेक्षाकृत अधिक एकजुट भारत को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक और सामाजिक एकीकरण के बीज बोये हैं। हाल ही में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पहली अंतर्राष्ट्रीय रेलवे कनेक्टिविटी, अगरतला-अखौरा रेल लिंक को हरी झंडी दिखाना, इस बात का गौरवपूर्ण उदाहरण है कि कैसे एक समय उपेक्षित रहा भारत का यह सुदूरवर्ती इलाका अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पर्यटन मानचित्र पर उभर आया है।

**नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने आधी लड़ाई जीत ली है।**

जीवंत संस्कृतियों और प्रचुर संसाधनों से लैस भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, एक ऐसा इलाका है, जिसने काफी लंबे समय तक राजनीतिक उदासीनता का दंशझेला है। वास्तविक प्रतिबद्धता की कमी को छुपाने के लिए अक्सर हिंसा और अस्थिरता को एक सुविधाजनक ओट के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और सिद्धांत एवं व्यवहार के बीच की बड़ी खाई बिल्कुल स्पष्ट दिखायी देती थी।

हालांकि, पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किये गये निरंतर प्रयासों से इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है। सरकार भौगोलिक और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का डट कर सामना करते हुए विकास एवं समृद्धि के राजमार्ग तैयार कर रही है। अरुणाचल के किबिथू को देश के अंतिम गांव के बजायभारत के पहले गांव और राष्ट्रव्यापी वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के लॉन्च पैड के रूप में पुनर्कल्पित करना उत्तर-पूर्वी क्षेत्र एवं इसके सुदूरवर्ती इलाकों के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

वर्ष 2014 के बाद से 50 से अधिक मंत्रालयों द्वारा क्षेत्रीय विकास में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ, यह क्षेत्र विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्ष 2014 से, यहां एक वित्तीय क्रांति जारी है, जिसके तहत 54 केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा व्यय में 233 प्रतिशत की भारी वृद्धि (2014 में 24,819 करोड़ से बढ़ कर 2023 में 82,690 करोड़) या डोनर मंत्रालय के लिए बजट आवंटन में 152 प्रतिशत की वृद्धि (2014 में 2,332 करोड़ रुपये से बढ़ कर 2023 में 5,892 करोड़) की गई है। यह तथ्य एक ऐसे ठोस वित्तीय परिदृश्य की ओर इंगित करता है, जो परिवर्तनकारी एजेंडे को बढ़ावा देता है। हालिया पीएम-डिवाइन योजना, जिसमें विभिन्न राज्यों की जरूरतों के लिए 6,600 करोड़ रुपये की सहायता का वादा किया गया है, इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में परिवहन से परिवर्तन के अपने दृष्टिकोण को साझा किया था। आज 10 साल बाद हम उनके इस दृष्टिकोण को अद्भुत रूप से साकार होते देख रहे हैं। कनेक्टिविटी अब सबसे गतिशील क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। चाहे वह 75 वर्षों में मणिपुर में पहली माल ढुलाई से संबंधित कनेक्टिविटी हो या 100 वर्षों के बाद नागालैंड में राज्य के दूसरे रेलवे स्टेशन की स्थापना हो या कई राज्यों से पहली बार हवाई सेवाओं का उड़ान भरना हो या 75 वर्षों में पहली मालगाड़ी का 2022 में मणिपुर पहुंचना हो याफिर दुनिया के सबसे ऊंचे गर्डर रेल ब्रिज के साथ जिरीबाम-इम्फाल रेलवे लाइन पर 141 मीटर ऊंचे पाये का निर्माण, एनइआर में कनेक्टिविटी में सुधार विस्मय एवं प्रेरणा का विषय रहा है।

वर्ष 2014 से पहले विशाल भारतीय रेलवे कभी भी गुवाहाटी या त्रिपुरा से आगे नहीं बढ़ पाई थी, लेकिन आज इसका नेटवर्क दूर-दूर तक फैला हुआ है और सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने की योजना लगभग पूरी होने वाली है तथा स्वीकृत किये गये सेक्शनों में 170 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हुई है, जो प्रति वर्ष औसत से दोगुने से भी अधिक है (यूपीए-2 अवधि के दौरान 66.6 किलोमीटर प्रति वर्ष से बढ़ कर वर्तमान में 179.78 किलोमीटर प्रति वर्ष)। राजनीतिक इच्छाशक्ति और सहयोग के भरोसे आये एक उल्लेखनीय वित्तीय उछाल ने इस बदलाव को संभव बनाया। यूपीए-2 युग की तुलना में वार्षिक बजट आवंटन में 384 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 9,970 करोड़ रुपये हो गयी।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह प्रसिद्ध कथन कि अमेरिका की सड़कें इसलिए अच्छी नहीं हैं, क्योंकि अमेरिका अमीर है, बल्कि अमेरिका अमीर इसलिए है, क्योंकि अमेरिका की सड़कें अच्छी हैं, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बिल्कुल सटीक तरीके से चरितार्थ होता है। एनइआर के विकास को प्राथमिकता देने के साथ, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकल गया है। इस सरकार के तहत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कार्य दोगुना से अधिक हो गया है, जो यूपीए सरकार के तहत प्रतिदिन केवल 0.6 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग से बढ़ कर 2014 से 2019 के बीच 1.5 किलोमीटर हो गया है।

परिणामस्वरूप आजादी के बाद से 2014 तक, एनइआर में केवल 10,905 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे, लेकिन केवल 10 वर्षों की अवधि में, 2023 तक यह आंकड़ा बढ़ कर इस क्षेत्र में 16,125 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग हो गया। आज 1.11 लाख करोड़ रुपये की लागत से 5,388 किलोमीटर की विभिन्न परियोजनाओं पर काम चल रहा है! इसी तरह 2014 के बाद से आठ नये हवाई अड्डों के निर्माण के साथ हवाई कनेक्टिविटी को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है। क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी योजना एनइआर में हवाई यात्रा की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुई है, जो चुनौतीपूर्ण मार्गों के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण की पेशकश करती है। उड़ान योजना के तहत आज 64 नये मार्गों पर परिचालन शुरू किया गया है। पहली बार, प्रत्येक राज्य में एक सक्रिय हवाई अड्डा उपलब्ध है। हाल ही में पाकयोंग, उमरोई और ईटानगर जैसे हवाई अड्डे पर हवाई सेवाएं शुरू हुईं हैं। नदियां, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाती हैं। विभाजन से पहले कई नौगम्य परिवहन मार्ग उपलब्ध थे, जिससे माल तक पहुंचना सुलभ था। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के टूट जाने से लोगों के लिए आर्थिक अवसर समाप्त हो गये। आश्चर्यजनक रूप से, अंतर्देशीय जलमार्ग संपर्क को बहाल करने में सात दशक लग गये। कुल 19 नये राष्ट्रीय जलमार्ग (2014 तक केवल एक के साथ) और बांग्लादेश के साथ अंतर्देशीय जल परिवहन (आइडब्ल्यूटी) प्रोटोकॉल तथा चटगांव एवं मोंगला बंदरगाहों के उपयोग सहित विभिन्न द्विपक्षीय समझौते, आसियान और पड़ोसी देशों के साथ व्यापार को आगे बढ़ाते हुए नये आर्थिक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेंगे। चूंकि कनेक्टिविटी के बदलते प्रतिमान आर्थिक परिदृश्य से कहीं आगे तक जाने वाले लाभों के साथ जबरदस्त प्रभाव पैदा करते हैं, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र न केवल बुनियादी ढांचे के मामले में समृद्ध हो रहा है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं को भी निखार रहा है। उभरते उद्यमियों से लेकर विश्वस्तरीय खेल सितारों तक, इस क्षेत्र में अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। मणिपुर में देश का पहला खेल विश्वविद्यालय और 2018 से खेलो इंडिया के तहत पर्याप्त आवंटन जैसी पहल इस क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं का निखारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके अलावा, दिसंबर 2022 तक लगभग 4000 स्टार्टअप का पंजीकरण और 670 करोड़ से अधिक के माइक्रोफाइनेंस ऋण की मंजूरी उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के भीतर त्वरित विकास और व्यापक संभावनाओं को रेखांकित करती है।

पिछले दशक में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में हासिल की गयी प्रगति ने इस क्षेत्र को भारत के एक सुदूरवर्ती इलाके से बदल कर विकास के नये इंजन के रूप में स्थापित कर दिया है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में आयी क्रांति ने ऐसे रास्ते खोले हैं, जिन पर पहले कभी ध्यान भी नहीं दिया गया था। आज हम इस क्षेत्र के पर्यटन, अर्थव्यवस्था, कृषि-आधारित उद्योग, सेवा क्षेत्र की संभावनाओं एवं युवा श्रमशक्ति, प्राकृतिक व जैविक खेती, नवीकरणीय ऊर्जा और दशकों तक अछूते रहे कई अन्य क्षेत्रों का दोहन करके इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के विभिन्न मोर्चों पर एक साथ काम कर रहे हैं। हमने इस क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है तथा अभी कई और उपलब्धियां हासिल करनी हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने आधी लड़ाई जीत ली है। निम्नलिखित पंक्तियां भारत के पूर्वोत्तर में एक नई सुबह के प्रति हमारी दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं:-

**एक नयी सुबह को गले लगाते हुए, एक**
**यात्रा को इतना उज्ज्वल बनाते हुए,**
**उत्तर-पूर्व की यात्रा, एक चमकता**
**हुआ प्रकाश स्तंभ**
**ऊंची उड़ान भरने को उत्साहित,**
**महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित,**
**उत्तर-पूर्व विकास की एक ऐसी गाथा**
**है, जो सुनायी जानी है।**

**(लेखक, भारत सरकार के केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

## होटल स्काईलार्क के कर्मचारी ने छलांग लगा कर की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई स्टेशन रोड स्थित होटल स्काईलार्क के चौथे तल्ले से एक कर्मचारी ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गया। उधर जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जुगसलाई पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। होटल के मैनेजर नरेंद्र नाथ दास के अनुसार जादूगोड़ा निवासी कार्तिक पात्रों सुबह से भी बेचैन था। शुक्रवार को सुबह सभी काम में था उस दौरान मौका पाकर कार्तिक ने ऊपर से चलांग लगा दी। नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। जुगसलाई प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि 40 वर्षीय कार्तिक पात्रों ने कूदकर आत्महत्या की है। आत्महत्या के पीछे कारणों का जांच चल रही है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कारवाई कर रही है।

## मध्य विद्यालय में मातृ पितृ पूजन का आयोजन



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। श्री श्री योग वेदांत सेवा समिति जमशेदपुर के द्वारा केबुल बस्ती सी पी समिति मध्य विद्यालय के सभागार में विधालय के बच्चो और अभिभावकों के संग मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय के बच्चो ने अपने माता पिता को तिलक,वंदन,माला पहना कर आरती करते हुए मातृ पितृ पूजन कर आशीष लिया। बदले पर माता पिता ने भी अपने बच्चो को स्वस्थ रहते हुए शिक्षित होकर राज्य व देश का नाम रोशन करने के लिए आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा विधालय सिर्फ शिक्षा का मंदिर ही नही संस्कार, संस्कृति और सभ्यता का ज्ञान अर्जित करने का केंद्र भी है। दिनेश कुमार ने कहा माता पिता पाल पोस कर बच्चो को बड़ा करते है। बच्चे बड़े होने के बाद अपने माता पिता को यह कहते हुए भी सुनाई देते है की आपने मेरे लिए क्या किया। पूरे भारत में वृद्ध आश्रम की संख्या में बढ़तोरी हो रही। यह हमारे संस्कृति के लिए घातक है। बूढ़े होने पर माता पिता को बच्चो की जरूरत रहती है। इसलिए माता पिता के प्रति प्रेम और ध्यान हमेशा बने रहना चाहिए। मौके पर योग वेदांत सेवा समिति की अर्चना सिंह ने बच्चो को मातृ पितृ पूजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा पौराणिक कथा में भी यह बताया गया शिव पार्वती की पूजा भगवान गणेश ने ब्रम्हांड पूजा के रूप में की थी। इसलिए साल में पहली पूजा भगवान गणेश की करने का परंपरा है। कार्यक्रम का संचालन अर्चना सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानध्यापक अमित कुमार सिंह ने किया। मौके पर महासचिव परमानंद कौशल, संगीता श्रीवास्तव,गिरधारी साहू, त्रिलोचन कौर,सीमा,अर्चना सिंह, संगीता मेरी सुरेन,अनुशिया कुमारी,रोशनी राय,हीरादास मानिकपुरी,अर्चना कुमारी सहित स्कूल के सैकड़ो बच्चे व उनके अभिभावक शामिल रहे।

## जमशेदपुर के सांसद ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत क सेंट्रल रोड इनफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआइएफ) से कई प्रमुख सड़कों का निर्माण करने की मांग की है। सांसद श्री महतो ने कहा कि इन सड़कों की स्थिति अत्यंत जर्जर है एवं यह उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जिन सड़कों की सूची सांसद श्री महतो ने समर्पित किया है। उनमें मुख्य रूप से पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत बेलटांड़ रघुनाथपुर मुख्य पथ से जाल्ला कॉलेज चौक से कमलपुर सारंगीडीह बांगुड़दा होते हुए कुमीर पश्चिम बंगाल सीमा तक पथनिर्माण, चाकुलिया बेंद मुख्य सड़क से मिश्रीकांटा बड़सोल होते हुए बेंगाम तिलबानी शांतिनगर तक पथ निर्माण, एनएच-6 कालियाडिंगा से चित्रेश्वर, रांगुनिया, कुमारडूबी होते हुए एनएच- 6 जगन्नाथपुर तक पथ निर्माण, एन एच-18 महेशपुर से ज्योतिपहाड़ी, पुलिया, जामबनी अंगारपाड़ा आदिवासी टोला होते हुए बालीजुड़ी पहाड़पुर तक पथ निर्माण, कटीन मोड़ से हुडुंमबिल भाया समरजोड़ा, दांदूडीह रोड तक पथ निर्माण और कांकीडीह से बनकुचिया भाया कुमीर तक पथ निर्माण मुख्य रूप से शामिल है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें आश्वस्त किया कि इन सभी सड़कों के संबंध में समुचित कार्रवाई शीघ्र की जायेगी।

## चंदनकियारी के विकास के लिए आजसू कार्यकर्ता कमर कस लें : उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आजसू की कुसुमक्यारी पंचायत की बैठक शुक्रवार को चंडी पर फुटबाल मैदान में हुई। जिसमें शामिल पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी के विकास के लिए बहुत काम करना है।कहा कि छोटे पुल, सड़क के शिल्यानाश से राष्ट्रीय स्तर पर चंदनकियारी की पहचान नहीं बना सकते। इसके लिए शिक्षा, चिकित्सा, उद्यौगिक संस्थान की भरमार होनी चाहिए। जहां रोजगार सुलभ प्राप्त हो, उचित मजदूरी मिले, शिक्षा, चिकित्सा सस्ती हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि सचेत रहे, चंदनकियारी में दुष्प्रचार अधिक हो रहा है। वास्तविक राजनीति को तिलांजलि दे दी गई है। उसे जिंदा सिर्फ आजसू ही रख सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेन सिंह ने किया। मौके पर अनवर अंसारी, सपन महतो, हासिम अंसारी, गंगाधर राय, आवेदिन अंसारी, दिलीप सिंह, हानिफ अंसारी, पहलू महतो, बलराम मोदी, सुखदेव राय, तुलसी राय, हीरा लाल रजवार, दिलचांद मोदी, सुशील राय, अनाथ बंधू राय, भागवत दास और स्वपन कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## एसडीओ ने क्षेत्र में फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ की चर्चा



आदित्यपुर(आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले एसडीओ कार्यालय में कांड्रा और आसपास स्थित गांव में फैलने वाले प्रदूषण को लेकर बैठक की गयी। शुक्रवार को बैठक के दौरान अमलगम स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, नीलांचल आयरन प्राइवेट लिमिटेड, आधुनिक पॉवर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड कंपनी, प्रदूषण विभाग के पदाधिकारी ने ग्रामीण शामिल रहे। मौके पर कांड्रा के आसपास क्षेत्र में फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ बिंदुवार चर्चा की गई। एसडीओ पारुल सिंह ने प्रदूषण फैलने वाले कंपनी के पदाधिकारी को सख्त निर्देश दी। ग्रामीणों के अनुसार कई वर्षों से कांड्रा के स्थानीय लोग प्रदूषण से ग्रसित हो रहे है, जिसके कारण ग्रामीणों का जीवन अस्त व्यस्त होने लगा है।प्रदुषण इस कदर फैल चुकी है पेड़- पौधों, घरों की छतों, खेतों, तालाबों विद्यालयों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जिसमें घर में रहने वाले व्यक्ति बीमारी से ग्रसित होरहे। सड़क से आयरन ओर, कोल एवं फ्लाई ऐश ले जाने वाली ट्रैके हमेशा ओवरलोडेड होती हैं। ओवरलोड वाहनों में तिरपाल भी नहीं ढका होता। जिसके कारण सड़कों पर डस्ट हमेशा गिरता रहता है। जो प्रदुषण का मुख्य कारण बनता जा रहा है। लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होते है। सड़क के दोनों ओर दूकानों और होटलों में ग्राहकों तथा दुकानदारों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पर रहा हैं। फिलहाल एसडीओ ने प्रदूषण विभाग के पदाधिकारी को जांच करने का निर्देशित दिया। एसडीओ ने शनिवार को अहले सुबह कांड्रा के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर जांच करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया।

## पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लेने डोबो पहुंचे कुणाल षाड़ंगी



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के डोबो काजू बागान में चल रहे पातालेश्वर शिव महापुराण कथा के समापन के दिन पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने अंतराष्ट्रीय कथावाचक, भागवत भूषण सीहोर वाले पूज्य गुरूजी पंडित प्रदीप मिश्रा जी का आशीर्वाद लिया। शुक्रवार को श्री षाड़ंगी ने लाखों श्रद्धालुओं के संग बैठकर शिव महापुराण कथा का श्रवण किया। इस दौरान कुणाल षाड़ंगी ने भोले बाबा के दरबार में माथा टेककर जमशेदपुर सहित पूरे झारखंडवासियों के सुख समृद्धि और संपन्नता की कामना की।

# मुख्यमंत्री चंपाई का गढ़वा आगमन आज

**सभी जरूरतमंदों को मिलेगा अबुआ आवास, कोई भी जरूरतमंद नहीं रहेंगा वंचित : मिथिलेश ठाकुर**

**अबुआ आवास के 28903 लाभुकों को मिलेगा स्वीकृति पत्र।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का गढ़वा में शनिवार को पहली बार आगमन होगा। मुख्यमंत्री श्री सोरेन गढ़वा से ही अबुआ आवास योजना की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री यहां पलामू प्रमंडल के 28903 अबुआ आवास योजना के लाभुकों का प्रथम किस्त की राशि जारी करेंगे। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का मां गढ़देवी की धरती पर गढ़वा में पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत किया जायेगा। झामुमो के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को बेहतर और भव्य बनाने में लगे हुए हैं। यहां सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करेंगे। विधायक श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड के सर्वमान्य नेता हेमंत सोरेन का सपना था कि सभी गरीबों के सर पर अपना छत हो। इस सपने को साकार करने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गढ़वा आ रहे हैं। आगामी तीन वर्षों में सभी गरीबों के सर पर छत का सपना पूरा हो जायेगा। गढ़वा आगमन के दौरान मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र देंगे। साथ ही प्रथम किस्त की राशि भी जारी करेंगे। यहां आयोजित पलामू प्रमंडल स्तरीय इस कार्यक्रम में पलामू जिला के 13600, गढ़वा जिला के 10003 तथा लातेहार जिला के 5300 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया जायेगा। श्री ठाकुर ने कहा कि सभी जरूरतमंदों को निश्चित रूप से अबुआ आवास योजना का लाभ मिलेगा। कोई भी योग्य लाभुक वंचित नहीं रहेगा। इस कार्य का निष्पादन बिल्कुल पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से किया जा रहा है। इसके लिए किसी भी जरूरतमंद लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। अबुआ आवास की क्रमवार प्राथमिकता सूची बना ली गयी है। अगले वित्तीय सत्र में मार्च के बाद पुनः अन्य लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना साकार करने के लिए झारखंड सरकार पूरी तरह से संकल्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भेदभाव पूर्ण नीति के कारण झारखंड सरकार ने अपने राज्य में सभी जरूरतमंद गरीबों को राज्य सरकार की ओर से आवास देने का संकल्प लिया है। इसे आगामी तीन वर्षों के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री के गढ़वा आगमन की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में एक दर्जन छात्राएं बीमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में अचानक एक दर्जन छात्राएं बीमार हो गयी। एक एक-कर सभी छात्राओं ने पेट और सरदर्द की शिकायत की, तदोपरांत उन्हें दांत लगने लगा। इस घटना से विद्यालय में अफरातफरी मच गयी। छात्राओं को बगल के निजी क्लीनिक में भेजा गया, जहां से ग्रामीण चिकित्सक उदय गुप्ता ने सभी को ओआरएस का घोल देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा, जहां छात्राओं का इलाज किया जा रहा है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में कक्षा लगने के बाद छात्राओं की उपस्थिति बनाया जा रहा था कि पांचवीं कक्षा की छात्रा पूजा कुमारी की अचानक दांत लगते ही बेहोश हो गयी। पानी का छींटा मारने के बाद परिजन को सुचना देते हुए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा, लेकिन कुछ देर बाद एक-एक कर ग्यारह छात्राओं के सर दर्द, पेट दर्द के साथ तबियत बिगड़ने लगी। फिर विद्यालय में अफरातफरी मच गयी। एक-एक कर छात्राओं को बगल के अमृत मेडिकल में भेजा गया, जहां ग्रामीण चिकित्सक उदय गुप्ता ने सभी को ओआरएस का घोल दिया। प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने सभी बीमार छात्राओं के परिजनों को सुचना दी। कुछ परिजन अपने-अपने बच्चे को घर ले गये, तो कुछ अस्पताल ले गये, जहां उनका इलाज डॉक्टर रंजन कुमार दास ने किया। बीमार छात्राओं में सोनाली कुमारी, पूनम, शिवानी, पूजा, अफसाना, जानवी, सोनी, सुगंधा, पूजा, शिवानी, अंजली कुमारी का नाम शामिल है।

छात्राओं को बिमार होने की सुचना पर बीपीओ रविंद्र मेहता ने विद्यालय पहुंच कर घटना की जानकारी ली। फिलहाल सभी छात्राएं ठीक है। बीमार सभी छात्राएं अपने अपने घरों से खाना खाकर आयी थी। सोनाली, पुनम, शिवानी ने बताया कि अचानक पेट और माथे में दर्द शुरू हो गया। देखते-देखते ग्यारह लड़कियों बीमार हो गयी।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में छात्राओं का चल रहा इलाज।

**प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने बताया कि उपस्थिति बनाने के दौरान घटना घटी है। छात्राएं कैसे और क्यों बीमार हुई पता नहीं चल रहा है। उन्होंने आशंका जतायी कि कुछ छात्राएं आपस में भुत प्रेत की बातें कर रही थी, हो सकता है डर गयी होंगी। जबकि इलाज कर रहे डॉक्टर रंजन दास ने बताया कि छात्राओं के अनुसार छः छात्राएं एक ही जगह की है, एक ही जगह का पानी पी होंगी, इसलिए पानी पीने से गड़बड़ी हो सकती है।**

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद साहू की मौत



प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद साहू की फाइल फोटो

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद साहू 52 वर्ष की मौत गुरुवार की रात अस्पताल से घर आते समय हो गयी। वे मंगलवार को ब्रेन स्ट्रोक की वजह से विद्यालय में अचानक बेहोश होकर गिर पड़े थे। मंगलवार की दोपहर विद्यालय में अचानक बेहोश हुए सुरेंद्र प्रसाद साहू को परिजनों द्वारा आनन फानन में गढ़वा और गढ़वा से वाराणसी स्थित हेरिटेज हॉस्पिटल लेजाया गया था। डॉक्टरों के तीन दिनों तक कड़ी मेहनत करने के बाद स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें घर लाया जा रहा था। घर लाने के क्रम में रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सुरेंद्र प्रसाद साहू 18 सितंबर 2008 को शिक्षक के रूप में मझिआंव प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय करकट्टा में योगदान दिये थे। शव के घर पहुंचते ही बूढ़ी माता सावित्री कुंवर, पत्नी सरीता देवी, चार पुत्री इंदु, बैजंती, सुजंति व सोमी तथा दोनों पुत्र शिवपूजन व सत्यम का रो-रो कर बुरा हाल है। मौत की खबर सुनकर उनके अंतिम दर्शन के लिए लमारी कला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि संतोष कुमार साव, चटनियां पंचायत मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव, भाजपा के लमारी कला पंचायत अध्यक्ष रविंद्र चंद्रवंशी व धर्मेंद्र पासवान सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के महुली खुर्द गांव निवासी चंद्रमणि दुबे के 30 वर्षीय पुत्र राकेश दुबे की मृत्यु सड़क दुर्घटना में बंशीधर नगर-विशुनपुरा रोड के जंगीपुर गांव के नहर के पास हो गयी। वहीं इसी घटना में मृतक के चचेरे भाई अभिषेक दुबे उर्फ गोलू दुबे उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज हेतु रांची के मेडिका में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार की रात्रि 10 बजे की बतायी जा रही है। समाचार के अनुसार दोनों चचेरे भाई बंशीधर नगर स्थित एक शादी समारोह में भाग लेने गये थे। शादी से लौटते समय जंगीपुर नहर के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर महुवा पेड़ से टकरा गयी। जिसमें राकेश दुबे की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं मृतक का चचेरा भाई अभिषेक उर्फ गोलू दुबे को घायल अवस्था में रांची के मेडिका में इलाज चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

## अबुआ आवास को लेकर बैठक



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में मुखिया संघ के साथ एक बैठक की गयी। इस बैठक में अबुआ आवास को लेकर के मुखिया संघ के साथ चर्चा की गयी, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने मुखिया संघ को निर्देश देते हुए कहा कि योग लाभुको का चयन कर अबुआ आवास देने का काम करें। ऐसे लाभुक को देना है जिनका पहले से आवास नहीं मिला हो और जिसका खपडेल का घर हो, उसी लाभूक का चयन किया जाये। किसी तरह का अबुआ आवास में लेनदेन का कार्य नहीं करें, नहीं तो हम छोड़ेंगे नहीं। पहला प्राथमिकता जिसका खपडेल मकान हो या बेघर हो उसे लाभ को चयन करें किसी तरह का बदनामी और विवाद ना हो भंडरिया प्रखंड में 311 अबुआ आवास लाभुक का चयन किया गया है। जिसकी पहली किस्त दिया जाना है। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि शंकर भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह मुखिया सोहर सिंह मुखिया प्रेमीनि देवी और सभी मुखिया उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ 172 बटालियन में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला स्थित 172 बटालियन, सीआरपीएफ मुख्यालय में अंतर वाहिनी (परिचालन) खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया था। इस खेल प्रतियोगिता में 11 बटालियन, 112 बटालियन, 172 बटालियन एवं 214 बटालियन सीआरपीएफ की टीमों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न खेल स्पर्धा जैसे वालीबॉल, बैडमिंटन (सिंगल और डबल), बीम वर्क और 10 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। शुक्रवार को वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल 11 बटालियन और 214 बटालियन के बीच हुआ, जिसमें 214 बटालियन की टीम विजेता रही, बैडमिंटन (सिंगल और डबल) 172 बटालियन और 214 बटालियन के बीच खेला गया, जिसमें दोनों में ही 172 बटालियन के खिलाड़ी विजेता रहे। बीम प्रतियोगिता में 214 बटालियन और 172 बटालियन के कार्मिकों में प्रतिस्पर्धा के दौरान 214 बटालियन ने बाजी मारी और 10 किलोमीटर दौड़ में सम्मिलित सभी वाहिनियों के कार्मिकों ने भाग लिया और 172 बटालियन की टीम विजेता रही। उक्त प्रतियोगिता का समापन पंकज कुमार, उप महानिरीक्षक (परिचालन) पलामू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान 172 बटा के नृपेंद्र कुमार सिंह, कमांडेंट जय प्रकाश अधिकारी, द्वि.कमा.अधि. (112 बटालिन), अमरेंद्र कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, यूआर रामेश्वरम, उपकमा के अतिरिक्त 11 बटा, 112 बटा, 172 बटा और 214 बटा सीआरपीएफ के खिलाड़ी व अन्य जवान उपस्थित थे।

## शंभू राम ने नये सीओ का पदभार ग्रहण कर कहा आमजन की समस्याओं का किया जायेगा निष्पादन



मझिआंव (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के निर्देशानुसार मझिआंव अंचल के अंचल अधिकारी के स्थानांतरण के बाद अंचल कार्यालय में नये अंचलाधिकारी के रूप में शंभू राम ने पदभार ग्रहण किया। अंचल कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सतीश कुमार भगत ने अंचल का प्रभार नये अंचलाधिकारी शंभू राम को दिया। अंचल का प्रभार लेने के पश्चात संभू राम ने कहा कि अंचल से संबंधित सभी कार्यों को त्वरित निष्पादन किया जायेगा। नये अंचल अधिकारी ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को आंचल से संबंधित किसी भी तरह की समस्या हो तो बेहिचक मुझे कार्यालय में संपर्क करें। आमजन के सभी समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। मौके पर राजस्व कर्मचारी शैलेश कुमार महतो, संजीव कुमार, सीआई धनलाल उरांव, सूचित कुमार, संतोष दुबे, राहुल सिंह अंचल सह प्रखंड के कई कर्मी उपस्थित थे।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी। एमपीडब्ल्यू विद्या नंद प्रजापति ने बताया कि फाइलेरिया जिसे गांव देहात में हाथी पांव रोग भी कहा जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसके बचाव का एकमात्र रास्ता दवा का सेवन करना ही है। यह अभियान दस फरवरी से पच्चीस फरवरी तक चलाया जा रहा है जिसमें सभी सेविकाओं को घर घर जाकर दिवार लेखन और दवा खिलाना है। इस मौके पर वीणा चौरसिया, सुनिता देवी, अनिता देवी, अंचल देवी, रेखा कुंवर सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# प्रखंड कर्मियों में व्याप्त घूसखोरी के खिलाफ आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष नवल ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा।** प्रखंड मुख्यालय के समीप राजद प्रखंड अध्यक्ष नवल यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और मांग पत्र सौंपने के संबंध में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। उन्होंने कहा कि बरडीहा प्रखंड के 6 पंचायत में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना में धरना प्रदर्शन में बताया गया कि मुख्यमंत्री आवास योजना में बरडीहा प्रखंड कार्यालय के रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, बीएफटी और आवास विभाग के कर्मियों के मिली भगत से क्षेत्र के ग्रामीण जनता से अवैध असूली की जा रही है, जो प्रमाणित है। इसके खिलाफ राजद पार्टी प्रखंड इकाई बरडीहा के द्वारा अपने समस्त कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ एक दिवसीय धरना और मांग पत्र सौंपा जा रहा है। राजद ज़िला अध्यक्ष सूरज सिंह कहा ने कि जिस व्यक्ति का पक्का मकान है उसका अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। राष्ट्रीय जनता दल गरीबों की सरकार है गरीबों की हक के लिए लड़ती है। ऐसा नहीं होने देंगे। इसी को देखते हुए मांग पत्र सौंपा गया।

## सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर गांव के बईगा टोला निवासी समेश चौधरी (26)बर्ष, पिता सुखाड़ी चौधरी का गुरूवार रात्रि में सड़क दुघर्टना में हुआ मौत। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि मृतक के परिजनों की उपस्थिति में शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया। अंतिम संस्कार हरिहरपुर गांव के पास सोने नदी में किया गया।

# लोस चुनाव को लेकर भाजपाइयों में उत्साह: अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा प्रखंड के सुखबाना गांव में गढ़वा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ भाजपा नेता सह ग्रामीण मंडल गढ़वा के प्रभारी के रूप में अलखनाथ पांडेय ने 24 घंटा प्रवास किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर सुखबाना गांव के निवासी नवरत्न वैद्य नवादा पंचायत के बीडीसी जितेंद्र कुमार मेहता, चंदन मेहता, छठ महतो, सुखबाना गांव के वार्ड पार्षद साधना देवी, श्याम बिहारी मेहता, रोहित यादव, धर्मेंद्र सिंह, लिटिल चंद्रवंशी, प्रिंस, आदित्य मौर्य, सुमित शर्मा, अंकुर मौर्य सहित नवनियुक्त मतदाता गण को भाजपा में शामिल होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय सहित सभी वरिष्ठ नेता गण ने फूल माला और अंग वस्त्र देकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, गढ़वा जिला के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, अद्याशंकर, अखिलेश सहित सभी नेता करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में बारी-बारी से विस्तार रूप से बताया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–26 / 2023–.24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 16.02.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.02..2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.02.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :–01)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Kitchen Cum Store in UPG P.S. Parsiya Block - Bishnugarh , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 2 | Construction of Kitchen Cum Store in N.P.S ,Birhor Tola, Tilra , Block-Ichak , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/ | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 3 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S, Kewalu, Block - Barkatha , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944650/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 4 | Construction of Kitchen Cum Store in P.S. Jobar, Block - Bishnugarh , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 5 | Construction of Kitchen Cum Store in UPG P.S. Hathibar, Block-Tatijhariya, District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 6 | Construction of Kitchen Cum Store in DPEP P.S. Simradhab, Block-Tatijhariya, District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 7 | Construction of Kitchen Cum Store in N.P.S ,Korari Tola, Deokuli , Block-Ichak , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/ | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 8 | Construction of Kitchen Cum Store in UPG P.S. Jobhi Simra , Block-Tatijhariya, District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 9 | Construction of Kitchen Cum Store in .P.S , Ratnag, Block - Chouparn , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944650/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 10 | Construction of Kitchen Cum Store in P.S. Ramua, Block - Bishnugarh , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/- | 39000/-- | 5000/- | 04 माह |
| 11 | Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S , Ambajit, Block-Chouparn , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944900/- | 39000/ | 5000/- | 04 माह |
| 12 | Construction of Kitchen Cum Store in N.P.S, Gotiya, Block - Padma , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944650/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 13 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S , MahuaTand Kendua, Block-Barkatha , District- Hazaribag for the year 2023-24 | 1944650/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 14 | Construction of Kitchen Cum Store in UM.S ,Lakura , Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 15 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S. ,Rohangora Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.318393 Building(23-24):D

## आयुष कैंप का आयोजन




भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी चौक के समीप खादी भंडार के प्रांगण में जिला आयुष समिति गढ़वा के तत्वाधान में प्रखंड आयुष कैंप का आयोजन कर होम्योपैथिक डॉ दीपक कुमार मेहता और डॉक्टर एकता के द्वारा बीपी शुगर गैस साहित सभी रोगीयों का चेकअप कर होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक का दवा वितरण किया गया। साथ ही डॉ दीपक कुमार मेहता ने बताया कि हर माह का तीसरा शनिवार का कैंप भंडारिया इंदिरा गांधी चौक में लगेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के दिशा निर्देश पर घुटना का दर्द या कमर का दर्द का दवा साथ सभी प्रकार के रोगियों को होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक का दावा से कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

# नहीं बना आवास और राशन कार्ड, मजदूरी कर तीन बच्चों और मंदबुद्धि पति का महिला कर रही भरण पोषण

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** पिपरीकला पंचायत के वियार टोला निवासी इंद्रावती देवी पति संदीप कुमार चंद्रवंशी पिछले एक वर्षो से दूसरे के घर में सरन ली हुई है। इंद्रावती के जर्जर कच्चा मकान पिछले वर्ष बारिश में गिर जाने से बेघर हो गयी है। जिस कारण तीन बच्चे और मंदबुद्धि पति के साथ पास में ही दूसरे घर में रहने को मजबूर है।

इंद्रावती देवी ने बताया कि अभी तक आवास का लाभ नहीं मिला है। आवास का लाभ लेने के लिए जनता दरबार में अबुआ आवास योजना का आवेदन भी दीया है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड नहीं बनने के कारण राशन भी नही मिलता है। राशन नहीं मिलने के कारण आस पास में ही मजदूरी कर तीन बच्चे और मंदबुद्धि पति का भरण पोषण कर रहे है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड को लेकर जनता दरबार में आवेदन भी दिये थे, लेकिन वहां उपस्थित कर्मी आवेदन लेने से इनकार कर दिया।

उन्होंने बताया कि बेघर होने के बाद अपने नन्हे बच्चे और पत्ती का भरण पोसन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गांव वालों की मदद से किसी तरह एक वक्त का रोजी रोटी जुट पाता है। बाकी आये दिन भूखे पेट भी सोना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अपनी समस्याओं को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से गुहार लगाया लेकिन किसी ने शुद्ध नहीं लिया। अब वह अपनी जिंदगी से थक चुकी है।

वहीं पड़ोस के ग्रामीणों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व इंद्रावती का जर्जर कच्चा मकान गिर गया है। जिसके बाद वह अपने बच्चों के साथ दुसरे के घर में सरन ली हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इनका माली हालत बिल्कुल ही खराब है। वह किसी तरह मजदूरी कर अपने तीन बच्चों और मंदबुद्धि पत्ती का भरण पोषण कर रही है। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी कई बार सहयोग किये है, लेकिन अभी तक इंद्रावती देवी सरकारी सुविधाओं से कोसो दूर है। इस संबंध में पूछे जाने पर बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने बताया कि जनाकारी मिली है। जानकारी के अनुसार कार्रवायी कर बीडीओ को निर्देश दिया जायेगा, जिसको लेकर अविलंब कार्रवायी की जायेगी।

# फुटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स के सौ प्रतिभाशाली बच्चों को दिया जायेगा विश्व स्तरीय प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खूंटी द्वारा रूट्स फाउंडेशन के सहयोग से प्रोजेक्ट उत्कर्ष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स खेल परियोजना का प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें प्रतिभाशाली एक सौ बच्चों को फुटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़, लांगजंप, हाईजंप, डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो और शॉट पुट) का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाना है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में अधिक से अधिक





संख्या में जिले के बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करना, ताकि उन्हें व्यापक मंच पर अपने कौशल के प्रदर्शन का मौका मिल सके।

इस परियोजना का उद्देश्य जिले के बच्चों को खेल एवं फिटनेस के क्षेत्र में बढ़ावा देना भी है। परियोजना का शुभारंभ खेल सहभागिता के माध्यम से एक स्वस्थ और अधिक जीवंत समुदाय के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।

जिला प्रशासन द्वारा विज्ञप्ति में बताया गया कि चयन प्रक्रिया (ओपन ट्रायल) में भाग लेने के लिए 10 से 16 वर्ष के इच्छुक बच्चों को आमंत्रित प्रशासन करता है। चयन प्रक्रिया (ओपन ट्रायल) का स्थल और समय सारणी इस प्रकार है कर्रा प्रखंड -10 फरवरी, आरसी बालक मध्य विद्यालय कर्रा, 12 फरवरी लुथरन इंटर कॉलेज गोविंदपुर, 13 फरवरी सरना मैदान छाता, मुरहू प्रखंड - 15 और 16 फरवरी एलएन प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान मुरहू, अड़की प्रखंड -19 फरवरी इंदीपीढ़ी मैदान बिरबांकी, 28 फरवरी -प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय अड़की, खूंटी प्रखंड -21 फरवरी उवि मारंगहादा, 22 फरवरी - बिरसा कॉलेज फुटबॉल स्टेडियम खूंटी, रनिया प्रखंड -20 और 21 फरवरी डाक बंगला मैदान रनिया, तोरपा प्रखंड 26 और 27 फरवरी ब्लॉक मैदान तोरपा। बताया गया कि इन निर्धारित मैदानों में चयन प्रक्रिया के लिए ओपन ट्रायल पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक आयोजित किया जायेगा। इच्छुक प्रतिभागी ओपन ट्रायल में भाग लेने के लिए अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड साथ में लेकर आयेंगे।

## 15 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया गया नष्ट



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू पुलिस ने 15 एकड़ भूमि पर लगे अफीम की खेती को नष्ट किया। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार सोनाहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल के नेतृत्व में आज शुक्रवार को थाना क्षेत्र के पंडाडीह और जिलिंगसेरेंग के जंगल में लगभग 15 एकड़ जमीन पर लगे अफीम की खेती को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को शक्त निर्देश देते हुए कहा कि अफीम एक मादक पदार्थ है जिसकी खेती करना कानूनन अपराध है, वैसे व्यक्ति को जो कानून का उल्लंघन कर अफीम की खेती करते हैं उसे चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती के विरुद्ध लगातार पुलिस का अभियान जारी रहेगा। चौकीदार सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोरपा में किया दीवार लेखन




तोरपा (आजाद सिपाही)। भाजपा तोरपा मंडल के अध्यक्ष पुरेंद्र माझी की अगुवाई में शुक्रवार को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तोरपा प्रखंड के सभी शक्ति केंद्रों में गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओं के बीच प्रवास के लिए चेकलिस्ट और प्रचार सामग्री वितरण किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष ने पर्टी कार्यकर्ताओं को गांव चलो अभियान के और उस दौरान किये जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रवास के समय कार्यकर्ताओं की जम्मेवारी से भी मंडल अध्यक्ष ने अवगत कराया। मौके पर पभाजपा कार्यकर्ताओं ने दीवार लेखन भी किया। मौके पर पूरेंद्र माझी, सुबोध कुमार, शिवनारायण शाहदेव केशव कुमार, सुनीता देवी, संगीता देवी आदि उपस्थित थे।

## अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य को दी गयी विदाई और नये अंचलाधिकारी का किया गया स्वागत



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड परिसर स्थित सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जहां खलारी से स्थानान्तरित हुए अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य को भावभीनी विदाई दी गयी। वहीं नये अंचल अधिकारी प्रणव अंबस्ट का स्वागत किया गया। प्रणव अंबस्ट इससे पहले नीमडीह, सरायकेला में पदस्थापित थे। शिशुपाल आर्य का स्थानांतरण देवघर जिला के पालोजोरी अंचल में किया गया है। एसपी आर्य ने प्रणव अंबस्ट को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर खलारी बीडीओ संतोष कुमार, बुढ़मू सीओ सच्चिदानंद वर्मा, बुढ़मू के निवर्तमान सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, खलारी सीआई केके वर्मा ने भी नए सीओ को बुके देकर स्वागत किया। विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने शिशुपाल आर्य के बतौर खलारी अंचल अधिकारी किए गए कार्यों की सराहना की तथा देवघर स्थानांतरण पर शुभकामनाएं दी। शिशुपाल आर्य को साल ओढ़ाकर व उपहार देकर विदाई दिया गया। नए सीओ प्रणव अंबस्ट ने कहा कि वे आमजन के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। समारोह में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, बीपीओ मनरेगा विनयकुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त असीत कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, राजस्व उप निरीक्षक अशितकुमार सहदेव, रितेश सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने की मृतक परिवार को सहायता

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चिमटिया पंचायत अंतर्गत सोखाडीह गांव के शुकुमणि माझी का आकस्मिक निधन शुक्रवार हो गया। वहीं खबर मिलते ही विधायक सबिता महतो ने नगद राशि देकर अपने प्रतिनिधि के हाथों से मृतक के परिवार को सहयोग किया। मौके पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह पंचायत अध्यक्ष पशुपति बागची, शुशांकर महतो, गणपति कैवर्त, सुखराम माझी आदि उपस्थित थे।

## डिलिस्टिंग का विरोध करनेवाले नहीं चाहते हैं आदिवासियों का हित

रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश में डिलिस्टिंग के मुद्दे पर राजनीति तेज हो गयी है। डिलिस्टिंग के समर्थन में शुक्रवार को राजभवन के समक्ष जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले महाधरना दिया गया। आंदोलन कर रहे लोगों ने सरना धर्म कोड की तरह चंपाई सोरेन सरकार से डिलिस्टिंग बिल को विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजने की मांग की। इस दौरान लोगों में जनजाति समाज से धर्मातरित लोगों को जनजाति की सूची से हटाने यानी डिलिस्टिंग करने की मांग सरकार से की। आंदोलन कर रहे जनजाति सुरक्षा मंच के मेधा उरांव ने कहा कि यह मांग काफी पुरानी है दिवंगत कार्तिक उराव ने इस संबंध में 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 348 सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त एक आवेदन दिया था। वहीं सनी उरांव ने कहा कि डिलिस्टिंग की मांग का विरोध करने वाले लोग कभी भी ईसाई मिशनरियों द्वारा किए जा रहे धर्मांतरण और ईसाई मिशनरियों द्वारा आदिवासियों की जमीन पर हो रहे कब्जा पर नहीं बोलते है। धर्मातरित ईसाई और उनके दलाल डिलिस्टिंग के डर से आज एकता की बात कर रहे हैं, जो हास्यायद है।

## अमित अग्रवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

रांची। लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस और दलील सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना की कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल, दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

## सिक्किम के चीफ जस्टिस ने एंग्लो इंडियन किटी टेक्सरा से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैक्लुस्कीगंज।** सिक्किम के चीफ जस्टिस विश्वनाथ सोमद्दर अपने निजी दौरे पर मैक्लुस्कीगंज पहुचे। मैक्लुस्कीगंज पहुंचने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने स्वागत किया। चीफ जस्टिस ने मैक्लुस्कीगंज में एंग्लो इंडियन परिवार से मुलाकात की।उन्होंने एंग्लो इंडियन किटी टेक्सरा के घर गये। उन्होंने किटी से मैक्लुस्कीगंज के इतिहास के बारे



मे जानकारी ली। साथ ही एंग्लो इंडियन समुदाय को लेकर भी पूछताछ किये। उन्होंने वर्तमान में एंग्लो इंडियन परिवार की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। किटी ने उन्हें एंग्लो इंडियन समुदाय के बारे में बताया। उसके बाद उन्होंने किटी टेक्सरा के साथ फोटो खिंचवाया। उसके बाद वे रांची होते हुए लौट गये। चीफ जस्टिस के दौरे को लेकर मैक्लुस्कीगंज पुलिस के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी।

## स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीसी ने डॉक्टरों को दी चेतावनी

**औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये, तो होगी कड़ी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सिविल सर्जन सहित सभी चिकित्सकों को कड़ी चेतावनी दी है सभी डॉक्टर रोस्टर के अनुसार ड्यूटी करे। औचक निरीक्षण में पकड़े जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। स्वास्थ्य समिति की शुक्रवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जिला स्तर के पदाधिकारियों द्वारा सीएचसी, पीएचसी, एचडब्ल्यसी का औचक निरीक्षण कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अड़की और कर्रा को प्रथम तिमाही में जांच और संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिए योजना बनाकर इस सूचक को बढ़ाने का निर्देश दिया।

बैठक में सिकल सेल अनीमिया से ग्रसित मरीजों की सूची, पेंशन और दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कुपोषण केंद्र में आनेवाले बच्चों को एएनएम या कर्मचारी द्वारा भर्ती करने का निर्देश दिया। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को अस्पताल में जरूरी उपकारणों की सूची सिविल सर्जन के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## अधूरे सड़क निर्माण ने बढ़ायी लोगों की मुसीबत

खूंटी(आजाद सिपाही)। झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर दो महीने से खूंटी भगत सिंह चौक से डाक बंगला तक बन रही सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का आग्रह किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि सड़क के दोनों ओर गड्ढा खोद देने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। वहां सब्जी मार्केट लगता है। सड़क के दोनों को गड्ढा खोदने से दिन भर धूल उड़ती रहती है और हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। मिश्रा ने कहा उपायुक्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दें कि यथाशीघ्र काम को पूरा करायें।

## हाथियों ने जम कर मचाया उत्पात

सोनाहातू/ राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारेंदा, हितजारा, कोटांगदाग गांव में गुरुवार हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। हितजारा गांव के अभिमन्यु महतो के घर को क्षतिग्रस्त किया। बारेंदा पुरान टोला के आमीन पुरान के घर को गिराया है। कोटांगदाग गांव के पंचानन महतो और बुधराम महतो के घर को नुकसान किया है। प्रभा देवी, नीतीश कुमार, मनोज महतो, धनराज महतो के धान और फसल को नुकसान किया है। इधर वनपाल दिलीप मुंडा बारेंदा गांव जाकर नुकसान का जानकारी लिया और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल बुंडू के 48 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शांतिकुंज हरीद्वार के द्वारा आयोजित 2023 में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बुंडू के 48 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सभी विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त करने में सफल हुए। इसे लेकर शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद स्कूल परिसर में एक सादा समारोह



आयोजित कर उक्त सभी विद्यार्थियों को शिक्षाविद असित कुंडू और गायत्री परिवार बुंडू के प्रचारक उत्तम दास के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक सुबेंदु प्रमाणिक ने सभी विद्यार्थियों को जीवन में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ अपनी लक्ष्य प्राप्त करने की शुभकामनाएं प्रदान किया स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे। इस मौके पर शिक्षक प्रशांत हालदार, विजय प्रमाणिक अनुज महतो वंदना मंडल दिनेश्वर ठाकुर, ममता आदि उपस्थित थे।

## एचइसी संकट बरकरार, हड़ताली कर्मियों की दो टूक, लिखित आश्वासन मिलने पर बनेगी बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचइसी में पिछले 24 दिनों से अफसर-कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। कंपनी के एफएफपी, एचएमटीपी और एचएमबीपी में उत्पादन ठप है। निगम मुख्यालय में भी कामकाज नहीं हो रहा है। एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले निगम मुख्यालय के सामने कर्मचारी रोजाना धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारी अपना बकाया वेतन मांग रहे हैं। ठेका श्रमिकों का कांट्रैक्ट रिन्यूअल करने की बात कह रहे हैं। मगर मैनेजमेंट के आला अफसर कर्मचारियों की मांग पर गंभीर नहीं दिख रहे हैं। एचइसी मुख्यालय में 9 फरवरी को मैनेजमेंट और यूनियन प्रतिनिधिमंडल की बातचीत हुई। वार्ता में मैनेजमेंट की तरफ से पर्सनल डायरेक्टर एके बेहरा, प्रोडक्शन डायरेक्टर एसडी सिंह सहित अन्य अफसर मौजूद थे। अफसरों ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि कर्मचारी काम पर लौटें। उनका बकाया वेतन राशि आते ही दिया जायेगा। ठेका श्रमिकों का कांट्रैक्ट भी रिन्यूअल किया जायेगा। इस पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल श्रमिक नेताओं ने कहा कि कामगार काम करना चाह रहे हैं, मगर अब बिना वेतन के काम नहीं होगा।

**लिखित आश्वासन देने के पक्ष में नहीं है मैनेजमेंट:** प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता में कहा कि मैनेजमेंट लिखित आश्वासन दे कि फरवरी में एक माह का बकाया वेतन भुगतान किया जायेगा और मैनेजमेंट की तरफ से यह निर्धारित किया जाये कि हर माह किस दिन वेतन का भुगतान होगा। वहीं ठेका श्रमिकों का कांट्रैक्ट रिन्यूअल किया जाये। अगस्त 2023 से ठेका श्रमिकों का इएसआइ सहित अन्य मद में पैसा जमा नहीं हो रहा है। ठेका श्रमिकों की बकाया राशि को नियमित जमा किया जाये। वेतन भुगतान, ठेका श्रमिकों के रिन्यूअल आदि से संबंधित लिखित आश्वासन मैनेजमेंट दे, तभी कामगारों का आंदोलन समाप्त होगा। मैनेजमेंट ने लिखित आश्वासन के लिए श्रमिक संगठनों से समय मांगा।

**ठेका श्रमिकों को लग सकता है झटका :** एचइसी में अभी करीब 1600 ठेका श्रमिक हैं। इनका कांट्रैक्ट समाप्त हो गया है। एचइसी मैनेजमेंट ठेका श्रमिकों को लेकर नयी पॉलिसी बना रही है। इस पॉलिसी के तहत ठेकेदार के साथ एचइसी मैनेजमेंट कांट्रैक्ट करेगा। उस कांट्रैक्ट के तहत रोजाना 1600 ठेका श्रमिक एचइसी में नहीं आयेंगे। मैनेजमेंट आवश्यकता के अनुसार ठेका श्रमिकों का डिमांड करेगा। उसी डिमांड के अनुसार कांट्रैक्टर ठेका श्रमिकों को प्लांट में भेजेगा। अभी इस पॉलिसी को लेकर मैनेजमेंट की तरफ से कोई बोलने को तैयार नहीं है। मैनेजमेंट का मानना है कि वर्तमान समय में पूर्व की तरह कंपनी की स्थिति नहीं है। ऐसे में स्थायी कर्मचारी से ज्यादा ठेका श्रमिकों को कारखाना में बुला कर बिना काम के बैठाना, सफेद हाथी पालने के समान है। नयी ठेका पॉलिसी से ठेका श्रमिकों को रोजाना काम भी मिलेगा और कंपनी को करोड़ों की बचत होगी।

## उपायुक्त ने खूंटी जिले के तीन खिलाड़ियों को किया सम्मानित



खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने 49वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित खूंटी के सौरव कुमार और आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र, खूंटी के दो खिलाड़ियों प्रेमचंद सोय और आशीष तनी पूर्ति को अपने कार्यालय में शुक्रवार को बुके व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। हॉकी खिलाड़ी प्रेमचंद और आशीष का चयन नवल टाटा हॉकी अकादमी, टाटा में हुआ है। 49वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित सौरभ कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी के खिलाडी हैं और उन्हें झारखंड जूनियर कबड्डी टीम का कप्तान बनाया गया है। उपायुक्त ने तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, कबड्डी के कोच आशा कुमारी, संरक्षक विनय कुमार कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष कुमार, ब्रजकिशोर, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार कश्यप, जसमानी कंडीर, रोहित आईद, सुखदानी पूर्ति आदि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय विराट माघ टुसू मेला का आयोजन

अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की मे प्रतिवर्ष लगने वाले दो दिवसीय विराट माघ टुसू मेला का आयोजन 12 फरवरी 2024 और 13 फरवरी 2024 को किया गया है। माघ टुसू मेला में समिति की ओर से चोड़ल में प्रथम पुरस्कार 9000 रुपया, द्वितीय पुरस्कार 6000, तृतीय पुरस्कार 3000 रुपया रखा गया है और अन्य सांत्वना पुरस्कार भी दिये जायेंगे। मुर्गा लड़ाई में प्रथम पुरस्कार 1500 रुपया, द्वितीय पुरस्कार 1000 रुपया दियो जायेंगे, जो मेला के दोनों दिन है। मेला में मुख्य आकर्षण नर्तकी नाच और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, जंपिंग डांस इत्यादि रहेंगे। मेला के सफल आयोजन को लेकर मिला समिति का गठन किया किया है, जिसमें अध्यक्ष संजय मुंडा, उपाध्यक्ष सबरन सिंह मुंडा, सचिव जय किशन मुंडा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मलिक, उपकोषाध्यक्ष अजीताभ कुमार को बनाया गया है। मेला समिति के अध्यक्ष संजय मुंडा ने कहा की मेला से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

## खूंटी के 16 विद्यालयों के पुस्तकालय के लिए जिला प्रशासन पुस्तकों की खरीदारी करेगा

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन जिले के 16 विद्यालयों के पुस्तकालय की खरीदारी करेगा। इसको लेकर गठित जिला स्तरीय समिति की शुक्रवार कों उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया पुस्तालयों के लिए किताबों की खरीदारी पुस्तक मेले में की जायेगी। जिले में 20 फरवरी को पुस्तक मेला प्रस्तावित है। बताया गया कि जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, एक प्रखंड स्तरीय यूएलबी, छह प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय, चार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और दो मॉडल विद्यालयों कुल 16 विद्यालयों के पुस्तकालय पुस्तकों की खरीदारी की जायेगी। बैठक में पुस्तक मेला के माध्यम से लाईब्रेरी के लिए पुस्तकों के चयन और क्रय किया जायेगा। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने बताया कि बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन करना जरूरी है, ताकि उनके ज्ञान में सम्यक वृद्धि हो सके और पढ़ाई में रूचि बनी रहे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय गठित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## मांगों को विभाग के पास भेज कर समाधान कराने की कोशिश करूंगा : कार्यपालक पदाधिकारी

बुंडू (आजाद सिपाही)। राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में बुंडू नगर पंचायत में लगाये जा रहे पेयजल आपूर्ति कनेक्सन हेतु बीपीएल परिवारों को छूट की मांग को लेकर शुक्रवार को कार्यपालक पदाधिकारी नगरपंचायत बुंडू और अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू से मुलाकात की। उक्त मांग पर कार्यपालक पदाधिकारी शुभम पोद्दार ने कहा कि उपरोक्त विषय पर ऊपर से हमें कोई गाइडलाइन नहीं दिया गया है। आपकी मांगो को मैं विभाग के पास भेज कर समाधान करने की कोशिश करूंगा। नगरपंचायत बुंडू में किसी भी बीपीएल कार्डधारी को गरीब रेखा के नीचे नहीं मानती। जबकि जो गरीब रेखा के नीचे रहता है उसी का लाल कार्ड बनता है और उसको राशन वितरण का लाभ सरकार के द्वारा मिल रहा है लेकिन नगरपंचायत बुंडू वैसे किसी को गरीब नही मानती जिससे कि नगरपंचायत द्वारा सप्लाई पानी का कनेक्शन के लिये प्रति कनेक्शन 7000 रूपया मांगा जा रहा जो नाजायज है, अगर इस मांग पर उचित निर्णय नही होता है, तो आजसू पार्टी गरीबों के हक अधिकार के लिये आंदोलन का रास्ता अपनायेगी। उक्त मांग की प्रतिलिपि नगर विकास विभाग झारखंड सरकार, उपायुक्त रांची और अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू को दिया गया।

## नये सत्र के नामांकन के लिए जमा किये फार्म को लेकर वार्डन रीता बड़ाइक ने स्थल जांच शुरू की



तमाड (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सलगाडीह तमाड़ में नये सत्र के नामांकन के लिए जमा किये फार्म को लेकर वाडेन रीता बड़ाईक ने स्थल जांच शुरू कर दिया है, इसी कड़ी में आज जारगो पंचायत का दौरा किया गया। यहां से दस आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें सुदुर तमाड़ से 45 किलोमीटर दूर मंगरी के घर की भी जांच की गयी, सभी आवेदन सही पाये गये। इसके बाद समिति की बैठक में मुहर लगेगी।

## समर अभियान के तहत कार्यशाला का समापन



ईचागढ़(आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर बाल विकास परियोजना सभागार में गुरुवार और शुक्रवार को झारखंड पोषण समर अभियान के तहत आंगनवाड़ी सेविकाओं को दो दिवसीय समर अभियान का कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। झारखंड पोषण समर अभियान के क्षेत्रीय समन्यक सोनू कुमार नंदी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चे जो कुपोषण के शिकार होते होते है, उसका इलाज अपने स्तर से करने से कैसे ठीक हो हो सकते है साथ ही उन्होंने कहा कि कुपोषण कोई गंभीर बीमारी नहीं है जिसका इलाज संभव नहीं है,सेविका अपने केंद्र में अपने स्तर पर इसका इलाज कर सकती है।वही श्री नंदी ने कहा कि कार्यशाला में सभी सेविका को कुपोषण से शिकार बच्चों के इलाज के बारे विस्तृत जानकारी दिया गया।मौके पर महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री, जया पांडेय सहित आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे।

### अनगड़ा के गेतलसूद में आयोजित दो दिवसीय केंद्रीय श्रीरामकृष्ण किसान मेले का समापन

# देश व राज्य के नवनिर्माण में रामकृष्ण मिशन आश्रम का सराहनीय योगदान : सुदेश महतो

**किसानों नें 423 फसल-सब्जी उत्पाद की लगायी प्रदर्शनी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** रामकृष्ण मिशन आश्रम, रांची के मोराबादी दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र एवं विवेकानंद सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में गेतलसूद प्रत्यक्षण फार्म में आयोजित 45वां दो दिवसीय केंद्रीय श्रीरामकृष्ण किसान मेला का शुक्रवार को समापन हुआ। मेले के आयोजन में केवीके (एससीएसपी योजना), नावार्ड एवं आत्मा रांची का भी सहयोग रहा। मेले में कृषि आधारित प्राकृतिक/जैविक खेती, कृषि तकनीक, समेकित खेती, पोषक अनाज एवं प्राकृतिक संसाधन से संबंधित लाह उत्पादन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन आदि पर विशेष फोकस किया गया। मेला में किसानों द्वारा 423 फसल एवं सब्जी उत्पाद के नमुने एवं 18 पशु-पक्षी की प्रदर्शनी लगायी गई थी। मेले में विभिन्न विभागों के 35 स्टॉल भी लगाए गए थे। वहीं, समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सिल्ली के विधायक सुदेश महतो के अलावा आरकेएम ग्वालियर (मप्र) के सचिव स्वामी सुदीप्त महाराज, जीआईजेड के तकनीकि सलाहकार शरद सिंह, बीएयू के पूर्व निदेशक डॉ आरपी सिंह रतन, जेएसएलपीएस की दांगी हेंमब्रम, आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुण्डा, सरिता देवी, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि मिशन क्षेत्र में कृषि को बढ़ावा देने के लिए लगातार कृषि तकनीक एवं शोध के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंनें राज्य एवं देश के नवनिर्माण में मिशन के योगदानों की जमकर सराहना की और कृषि क्षेत्र में निरंतर काम करने पर बल देते हुए स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर राज्य के विकास के लिए युवकों को प्रेरित किया। वहीं, स्वामी सुदीप्त महाराज ने शिव ज्ञान से जीव सेवा के उदेश्यों को अंगीकार कर युवकों को कृषि के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आरकेएम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी ने प्राकृतिक/जैविक कृषि से स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ फसल एवं स्वस्थ समाज की अवधारणा पर अपने विचार रखे। वहीं जैविक सब्जी की टोकरी एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विवेकानंद सेवा संघ के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। बाद में उत्कृष्ट किसानों को पुरस्कृत किया गया। जैविक कृषि में सर्वश्रेष्ठ किसान का पुरस्कार सोमरा बेदिया को एवं सर्वोतम स्टॉल का पुरस्कार राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान रांची को मिला। वहीं, मेला को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर बेदिया, देवात्म चैतन्य महाराज, राजेंद्र शाही मुण्डा, कमल बेदिया, संतोष बेदिया, पहलु बेदिया, प्रदीप महतो, सुरेश महतो, जगदीश भोगता, श्रवण मुखियार, सोमरा बेदिया, मालया बेदिया, रासल तिर्की, संजय महतो, नरेंद्रनाथ बेदिया, शनिचरवा बेदिया, राजकुमार बेदिया, शिवचरण बेदिया, कलेश्वर बेदिया, मोहन बेदिया, सुधू बेदिया, चंद्रदीप बेदिया, अर्जुन बेदिया, करण बेदिया, देवनारायण बेदिया आदि का योगदान रहा।






केंद्रीय श्रीरामकृष्ण किसान मेले को संबोधित करते सिल्ली के विधायक सुदेश महतो। मेला में पुरस्कार पानेवाले लोगों के साथ विधायक व अन्य गणमान्य लोग।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीआइटी में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआइटी में शुक्रवार को प्रोसेस ऑफ इनोवेशन डेवलपममेंट विषय पर एक दिवसीय एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में बीआइटी मेसरा के एसोशिऐट डीन (एआइआर) विशाल एच साहू ने विद्यार्थिओं को उनके इनोवटिव आइडियाज को मूर्त रूप देने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन इंस्टिट्यूट इनोवेशन एंड स्टार्टअप सेल के तत्वावधान में किया गया था। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर प्रो विनीत कुमार, डॉ केपी दत्ता, प्रो अरशद उशमानी, दीपक कुमार, डॉ रितेश कुमार, देव कुमार, विकास कुमार गौरई आदि उपस्थित थे।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्प्रिंग डेल के बच्चों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोंस स्थित स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सत्र 2023-24 का आयोजन विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से विगत दिनों हुआ था। जिसका परीक्षा फल गुरुवार को जारी हुआ। परीक्षा फल के अनुसार विद्यालय को 6 स्वर्ण, 4 कांस्य और 5 रजत पदक मिला है। इस परीक्षा में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 10 के बच्चों ने भागीदारी की थी। पदक और प्रशस्ति पत्र का वितरण शुक्रवार को विद्यालय के निदेशक सह अधिवक्ता संजीत कुमार साहू ने किया। पदक विजेताओं को बधाई देते हुए जीवन में आगे ऐसे ही अच्छे प्रदर्शन कैसे करें इस विषय पर चर्चा की। मौके पर प्रवीण सिंह राणा, जॉन कुल्लू, ललिता कुमारी, प्रवीण महतो, अलका खेस, जागृति साहू, रोसलिना बारला, सिदरा ऐराज,खुशबू आदि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### द हंस फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंचल कार्यालय के परिसर में द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें सैकड़ों लोगों की जांच की गई और संचारी व गैर संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया गया। कहा गया कि घर में साफ-सफाई का ध्यान रखें। आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। इस मौके पर हंस फाउंडेशन की टीम के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम में डॉक्टर सरिता कच्छप गांव-गांव जाकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं।

### दिव्यांगजनों में कंबल का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड़ के डोरंडा पंचायत के पीपर टोली गांव में शुक्रवार को झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ झारखंड के सहयोग से दिव्यांग संघर्ष समिति की ओर से दिव्यांग लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ एवं झारखंड विकलांग संघर्ष समिति के अध्यक्ष लालू उरांव, सचिव अशोक महतो, कोषाध्यक्ष सुनीता कुजूर, मुखिया कुंवारी खलखो और मुखिया महावीर उरांव, दिलीप भगत, सहिया कमल देवी व पंसस उपस्थित थे।

## बेड़ो केसीबी कॉलेज में अभाविप की नयी कार्यकारिणी इकाई का गठन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) के तत्वावधान में बेड़ो करमचंद भगत कॉलेज सभागार में महाविद्यालय के कार्यकरिणी सत्र 2024-2025 का गठन कर पदाधिकारियों-कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। पदाधिकारियों का चुनाव अभाविप के रांची विश्वविद्यालय के संयोजक शिवेंद्र सौरभ, विभाग सह संयोजक आकाश रक्षित और रांची ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार महतो की उपस्थिति में हुई। इस दौरान कई कार्यकारिणी में अध्यक्ष सुशांत कुमार, उपाध्यक्ष अनिता तिर्की, उपाध्यक्ष दीप शिखा कुमारी, मंत्री निधि कुमारी, सहमंत्री दुर्गा महतो, सहमंत्री श्रवण कुमार, सहमंत्री प्रियंका लकड़ा, अनूप कुमार,अनमोल कच्छप, मीडिया प्रभारी मनिषा कुमारी, सह मीडिया प्रभारी करण कुमार, कलामंच संयोजक भाग्यश्री कुमारी, खेलो भारत संयोजक रितु उरांव, एसएफएस प्रमुख संगीता कुमारी, सोशल मीडिया प्रमुख जितेंद्र भगत व सह सोशल मीडिया प्रमुख के पद पर अनिल कुमार चुने गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में सुमन कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मनिता कुमारी, ज्ञानती कुमारी, पंकज भगत, निकिता कुजूर, ममता उरांव, संगीता कुमारी, बिनीता कुमारी, ममता उरांव, निकिता कुजूर, अनिता कुमारी, पंकज कुमार, बिमला कुमारी, मन्नु सिंह, ज्ञान उरांव व रेखा कुमारी आदि चुनी हुई है। इधर, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अब्दुल अईयूब व प्रो नितेश पासवान ने पदाधिकारी-सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं।

### होटल में आग लगाने का आरोप

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुराने पोस्ट ऑफिस के समीप पप्पू होटल में गुरुवार की रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया। जिससे दुकान में रखे हजारों रुपये के सामान जलकर राख हो गए। आसपास के लोगों व होटल संचालक पप्पू वर्मा व स्वजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। भुक्तभोगी ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गुरुवार की रात को भी दुकान बंद कर घर चला गया। देर रात तीन बजे दुकान से आग की लपटें निकलता देखकर नाइट गार्ड ने इसकी सूचना दी। दुकान पहुंचा तो सामान-दुकान जल चुका था।

### बेड़ो में सरस्वती पूजा की तैयारी जोरों पर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा की तैयारी जोर शोर चल रही है। 14 फरवरी को सरस्वती पूजा को देखते हुए मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थानों व संगठनों की ओर से प्रतिमाओं की अग्रिम बुकिंग की जा रही हैं। बच्चे, छात्र-छात्राएं, नौजवान आपस में चंदा जुटाकर पूजा की रणनीति बना रहे हैं। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में बसंत पंचमी के अवसर पर प्रखंड के सभी पंचायत के गांवों में सरस्वती पूजा धूम-धाम से मनाया जाता है। बेड़ो में प्रतिमा को निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने के लिए मूर्तिकार पूरी लगन से काम कर रहे हैं। मूर्तिकारों द्वारा दो फीट से लेकर दस फीट तक की प्रतिमा बनायी गई हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, रिम्स अस्पताल रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की शाम 7.30 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ईंटा बेड़ो गांव निवासी संतोष गोप (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने ग्रामीणों के सहयोग से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ कुसुमलता ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, घटना की सूचना मिलने के बाद बेड़ो थाना के एएसआई जितेंद्र कुमार यादव अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। वहीं, घायल के स्वजनों ने बताया कि संतोष बेड़ो देवी मंडप चौक में एक प्लाईवुड की दुकान में काम करता है। काम खत्म करने के बाद अपने घर जा रहा था।

## कैंपस सिलेक्शन में 22 विद्यार्थियों का चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** जापान की पूर्ण स्वामित्व वाली एसबी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को रांची के झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में एआइसीटीइ मान्यता प्राप्त चार वर्षीय डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग के तीसरे वर्ष के ट्रैनीस का कैंपस सिलेक्शन किया। एएसबी से विनय सावंत एवं उनकी एचआर और टेक्निकल से पांच लोगों की टीम ने प्लेसमेंट की प्रक्रिया पूरी की। टूल रूम रांची के कुल 53 ट्रैनीस को इस कैंपस प्लेसमेंट में बैठने का मौका मिला। सिलेक्शन का माध्यम लिखित एवं साक्षात्कार रहा। विनय सावंत ने बताया की टूल रूम के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनिय रहा है। प्लेसमेंट इंचार्ज गौरव प्रियदर्शी ने बताया कि कंपनी ने कुल 22 विद्यार्थियों का सिलेक्शन किया है। इसमें 20 लोगों को मैन्युफैक्चरिंग डिपार्टमेंट और दो लोगों को डिजाइन डिपार्टमेंट मिला है। कुल 53 विद्यार्थी लिखित परीक्षा में पास हुए। उन्हीं का साक्षात्कार हुआ। मेडिकल फिटनेस में पास करने के बाद चयनित विद्यार्थियों की नियुक्ति इसी वर्ष जुलाई-अगस्त के महीने में होगी। सभी विद्यार्थी डिप्लोमा टूल एंड डाई मेकिंग के अंतिम वर्ष के है। सभी का चयन एक वर्ष के ऑन जॉब इंप्लांट ट्रेनिंग में हुआ है। परफॉरमेंस के आधार पर एक वर्ष के ट्रेनिंग के बाद कंपनी इन्हें पे रोल पर रखती है। टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा कि टूल एंड डाई मेकिंग एक ऐसा कोर्स है। इसमें अपार संभावनाएं है। इस कोर्स को करने के बाद युवाओं में उद्योग जगत में मौजूद मांग के परिस्पर प्रतिभा विकसित हो जाती है। इस अवसर पर टूल रूम रांची के प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा, ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो एवं सभी फैकल्टीज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### चयनित विद्यार्थियों के नाम

आयुष माहातो, रोहित कुमार महतो, अंकित कुमार, अंकित चौधरी, आदर्श कुमार सिंह, गौरव कुमार, प्रहलाद कुमार शर्मा, अंश राज, राहुल कुमार महतो, राज शेखर पाठक, सुभम चौधरी, राहुल रंजन, विशाल कुमार शर्मा, सोनू कुमार, शुभम माहातो, संजय माहातो, कमलेश कुमार पंडित, बलजीत कुमार, अमन कुमार, निबाश पूरण, दिव्या भारती, धीरेन कुमार महतो शामिल है।

## झारखंड कांग्रेस में पिछड़ी जातियों की लगातार की जा रही है अनदेखीः शमीम

### सिर्फ ऊंची जातियों को ही प्राथमिकता देने का आरोप

**रांची जिला मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी को सौंपा ज्ञापन**

**पिछड़ी जातियों को राजीनीति एवं संवैधानिक संस्थाओं में उचित भागीदारी की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजनीतिक एवं संवैधानिक संस्थाओं में उचित भागीदारी की मांग को लेकर शुक्रवार को रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने नई दिल्ली में झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी



गुलाम अहमद मीर को एक ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि झारखंड में कांग्रेस द्वारा लगातार पिछड़ी जातियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिस कारण पिछड़ी जाति के लोग कांग्रेस से दूरी भी बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी एवं संवैधानिक संस्थाओं में सिर्फ ऊंची जातियों को ही प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे पिछड़ी जाति के लोगों में कांग्रेस के प्रति नाराजगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी भी अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम, मदरसा बोर्ड, बुनकर आयोग, उर्दू अकादमी, महिला आयोग का गठन नहीं हुआ है। उन्होंने झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी से मांग की कि उक्त संस्थाओं का गठन/पुनर्गठन करते हुए पिछड़ी जातियों को उचित भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### प्रखंड स्तरीय रसोइया प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय डिंबा प्रथम व कोयसारा ने जीता दूसरा स्थान

## रसोइया को अनुशासन, स्वच्छता व पौष्टिकता की होनी चाहिए जानकारी : हिंदिया टोप्पो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** प्रखंड में सभी संकुल रसोइया का प्रखंड स्तरीय रसोइया प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो के अलावा बीडीओ एमानुएल जयविरस लकड़ा व शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता ने किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय डिंबा की रसोइया प्रथम और राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोयसारा की रसोइया प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र व शाल व नगद राशि दिया गया। प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाली रसोइया को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने बताया कि रसोइया को अनुशासन, स्वच्छता , पौष्टिकता की जानकारी होनी चाहिए। वहीं, बीडीओं ने कहा कि रसोइया अपनी मेहनत और लगन से स्वादिस्ट, पौस्टिक भोजन बनाकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। बीइओ ने कहा कि लापुंग की रसोइया जिला में बेहतर प्रदर्शन कर जिले में नाम रोशन करेंगीं। लापुंग के आठ सीआरसी में लापुंग, ककरिया, सरसा, चालंगी, लेटे, महुगाव, मालगो और दोलैचा संकुल के अच्छे प्रदर्शन करने वाली रसोइया ने अनेक तरह के लजीज व्यंजन बनाकर प्रदर्शन किए। जिसमें मडुवा अट्टा का लड्डू, हलुआ, सहजन व छह प्रकार के साग में बेंग साग की सब्जी भी बनाए। वहीं, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की तीन छात्राए व विश्व स्वास्थ्य संगठन के मोनिटर अलख निरंजन कुमार, विरेंदर प्रसाद के अलावे आए मेहमानों ने जज की भूमिका निभाई। मौके पर बीआरपी रेशम सहदेव, कैलाश पाढ़ी, सीआरपी चंद्र मोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहू, मंटू कुमार साहू, अजीत कुमार सिंह, प्रधाना ध्यापक जीवेश्वर साय, मो सम्मिउल्लाह हक व मिथिलेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



प्रशस्ती पत्र के साथ प्रतियोगिता में शामिल रसोइया व अन्य।

## आदिम जनजाति के 4311 घर सौर ऊर्जा से जगमगायेंगे

### पीएम जन-मन योजना के तहत होगा कार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों में विद्युतीकरण के लिए पीएम जन-मन योजना के तहत सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से इसमें झारखंड बिजली वितरण निगम और झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी संयुक्त रूप से काम कर रही है। जेबीवीएनएल की मानें तो पीएम जन-मन योजना के तहत आनेवाले समय में 139 गांवों में विद्युतीकरण किया जाना है। इन गांवों में विद्युतीकरण जेबीवीएनएल की ओर से किया जायेगा। जेबीवीएनएल की मानें तो 139 गांवों के लगभग 3078 घरों में सौर ऊर्जा के तहत विद्युतीकरण किया जाना है। वहीं, जरेडा की ओर से 114 गांवों का पीएम जन-मन योजना के तहत विद्युतीकरण सौर ऊर्जा के तहत किया जाना है। इन गांवों में 1233 घर चिह्नित हैं। जरेडा की ओर से विद्युतीकृत किये जा रहे गांवों की मॉनिटरिंग जेबीवीएनएल की ओर से की जायेगी। ऐसे में इस साल 253 गांवों के 4311 आदिम जनजातीय आवासों में सौर ऊर्जा के तहत विद्युतीकरण किया जाना है। इसके लिए पिछले दिनों ऊर्जा विभाग की ओर से टेंडर भी जारी किया गया है। मार्च तक इन गांवों के लिए टेंडर फाइनल कर लिया जायेगा।

जेबीवीएनएल की मानें तो



आदिम जनजाति बहुल गांवों में जिन एजेंसियों को काम आवंटित किया जायेगा। उन एजेंसियों की ओर से ही पांच साल गांवों में सौर ऊर्जा संबधित अन्य कार्यों का वहन किया जायेगा। इसमें सप्लाई इंस्टॉलेशन, सोलर पैनल इंस्टॉल कर शुरू करना, बिजली उत्पादन, वितरण, घरों में कनेक्टिविटी, कंट्रोल रूम संचालन समेत अन्य कार्यों की जवाबदेही होगी।

### आदिम जनजातीय गांवों का विद्युतीकरण

पीएम जन-मन योजना के तहत आदिम जनजातिय गांवों में सौर ऊर्जा के तहत विद्युतीकरण किया जाना है। योजना केंद्र सरकार की है, जिसमें केंद्र सरकार की ओर से योजना संचालन के लिए अनुदान दिया जाता है। योजना का मुख्य उद्देश्य आदिम जनजातीय गांवों को चिह्नित कर समेकित विकास करना है।

### पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक, तैयारियों का लिया जायजा

# ऐतिहासिक होगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा: रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर व नावाबाजार क्षेत्र में 14 फरवरी को आयोजित राहुल गांधी की न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा। छत्तिसगढ़ के गोदरमाना के रास्ते रंका, गढ़वा होते विश्रामपुर के बीमोड पर पहुंचेंगे। जहां देश व राज्य की वर्तमान स्थिति पर लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम समापन के बाद विश्रामपुर इटको मुख्य पथ से नावाबाजार जाना है। जहां रात्रि विश्राम होगा। उक्त बातें पूर्व वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव ने कही। वे शुक्रवार को राहुल गांधी की 14 फरवरी को आयोजित न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नावाबाजार में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र के किसानों के साथ वार्ता होगी। साथ ही राहुल गांधी किसानों की समस्याओं को जानेंगे। इस कार्य के लिए लक्ष्य बनाकर कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। बताया कि तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम को लेकर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार शुक्ला, वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, हर्षवर्धन चौबे आदि से अवगत कराया। इस मौके पर दीनानाथ तिवारी, रुद्र शुक्ला, पंकज कुमार, गढ़वा जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला, राकेश चौबे, आलोक चौबे आदि मौजूद थे।


समीक्षा बैठक में शामिल पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव व अन्य।

# शहीद जवान सुकन पासवान के घर पहुंचे विधायक डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधानसभा अंतर्गत तरहसी प्रखंड के ओझा पतरा गांव निवासी शहीद जवान सुकन पासवान (30) के घर शुक्रवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता पहुंचे थे। बतातें चलें कि सुकन पासवान चतरा जिला के जोरी थाना के बोरियो जंगल में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। उनके घर पहुंचे विधायक ने परिजनों से इस दुख की इस घड़ी में ढांढस बंधाया और शहीद सुकन पासवान की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। कहा कि इस पूरे प्रकरण में पुलिस विभाग के उच्च पदाधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है। इसे लेकर सरकार से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करुंगा। आगामी विधानसभा के सत्र में इस विषय को सरकार के समक्ष गंभीरता से रखूंगा। पुलिस विभाग के पदाधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा हमारे बहादुर जवान अपनी जान देकर चुकाएं यह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, कमेश यादव, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजित प्रसाद गुप्ता, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, अजय पासवान, तरहसी प्रमुख पती लड्डू रजक, दिलीप पांडे, शंकर शुक्ला, सरयू सिंह, सुधीर तिवारी, अजय तिवारी, रौशन सिंह, आलोक पांडे, उज्वल पांडे, अरविंद मेहता, सहित कई लोग उपस्थित थे।



## चराई टू पंचायत में अबुआ आवास में अनियमितता का आरोप

**नौडीहा बाजार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चराई टू पंचायत में अबुआ आवास चयन प्रक्रिया में धांधली को लेकर राजद जिला मोहन विश्वकर्मा ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पंचायत क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को दरकिनार कर संपन्न व जिनके पास पहले से पक्के मकान हैं उन्हें अबुआ आवास का लाभ देने का आरोप लगाया है। राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि पंचायत सेवक शशि रंजन रजक अबुआ आवास का चयन एवं जियो टैग जिनके पास पहले से पक्का घर है तीन हजार से चार हजार स्क्वायर फीट में घर बना हुआ है और सरकारी नौकरी से जुड़ा हुआ है वैस लाभुकों का चयन कर जियो टैग किया गया है।**

# ऐतिहासिक होगी हक-अधिकार को लेकर 11 को आयोजित पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच की जनसभा: ब्रह्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के संयोजक मंडल के बीडी प्रसाद की अगुवाई में शुक्रवार को हाउसिंग कॉलोनी मैदान में संवाददाता सम्मेलम आयोजित हुई। जिसमें 11 फरवरी को होने वाले बैरिया चौक हाउसिंग कॉलोनी मैदान में विशाल जनसभा को लेकर अवगत कराया गया। बीडी प्रसाद ने कहा कि 11 को पलामू के ओबीसी के लोग इतिहास लिखेंगे। पिछड़ों की आवाज पूरे देश में फैल जाएगी। झारखंड में जब तक जातीय जनगणना नहीं होती है और उसके अनुसार जिसकी ज्यादा संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के आधार पर आरक्षण नहीं मिलता है तब तक हम यह लड़ाई लड़ते रहेंगे। वहीं, राज नारायण पटेल ने कहा कि तत्काल 27 प्रतिशत आरक्षण एवं 52 प्रतिशत आरक्षण की लड़ाई हम लड़ रहे हैं जिसमें हमारी 11 सूत्री मांग है वह सभी राजनीतिक पार्टियों के चुनावी मैनिफेस्टो में होनी चाहिए। नहीं तो झारखंड में सत्ता परिवर्तन में देर नहीं लगेगी। शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू प्रमंडल में 33 लाख लोग ओबीसी है सिर्फ पांच प्रतिशत लोग भी अगर आ जाएंगे तो राज्य से लेकर केंद्र तक बात पहुंच जाएगी। रवि पाल ने कहा कि जाति के अनुपात में आरक्षण की मांग करनी होगी। मुस्तकीम अंसारी ने कहा कि ओबीसी जीएसटी और सेल टैक्स भरपूर मात्रा में देते है जिसे आज देश चल रहा है। पर टैक्स पेयर को किसी तरह की सुरक्षा और किसी तरह की व्यवस्था नहीं मिली है। मुकेश मेहता ने कहा कि ओबीसी वर्ग के व्यापारियों एवं बेरोजगारों को बिना ब्याज का 10 लख रुपए ऋण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होना चाहिए। टाइगर रोशन मेहता ने कहा कि ओबीसी पिछड़ा वर्ग में कुल 85 अन्य पिछड़ी जाति आते हैं जिसमें सभी जातियों को एक साथ जुड़कर खड़ा होना होगा। वहीं, पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार विचार मंच के महासम्मेलन को लेकर संयोजक मंडल सदस्य संतोष गुप्ता ने हुसैनाबाद शहर के अंबेडकर चौक के समीप पत्रकारों से बात कर कार्यक्रम से अवगत कराया। मौके पर राजेंद्र पासवान, अजय प्रसाद गुप्ता, हरि यादव, प्रदीप कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज पलामू में, करेंगे पाइपलाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**मुख्यमंत्री 456.6261 करोड़ रुपए की सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पलामू परिभ्रमण को लेकर डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को कई निर्देश दिये। कार्यक्रम स्थल शिवाजी मैदान से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। डीसी ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता आदि उपस्थित थे।


मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पलामू आगमन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

#### विभिन्न प्रखंडों के 96 गांव होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंच रहे है। वे यहां शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 456.6261 करोड़ रुपए की पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। पलामू जिला में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों/जल निकायों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराने के निमित्त पलामू पाइपलाइन सिचाई योजना की रूपरेखा तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत पैकेज वन के तहत उत्तरी कोयल से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बुटनडूबा डैम और पाइपलाइन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय में पानी भेजा जाएगा। वहीं औरंगा नदी से मलय डैम, पोस्तिया नाला डैम, पनघटवा डैम, कचहडवाटांड डैम, कुंडलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम में पानी भरा जाएगा। पैकेज टू के तहत सोन नदी से बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमाकलन डैम और पाइपलाइन के मार्ग पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय में पानी भेजा जाएगा। पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज प्रखंड के कुल 96 गांव लाभावित होंगे।

# रथ पर विराजमान रामदरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र





**डंडीला में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर नौ के डंडीला खुर्द गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसकी शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए रेहला कोयल नदी पहुंचा। जांच वैदिक मंत्रों चरणों के बीच कलश में जल भरा गया। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु कलश शर पर लेकर नंगे पांव वापस मंदिर प्रांगण पहुंचें। जहां विधि विधान और राम नाम के जयघोष के बीच कलश की स्थापना हुई। कलश स्थापना के साथ ही तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ शुरू हो गया, जो रविवार को महाभंडारे के साथ संपन्न होगा। शोभा यात्रा में रथ पर सजा रामदरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा हनुमान जी बने बाल कलाकारों ने भी लोगों को प्रभावित किया। कलश शोभा यात्रा में वरीय कांग्रेसी अमृत शुक्ला, यमुना प्रसाद शुक्ला, प्रो नंदलाल शुक्ला, बलिराम शुक्ला, संजय कुमार शुक्ला, अरविंद शुक्ला, निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, मिथिलेश चौबे, प्रभात रंजन दूबे, विक्की शुक्ला, चंचल शुक्ला, नीरज शुक्ला, श्रवण दूबे, उदय कांत दूबे, ओम प्रकाश शुक्ला, रामदास शुक्ला, अशोक शुक्ला, पवन शुक्ला, विश्वास शुक्ला, गंगेश्वर शुक्ला, दीपक तिवारी, अवनीश दूबे, शुभम शुक्ला आदि शामिल थे।

# हनुमान मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के वार्ड-2 के सैदाबाद गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर का भ्रमण करते हुए देवरी सोननदी पहुंचे। वहां पुरोहित ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया और कलश में जल स्थापित कराया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु बजरंग बली की जय, जय श्री राम का नारा लगाते मंदिर परिसर पहुंचे और कलश को स्थापित किया। शनिवार को आचार्यों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। जबकि रविवार को भंडारे के साथ इस कार्यक्रम का समापन होगा। मौके पर यजमान रामप्रवेश विश्वकर्मा, कपिल शर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता, गोविंद साव, भोला शर्मा, सोनू गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, रामू विश्वकर्मा, उपेंद्र शर्मा, संगीता देवी, सुमन देवी, पिंकी देवी, रीना देवी आदि मौजूद थे।



## स्पोर्ट्स



**अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में अपना दूसरा शतक लगाया है। पुजारा ने ग्रुप ए के मैच में शुक्रवार को जयपुर के मैदान में 110 रन का पारी खेली। वहीं सौराष्ट्र की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 242 रन बनाए हैं।**

### राजस्थान के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए 110 रन की पारी खेली, मुंबई के लिए शॉ की भी वापसी

# चेतेश्वर पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में शतक जमाया

**जयपुर (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में अपना दूसरा शतक जमाया। पुजारा ने 110 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके लगाए। ग्रुप ए के मैच में शुक्रवार को जयपुर के मैदान पर सौराष्ट्र की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन 4 विकेट पर 242 रन बनाए। शेल्डन जैक्सन 78 रन बना कर क्रीज पर है। वे दूसरे दिन अर्पित वसवड़ा के साथ खेल को आगे बढ़ाएंगे। वहीं, दूसरे रणजी मुकाबले में पृथ्वी शॉ ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 159 रन की पारी खेली। उन्होंने 13 अगस्त को इंग्लैंड के डोमेस्टिक टूर्नामेंट में आखिरी मैच खेला था, जिसके बाद उन्हें घुटने में चोट आ गई थी। बतातें चलें कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की टीम 32वें ओवर में 3 विकेट पर 74 रन पर सिमटने के बाद मुश्किल में फंस गई थी। यहां से पुजारा और जैक्सन ने पारी संभाली और साथ 168 रन की साझेदारी की। ओपनिंग करने उतरे केविन जिवरजानी 0 रन और हार्विक देसाई 21 रन बना कर पवेलियन लौटे। वहीं, विश्वराज जडेजा 22 रन ही बना सके।



### कुकना अजय सिंह को 2 विकेट

राजस्थान की ओर से कुकना अयज सिंह को 2 विकेट मिले। वहीं, मानव सुथार और अनिकेत चौधरी को 1-1 विकेट मिला।

### पृथ्वी शॉ की वापसी, 159 रन की पारी खेली

मुंबई के लिए पृथ्वी शॉ की वापसी हो गई है। शुक्रवार को मुंबई ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ रायपुर के मैदान पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। ओपनींग करने उतरे शॉ ने 18 चौके और 3 सिक्स लगा कर 159 रन की पारी खेली। वहीं, उनके साथ भुपेन ललवानी ने 102 रन बनाए। कप्तान रहाणे 1 रन बना कर आउट हुए। मुंबई ने पहले दिन 4 विकेट पर 310 रन बनाए। बॉलिंग में आशीष चौहान को 3 विकेट और विश्वास मलिक को 1 सफलता मिली। दूसरी ओर, कर्नाटक ने चेन्नई के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु के खिलाफ 5 विकेट पर 288 रन बनाए। कर्नाटक के देवदत्त पडिकल 151 रन बनाकर नाबाद है। रविकुमार समर्थ ने भी 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। बॉलिंग में साई किशोर को 3 विकेट मिले। वहीं अजीत राम को 2 विकेट हासिल हुए।

### हरियाणा ने 338 रन बनाए

हरियाणा ने जमशेदपुर में झारखंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन 89 ओवर में 6 विकेट पर 338 रन बनाए। अंकित कुमार ने 109 रन की पारी खेली। वहीं, राहुल तेवतिया 51 रन पर नाबाद है।बॉलिंग में अनुकूल रॉय और उत्कर्ष सिंह को 2-2 विकेट मिले। ववहीं्स, शाहबाज नदीम और सौरभ शेखर को 1-1 सफलता हासिल हुई। दूसरी ओर, केरेला ने बंगाल के खिलाफ टॉस जीतकर तिरुवनंतपुरम नें बल्लेबाजी चुनी। पहले दिन केरल ने 4 विकेट पर 265 रन बनाए। सचिन बेबी 110 रन बनाकर नाबाद है। कप्तान सैमसन 8 रन बना कर आउट हुए। सुरज सिंह, आकाश दीप, अंकित मिश्रा और शाहबाज अहमद को 1-1 विकेट मिला।

## भारत की जीत पर बिफरे बांग्लादेशी फैंस का हंगामा, टीम पर पत्थरबाजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के तहत गुरुवार को खेला गया भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला विवाद के साथ खत्म हुआ। इस मैच के विजेता का फैसला सिक्का उछालकर दिया गया जिसके बाद बांग्लादेशी फैंस ने मैदान पर बोतलें और पत्थर फेंके। इस अफरातफरी के बीच मैच का नतीजा बदल दिया गया। दरअसल, भारत को टॉस के बाद विजेता घोषित गया था जिससे बांग्लादेशी फैंस नाराज हो गए। मैदान पर मौजूद प्रशंसकों ने भारतीय महिला खिलाड़ियों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी जिसके बाद अधिकारियों ने भारतीय खिलाड़ियों को मैदान छोड़ने के लिए कहा। बाद में भारतीय टीम के साथ परामर्श के बाद अपना निर्णय बदल दिया। भारत और बांग्लादेश को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया गया।**

# भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन


ग्रामीणों के साथ भाजपा नेता बबलू सिह व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा की ओर से आयोजित गांव चलो अभियान के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के ऊपरी कला व ऊपरी खुर्द में भाजपा नगर मंडल व उरद्वार मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह गांव चलो अभियान के विधानसभा प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मोदी सरकार के विकास कार्यो से रूबरू कराया गया। वहीं, प्रबुद्धजनों से मिलकर एक बार पुनः भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने की अपील की गई। मौके पर भाजपा के वरीय नेता रामप्रवेश सिंह, रणविजय सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, रविंद्र ठाकुर, विकास कुमार, बिरबली यादव, ललन यादव, विकास मेहता आदि मौजूद थे।

**निर्देश:** भाजपा के गांव चलो अभियान को लेकर कुर्रा एवं बिजुलिया मंडल की हुई संयुक्त बैठक

# 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए समाज को आगे लाना होगा: अमर बाउरी



भाजपा की कुर्रा व बिजुलिया मंडल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी व अन्य।

**गांव में 24 घंटे गुजारकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को कराना है अवगत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** चास स्थित दीपांजलि पैलेस में भाजपा की कुर्रा एवं बिजुलिया मंडल की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने किया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी उपस्थित थे। उन्होंन् कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड के 90 हजार गांवों में गांव चलो अभियान के तहत प्रवासी नेतागण को जाना है। जिसके लिए दोनों मंडल की सूची बना दी गई है। वहां जाकर 16 प्रकार के काम करने है। पूरे चौबीस घंटे गांव में बिताकर गांव की स्थिति का आंकलन करना है। वहां पन्ना प्रमुख से लेकर ख्याति प्राप्त लोगों, मजदूरों किसानों, व्यापारियों और अध्यापकों से मिलना-जुलना है। उनके जीवन स्तर के बारे में जानकारी लेनी है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी पर बात करनी है। आदर्श गांव के रूप में गांव को विकसित करने के लिए चर्चा करनी है। पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और चिकित्सा सबको मिले इसकी रुपरेखा तय करनी है। 2047 तक देश विकसित भारत बने इसके लिए समाज को आगे लाना है। होनहार छात्रों, खिलाड़ी, प्रतिभावान विद्यार्थियों और कुशल कारीगरों से भेंट करना है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अंबिका खवास, कुर्रा मंडल अध्यक्ष पंचानन महतो, राजीव चौबे, गौर रजवार, बनमाली दत्ता, खगेन महथा, अर्जुन सिंह, बाटुल प्रमाणिक, रजनी महतो, पशुपति महतो, त्रिलोचन झा, रामपत्री रजवार, प्रकाश दास, अनूप सिंह, अभिजीत खवास, शंकर, गौरी, आशुतोष दुबे और नारायण शाह आदि उपस्थित हुए।

# पंप हाउस में चोरी, 400 घरों में ठप हुई जलापूर्ति

**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनसार पंप हाउस में गुरुवार की रात सेंधमारी कर चोरों ने करीब 20 हजार रुपये के उपकरण सहित क्षेत्र में जलापूर्ति किए जा रहे एक पाइप को काट लिया। इससे धनसार कैंटीन साइड, नई दिल्ली, हरिपुर धौड़ा, पोथी सेंटर व झा कालोनी क्षेत्र के लगभग 400 घरों में पीटवाटर आपूर्ति ठप है। इस घटना की सूचना कर्मियों ने धनसार कोलियरी प्रबंधन को दी है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रबंधन से दूसरा पाइप लगाकर जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। बतातें चलें कि चोरों का दल पंप हाउस का ताला तोड़कर अंदर घूस गया और टूल बाक्स व कई उपकरण चोरी कर लिया। वहीं जिस पाइपलाइन से उक्त क्षेत्र में जलापूर्ति होती थी। उसका भी एक पाइप काटकर ले गए।

# टुंडी विधायक ने किया तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** केंदुआटांड गांव स्थित सरकारी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। पूर्वी टुंडी के केंदुआटांड गांव में धनबाद भूमि संरक्षण विभाग की ओर से निर्मित सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार कार्य होना है। उक्त तालाब की लागत 20 लाख 92 हजार 900 रुपए है। इस तालाब के बन जाने से यहां के किसान पानी पर आत्मनिर्भर हो जाएंगे। बताया जाता है की टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा इन दिनों अपने विधानसभा क्षेत्रों में लगातार पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यहां के ग्रामीणों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस मौके पर झामुमो नेता मदन महतो, बसंत महतो, रामचंद्र मुर्मू, अजीत मिश्रा, दिनेश रजक, वशीर अंसारी आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं को जहां भी जरूरत पड़ेगी मैं उनके साथ खड़ी रहूंगी : रागिनी सिंह



**धनबाद/भगतडीह (आजाद सिपाही)।** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा के नेता-कार्यकर्ता 24 घंटा गांव में प्रवास करेंगे। वहां प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो एवं योजनाओं से जन-जन को अवगत करायेंगेंम व पहुंचायेंगें। जिसके निमित्त भाजपा ने सभी बूथों पर प्रवाशी कार्यकर्ताओं की सूची भी जारी कर दी है। शुक्रवार को बस्ताकोला मंडल की एक बैठक हुई। जिसमें मंडल के सभी 39 बूथों के प्रवाशी कार्यकर्ताओं को किट दिया गया। इनको बूथ पर 24 घंटा प्रवास करना है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया विधानसभा के सभी 346 बूथों तक कार्यकर्ता पहुंचेंगे। भाजपाई निष्ठा पूर्वक अपने दायित्व का निर्वाहन करेंगे, ताकि मोदी जी के कार्यकाल के विकास कार्यों को आम जनता जान सकें। यही कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ हैं। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता ही जीत दिलाते हैं। रागिनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को जहां मेरी जरूरत महसूस होगी वहां मैं उनके लिए पूरी ताकत के साथ खड़ी रहूंगी। इस दौरान संतोष शर्मा, संजय तिवारी, बप्पी बाउरी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, अनित सिंह, रवि मिश्रा, आकाश पासवान, कौशल वर्मा, विकास कुमार, अमित बाउरी, रंभू ओझा, मधेसर चंदवंशी, बबलू सिंह, सुप्रियो रंजन, शंकर लोहार आदि उपस्थित थे।

# टुंडी विधायक पहुंचे वीरेंद्र हांसदा के पैतृक आवास, परिजनों को मदद का आश्वासन



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** विधायक मथुरा प्रसाद महतो शुक्रवार को पूर्वी टुंडी प्रखंड के केंदुआटांड निवासी वीरेंद्र हांसदा के पैतृक आवास पहुंचे। जहां उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही पीड़ित परिवारों से मिले और दुःख की इस घड़ी में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बताया जा रहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की सूचना से आहत होकर मौत हो गई थी। इसकी सूचना पाकर इस दिन विधायक मथुरा महतो उनके आवास पहुंचे थे। विधायक ने केंदुआटाड सड़क का नामकरण शहीद वीरेंद्र हांसदा करने की बात कही। जिसकी आधारशिला शनिवार को रखीं जायेगी। लगे हाथ उनकी याद में लटानी मोड़ से बाइक जुलूस भी निकाला जायेगा। मौके पर पूर्वी टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, रामचंद्र मुर्मू, ऐनुल अंसारी, वशीर अंसारी, दिनेश रजक, अजीत मिश्रा, आजाद अंसारी आदि मौजूद थे।


**न्यायालय, समाहर्त्ता–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

## न्यायालय सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सूचिबद्ध वन वादों में अतिक्रमणकारियों / अभियुक्तों द्वारा अधिसूचित वन में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध न्यायालय समाहर्त्ता–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में बी0पी0एल0ई0 वाद प्रारम्भ कर सुनवाई की जा रही है। इस वाद में सुनवाई हेतु अन्तिम तिथि 28.02.2024को निर्धारित की गयी है।

अतः वादों से संबंधित अतिक्रमणकारियों/अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि आप स्वंय या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28.02.2024को सुबह 11:30 बजे न्यायालय समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दी जायगी।

वाद की विवरणी

| क्र0 सं0 | जी0एफ0 वाद सं0 | बी0पी0 एल0ई0 वाद सं0 | मौजा | प्लौट सं0 | रकवा (एकड में) | अभियुक्तों का नाम पता | सुनवाई हेतु निर्धारित अन्तिम तथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 548/2019 | 17/2019 | बाघमारा | 8 & 15 | 1.95 | 1. टेकलाल यादव पिता स्व0 लालधारी यादव<br>2. सहादेव यादव पिता स्व0 लालधारी यादव<br>3. रामचन्द्र यादव पिता स्व0 सोना यादव<br>4. सुखदेव यादव पिता स्व0 किशुन यादव<br>5. मेघु पण्डित पिता स्व0 समर पण्डित<br>6. किसुन पण्डित पिता स्व0 समर पण्डित<br>सभी ग्राम बाघमारा, थाना बरही, जिला हजारीबाग । | 28.02.2024 |
| 2 | 355/2017 | 51/2017 | चाँदगढ़ | 133 | 0.50 | 1. डेगलाल यादव, पिता स्व0 बढ़न यादव<br>2. सरयु यादव, पिता स्व0 बढ़न यादव<br>3. अर्जून यादव, पिता स्व0 बढ़न यादव<br>4. तुलसी यादव, पिता स्व0 बढ़न यादव<br>5. मनोज यादव, पिता अर्जून यादव<br>सभी ग्राम चाँदगढ़, थाना–बरकठ्ठा,हजारीबाग। | 28.02.2024 |
| 3 | 354/2017 | 50/2017 | चाँदगढ़ | 133 | 0.04 | 1. सुरेन्द्र मिंघा, पिता स्व0 लाटो मिंघा<br>2. बिरेन्द्र यादव, पिता बद्री यादव<br>3. रामचन्द्र मिंघा, पिता बलदेव मिंघा<br>4. मनोज मिंघा, पिता स्व0 लाटो मिंघा<br>5. तुलसी मिंघा, पिता स्व0 लाटो मिंघा<br>6. तेजा मिंघा, पिता स्व0 सोमर मिंघा<br>सभी ग्राम चाँदगढ़, थाना–बरकठ्ठा,हजारीबाग। | 28.02.2024 |
| 4 | 57/2017 | 71/2017 | पिण्डार कोन | 1744 | 0.04 | 1. संतोश भुईयाँ, पिता टुकन भुईयाँ<br>2. कृष्णा भुईया, पिता देवल भुईयाँ<br>3. राजेष भुईया, पिता जीवलाल भुईयाँ<br>ग्राम–करर, पदमा, हजारीबाग। | 28.02.2024 |
| 5 | 367/2016 | 36/2017 | गेरूघाट | 01 | 0.69 | 1. जीवलाल भुईयाँ, पिता विदेशी भुईयाँ<br>2. गणेष भुईयाँ पिता बाबुलाल भुईयाँ<br>3. प्रमोद भुईयाँ, पिता स्व0 फौजी भुईयाँ<br>4. बनवारी भुईयाँ, पिता लालजी भुईयाँ<br>5. तुलसी भुईयाँ, पिता महेष भुईयाँ<br>6. संजय भुईयाँ, पिता गोविन्द भुईयाँ<br>7. नन्कु भुईयाँ, पिता प्यारी भुईयाँ<br>ग्राम सिंहपुर, चौपारण, हजारीबाग। | 28.02.2024 |
| 6 | 466/2016 | 46/2017 | चाँदगढ़ | 133 | 0.03 | 1. कारू राम पासवान, पिता बिसो पासवान<br>2. तेजो मिंघा, पिता सोमर मिंघा<br>3. जागो मिंघा, पिता सोमर मिंघा<br>4. धानु मिंघा, पिता बलदेव मिंघा<br>5. सुरेन्द्र मिंघा, पिता स्व0 लाटो मिंघा<br>6. छटु मिंघा, पिता सुकर मिंघा<br>7. मोहन मिंघा, पिता मंगर मिंघा<br>8. रोहन मिंघा, पिता सुकर मिंघा<br>सभी ग्राम चाँदगढ़, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 7 | 468/2017 | 47/2017 | चाँदगढ़ | 133 | 0.03 | 1. कारू राम पासवान, पिता बिसो पासवान<br>2. तेजो मिंघा, पिता सोमर मिंघा<br>3. जागो मिंघा, पिता सोमर मिंघा<br>4. धानु मिंघा, पिता बलदेव मिंघा<br>5. सुरेन्द्र मिंघा, पिता स्व0 लाटो मिंघा<br>6. छटु मिंघा, पिता सुकर मिंघा<br>7. मोहन मिंघा, पिता मंगर मिंघा<br>8. रोहन मिंघा, पिता सुकर मिंघा<br>सभी ग्राम चाँदगढ़, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 8 | 380/2016 | 34/2017 | बड़कन गांगो | 120 | 0.04 | 1. जैनुल अंसारी, पिता कादिर अंसारी<br>2. मंसुर अंसारी, पिता रहमान अंसारी<br>सभी ग्राम बड़कनगांगो थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 9 | 334/2016 | 33/2017 | बड़कन गांगो | 120 | 0.02 | 1. अब्बास हुसैन, पिता नाजिर मियां<br>2. मो0 कयूम अंसारी, पिता नाजिर हुसैन<br>3. मो0 अफजल अंसारी, पिता नाजिर हुसैन<br>4. सराजउद्दीन,<br>5. अयुब अंसारी, पिता मो0 अफजल अंसारी<br>6. हरिलाल प्रसाद, पिता सरयु प्रसाद<br>सभी ग्राम बड़कनगांगो थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 10 | 611/2016 | 68/2017 | कुमरडी हा | 01 | 0.15 | 1. छोटा महबुब, पिता जहुर मियां<br>2. नियाजुल मियां, पिता जहुर मियां<br>3. बड़ा महबुब, पिता उसमान मियां<br>4. नौशाद अंसारी, पिता इब्राहिम मियां<br>5. कलाम मियां, पिता काशिम मियां<br>6. नईम मियां, पिता हजिअद्दुद मियां<br>सभी ग्राम कोरहराकला थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 11 | 490/2016 | 48/2017 | चाँदगढ़ | 133 | 0.03 | 1. कारू राम पासवान, पिता बिसो पासवान<br>2. तेजो मिंघा, पिता सोमर मिंघा<br>3. जागो मिंघा, पिता सोमर मिंघा<br>4. धानु मिंघा, पिता बलदेव मिंघा<br>5. सुरेन्द्र मिंघा, पिता स्व0 लाटो मिंघा<br>6. छटु मिंघा, पिता सुकर मिंघा<br>7. मोहन मिंघा, पिता मंगर मिंघा<br>8. रोहन मिंघा, पिता सुकर मिंघा<br>9. तुलसी मिंघा, पिता सुकर मिंघा<br>10. परमेष्वर मिंघा, पिता गांगो मिंघा<br>11. सुमु मिंघा, पिता मोहन मिंघा<br>12. मनोज मिंघा, पिता स्व0 लाटो मिंघा<br>सभी ग्राम चाँदगढ़, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 12 | 331/2017 | 49/2017 | चौन्दगढ़ | 133 | 0.80 | 1. बिरेन्द्र यादव, पिता स्व0 बद्री यादव<br>2. मनोज मिंघा, पिता लाटो मिंघा<br>3. तेजो मिंघा, पिता सोमर मिंघा<br>4. मुनिया देवी, पिता मनोज मिंघा<br>सभी ग्राम चाँदगढ़, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 13 | 363/2016 | 19/2017 | कोलुआ कुदर | 300 | 0.30 | 1. शंकर पासवान, पिता लेखो पासवान<br>ग्राम कोलुआकुदर, थाना–चलकुशा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 14 | 322/2016 | 32/2017 | बड़कन गांगो | 120 | 0.02 | 1. जहाँगीर अंसारी, पिता अब्दुल रहमान<br>ग्राम बड़कनगांगो, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 15 | 320/2016 | 31/2017 | बड़कन गांगो | 120 | 0.02 | 1. मंसुर आलम, पिता अबदुल रहमान<br>2. नजामुद्दीन पिता अबदुल रहमान<br>ग्राम बड़कनगांगो, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 16 | 238/2017 | 118/2018 | जतघघ रा | 1345 | 0.01 | 1. जगदीश यादव, पिता मंगर यादव<br>ग्राम जतघघरा, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 17 | 178/2017 | 119/2018 | झुरझुरी | 20 | 0.02 | 1. बबनी रविदास, पिता स्व0 छोटी रविदास<br>2. भुशण रविदास, पिता बबनी रविदास<br>ग्राम झुरझुरी, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 18 | 755/2019 | 21/2019 | हारमबार | 1 | 0.02 | 1. परमेश्वर महतो, पिता स्व0 दुखन महतो<br>ग्राम चम्पाडीह, पदमा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 19 | 449/2018 | 3/2019 | नगर बरसोत | 1554 | 0.50 | 1. कारू राम, पिता स्व0 अर्जून राम, ग्राम नगर बरसोत, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 20 | 333/2018 | 77/2018 | खोड़ाआ हर | 1024 | 0.03 | 1. बेनी चौधरी, पिता स्व0 अर्जून पासवान<br>ग्राम–खोड़ाआहर, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 21 | 448/2018 | 2/2019 | नगर बरसोत | 1635 | 0.27 | 1. गुड्डु भुइयाँ, पिता स्व0 कुशा भुईयाँ<br>ग्राम नगर बरसोत, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 22 | 44/2019 | 11/2019 | चौबे | 4421 | 0.02 | 1. राजु सिंह, पिता शनिचर सिंह<br>ग्राम चौबे, चलकुशा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 23 | 1712/2022 | 16/2022 | कुण्डवा | 170 | 1.40 | 1. ऋृशि मेहता, पिता दशरथ मेहता<br>2. कुलदीप कुमार मेहता, पिता स्व0 भुनेश्वर मेहता ग्राम रोमी, पदमा ओ0 पी0, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 24 | 588/2018 | 134/2018 | कोनरा | 1563 | 0.05 | 1. इसमाईल मियां, पिता बंधन मियां<br>ग्राम कोनरा, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 25 | 194/2020 | 9/2021 | बुढीडीह | 469 | 1.32 | 1. निर्मल भुईया, पिता स्व0 गुडन भुइयां<br>2. निरपत भुईयां, पिता रामकाली भुईयां<br>3. टेकलाल भुईया, पिता रामकाली भुईया<br>ग्राम बुढीडीह, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 26 | 142/2020 | 10/2021 | कटघरा | 966 | 0.0025 | 1. राजु यादव, पिता रामेश्वर यादव,<br>2. अर्जून यादव, पिता प्रयाग यादव<br>ग्राम कटघरा, चलकुशा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 27 | 92/2014 | 12/2021 | केदारूत | 1499 | 16.40 | 1. देवनन्दन यादव, पिता रामधनी यादव,<br>2. पप्पु यादव, पिता मुंशी यादव<br>ग्राम केदारूत, पदमा ओ0 पी0, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 28 | 410/2018 | 123/2018 | घियाही | 02 | 0.01 | 1. मरशीद वारसी, पिता इस्माईल वारसी<br>ग्राम घियाही, पदमा ओ0 पी0, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 29 | 10/2019 | 6/2019 | हरहद | 2367, 2368 | 100.00 | 1. सुशील बजाज, पिता स्व0 परमेश्वर बजाज<br>2. बिनोद खेरिया, पिता स्व0 सावललाल खेरिया बोरिंग रोड, पटना बिहार | 28.02.2024 |
| 30 | 276/2017 | 117/2018 | बनपुरा | 261 | 0.04 | 1. रूपाली महतो, पिता स्व0 लीलो महतो<br>2. अर्जून चौधरी, पिता रूपाली महतो<br>ग्राम बनपुरा थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 31 | 335/2017 | 116/2018 | झुरझुरी | 20 | 0.01 | 1. राम सहाय प्रसाद, पिता बाबुलाल महतो<br>2. चितरंजन प्रसाद, पिता बाबुलाल महतो<br>3. हीरालाल प्रासद, पिता बाबुलाल महतो<br>4. संतोष प्रसाद, पिता बाबुलाल महतो<br>ग्राम अलपिटो, थाना–बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 32 | 418/2018 | 122/2018 | गुडियो | 700 | 1.24 | 1. राम किशुन ठाकुर, पिता स्व0 मुरत ठाकुर<br>2. रामेश्वर ठाकुर, पिता स्व0 मुरत ठाकुर<br>3. बंशी ठाकुर, पिता दुखी ठाकुर<br>4. केदार ठाकुर पिता स्व0 महादेव ठाकुर<br>5. राजेन्द्र ठाकुर, पिता प्रयाग ठाकुर<br>ग्राम गुडियो, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 33 | 612/2016 | 121/2018 | गयपहाड़ी | 02 | 0.40 | 1. अर्जन महतो, पिता स्व0 सुन्दर महतो<br>2. द्वारिका महतो, पिता स्व0 सुन्दर महतो<br>3. सहदेव महतो, पिता स्व0 सुन्दर महतो<br>4. नकुल महतो, पिता स्व0 सुन्दर महतो<br>ग्राम गयपहाडी, बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 34 | 532/2016 | 9/2017 | बीघा | 253 | 1.01 | 1. जानकी यादव, पिता अमल यादव<br>ग्राम बीघा, चौपारण, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 35 | 415/2016 | 13/2017 | पुन्दरी | 328 | 1.50 | 1. दामोदर राणा, पिता झमन राणा<br>2. गोपाल राणा, पिता झमन राणा<br>ग्राम पुन्दरी, कटकमदाग, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 36 | 30/2017 | 35/2017 | कोलंगा | 104 | 0.17 | 1. सोनु गोप, पिता नागो गोप<br>ग्राम पंचमाधो, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 37 | 142/2017 | 26/2017 | मनार | 32 | 0.12 | 1. मो0 जगनी, पति स्व0 नुनु यादव<br>2. सकलदेव ठाकुर पिता सनु ठाकुर<br>3. बनवारी साव, पिता हेमल साव<br>ग्राम मनार, कटकमसांडी, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 38 | 656/2016 | 05/2016 | ताजपुर | 83 | 0.80 | 1. जोरो मुण्डा, पिता लारटी मुण्डा<br>2. पंचम मुण्डा, पिता मुण्डा मुण्डा<br>3. सोमर मुण्डा, पिता इसरू मुण्डा<br>4. बगरथ मुण्डा, पिता देबा मुण्डा<br>5. महादेव मुण्डा, पिता सुन्दर मुण्डा<br>6. लोदरा मुण्डा, पिता नागो मुण्डा<br>ग्राम ललकी माटी, चौपारण, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 39 | 655/2016 | 4/2017 | ताजपुर | 83 | 1.00 | 1. बंधन मुण्डा, पिता एतवा मुण्डा, ग्राम होरम<br>2. सनिका मुण्डा, पिता महातु मुण्डा, ग्राम बेदाडीह,<br>3. सोनु मुण्डा, पिता डडु मुण्डाग्राम उलातु<br>4. हरि मुण्डा, पिता जगनाथ मुण्डा, ग्राम हुहुदाग, सभी थाना नामकुम, जिला रांची | 28.02.2024 |
| 40 | 533/2016 | 10/2017 | सोहरा | 4 | 0.80 | 1. रामेश्वर यादव, पिता स्व0 किशुन यादव<br>2. रूदन यादव, पिता रामेश्वर यादव<br>ग्राम सोहरा, चौपारण, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 41 | 657/2016 | 6/2017 | ताजपुर | 83 | 2.00 | 1. अर्जून मुण्डा, पिता जगरनाथ मुण्डा, ग्राम हुहुदाग<br>2. सुखलाल मुण्डा, पिता महतो मुण्डा, ग्राम बेलाडीह<br>3. अर्जुन मुण्डा, पिता कुबर मुण्डा, ग्राम तारू<br>4. सुकराम मुण्डा, पिता बंधन मुण्डा, ग्राम होरम, सभी थाना नामकुम, जिला–रांची। | 28.02.2024 |
| 42 | 10/2016 | 18/2017 | पिण्डार कोन | 1838 | 0.06 | 1. टेकन भुईयाँ, पिता दिग्गु भुईयां<br>2. रामदेव भुईयां, पिता टेकन भुईयां<br>ग्राम पिण्डारकोन, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 43 | 505/2018 | 133/2018 | भण्डार | 172 | 0.01 | 1. कृष्णा दांगी, पिता स्व0 हेमराज प्रसाद दांगी<br>2. निकेश दांगी, पिता स्व0 हेमराज प्रसाद दांगी<br>सभी ग्राम भंडार, चौपारण, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 44 | 444/2018 | 1/2019 | पुनाई | 672 | 0.20 | 1. बिशुन महतो, पिता भागी महतो<br>ग्राम पुनाई, थाना–दारू, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 45 | 46/2018 | 124/2018 | बनपुरा | 231 | 0.02 | 1. मणी महतो, पिता स्व0 डियर महतो,<br>2. मंदु चौधरी, पिता मनी महतो<br>3. रूपाली महतो, पिता लिलो महतो<br>ग्राम बनपुरा, बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 46 | 368/2020 | 8/2021 | कोनरा | 1563 | 0.02 | 1. किशुन यादव, पिता रेवल यादव<br>2. राजु यादव, पिता रेवल यादव<br>ग्राम कोनरा, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 47 | 1491/2019 | 3/2021 | दुलमाहा | 19 | 0.0015 | 1. झरी भुईया, पिता स्व0 गणेष भुईया<br>2. चरकु भुईयां, पिता स्व0 ललु भुईया<br>3. जोधी भुईयां, पिता बढ़न भुईयां<br>4. कैलाश रविदास, पिता राम सहाय रविदास<br>ग्राम दुलमाहा, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 48 | 360/2016 | 22/2016 | राउतपरा | 133 | 2.00 | 1. गोविन्द महतो, पिता शिवा महतो<br>2. मनोज महतो, पिता धनकु महतो<br>3. बेंगु महतो, पिता मोहन महतो,<br>4. बेनी महतो पिता खैटा महतो<br>5. बनवारी साव, पिता हेमल साव<br>ग्राम बादम, बड़कागांव, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 49 | 205/2018 | 125/2018 | बेड़ोकला | 845 | 0.46 | 1. लालधारी पंडित, पिता बालो पंडित<br>2. डोमन पंडित, पिता बालो पंडित<br>ग्राम बेडोकला, बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 50 | 545/2018 | 139/2018 | चम्पाडीह | 3 | 0.97 | 1. सुरज महतो, पिता स्व0 तिलक महतो<br>2. बिनु राम, पिता सहदेव राम<br>3. रामु भुईयां, पिता स्व0 सरयु भुईयां<br>4. छोटी भुईयां, पिता स्व0 सरयु भुईयां<br>5. भीमा भुईयां, पिता स्व0 गुड्डु भुईयां<br>6. मुकेष भुईयां, पिता स्व0 डमरू भुईयां<br>7. कार्तिक भुईयां, पिता स्व0 डमरू भुईयां<br>8. सुनील भुईयां, पिता स्व0 सहादेव भुईयां<br>ग्राम चम्पाडी, पदमा ओ0 पी0, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 51 | 442/2016 | 41/2016 | हेवई | 9 | 0.35 | 1. बिशु भुईयां, पिता स्व0 धुजा भुईयां<br>2. बैजनाथ भुईयां, पिता स्व0 दसु भुईयां<br>3. होरिल भुईयां, पिता स्व0 मंटु भुईयां<br>4. झरी भुईयां, पिता स्व0 महेष भुईयां<br>5. माथुर भुईयां, पिता स्व0 महेश भुईयां<br>6. लुरक भुईयां, पिता स्व0 अकल भुईयां<br>7. दिपन भुईयां, पिता स्व0 अकल भुईयां<br>ग्राम हेवई, केरेडारी, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 52 | 431/2016 | 35/2016 | बड़कन गांगो | 120 | 0.04 | 1. मंसुर अंसारी, पिता रहमान मियां<br>2. जहांगीर अंसारी, पिता रहमान मियां<br>ग्राम बड़कनगांगो, बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 53 | 403/2016 | 28/2016 | गुंजरा | 50 | 2.50 | 1. अरूण प्रसाद महतो, पिता चिन्तामणी महतो<br>ग्राम गुन्जरा, बरकठ्ठा, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 54 | 398/2016 | 27/2016 | बेस | 286 | 2.00 | 1. मालो महतो, पिता लालजीत महतो<br>2. संतोश महतो, पिता मालो महतो<br>ग्राम बेस, कटकमसांडी, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 55 | 371/2016 | 23/2016 | फतहा | 208 | 2.00 | 1. ललन महतो, पिता बंशी महतो<br>2. बासुदेव गंझु, पिता परमेश्वर गंझु<br>ग्राम हारम, कटकमदाग, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 56 | 336/2016 | 17/2016 | बांझी | 5 | 2.00 | 1. राजेन्द्र भुईयां, पिता गौरी भुईयां<br>2. द्वारिका भुईयां, पिता गौरी भुईयां<br>3. निरंजन रविदास, पिता स्व0 बुधन रविदास,<br>4. ज्ञानी रविदास, पिता स्व0 बुधन रविदास<br>5. चन्द्रदेव भुईयां, पिता गनौरी भुईयां<br>6. लेखो रविदास, पिता स्व0 बुधन रविदास<br>ग्राम पेटुला, चौपारण, हजारीबाग | 28.02.2024 |
| 57 | 343/2016 | 19/2016 | गम्हरिया | 11 | 3.00 | 1. योगेन्द्र साव, पिता रामशरण साव<br>2. दिलीप साव, पिता रामशरण साव<br>3. छोटन साव, पिता रामशरण साव<br>4. राम स्वरूप साव, पिता बुधन साव<br>ग्राम गम्हरिया, बरही, हजारीबाग | 28.02.2024 |

न्यायालय, समाहर्त्ता, –सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 318417 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

## लिंग परीक्षण के आरोप में स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर के घर मारा छापा



भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)। लिंग परीक्षण के आरोप में डॉक्टर के घर पर रेड । कटक फ्रेंड्स कॉलोनी में डॉक्टर अवैध लिंग परीक्षण कर रहे थे। सूचना मुताबिक राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की एक टीम के साथ उपजिलापाल के नेतृत्व में कटक फ्रेंड्स कॉलोनी में रेड किया गया है। 3 दलालों के साथ अल्ट्रासाउंड मशीन, नकदी रुपए और मोबाइल जब्त किया गया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी डॉक्टर पुण्यश्लोक दास पहले भी दो बार पकड़ा जा चुका है। डॉक्टर अपने घरेलू क्लिनिक में अवैध लिंग परीक्षण कर रहे थे।

# पीएम मोदी ने सांसदों से कहा साथ चलिये, सजा नहीं दूंगा

## टीडीपी भाजपा और बीजेडी मेंबर्स के साथ कैंटीन में लंच किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संसद की कैंटीन में कई राजनीतिक दलों के सांसदों के साथ लंच किया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि इन सांसदों को दोपहर ढाई बजे इस अनौपचारिक लंच की सूचना मिली। प्रधानमंत्री जब कैंटीन में पहुंचे तो सांसदों से कहा मेरे साथ चलिए, आपको सजा नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री के साथ लंच में भाजपा सांसद हिना गावित, एस फेंगनोन कोन्याक, जामयांग नाम्ग्याल, एल मुरुगन, टीडीपी सांसद राम मोहन नायडू, बसपा सांसद रितेश पांडे और इखऊ सांसद सस्मित पात्रा मौजूद थे।

प्रधानमंत्री और सांसदों की यह लंच मीटिंग करीब 45 मिनट चली। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर चार तस्वीरें शेयर कीं और लिखा-आज दोपहर में



शानदार भोजन का आनंद लिया। विभिन्न दलों और देश के विभिन्न हिस्सों से आये सांसदों के सहयोग से यह और भी बेहतर बन गया।

**सांसदों ने पूछा-बिजी शेड्यूल मैनेज कैसे करते हैं।**

इस दौरान सांसदों ने प्रधानमंत्री से उनकी लाइफ स्टाइल के बारे में सवाल किया। सवाल पूछे कि वो उठते कब हैं, इतने बिजी शेड्यूल को मैनेज कैसे करते हैं।

**लंच में चावल-दाल, खिचड़ी और रागी के लड्डू :** पीएम और सांसदों ने चावल, दाल, खिचड़ी, रागी और तिल के लड्डू खाये। लंच के बाद प्रधानमंत्री ने पी एम ओ को लंच का बिल पे करने को कहा। लंच में मौजूद एक सांसद ने एनडीटीवी को बताया कि ये बिल्कुल अनौपचारिक लंच था। ऐसा लगा ही नहीं कि हम लोग प्रधानमंत्री के साथ बात कर रहे हैं। ये बहुत अच्छा अनुभव था।

**शरीफ से मुलाकात के अलावा विदेश दौरों पर बात की**

प्रधानमंत्री ने सांसदों के साथ अपने विदेश दौरों, नवाज शरीफ के साथ मुलाकात, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, अबुधाबी के मंदिर के बारे में बात की। अबुधाबी में पहले मंदिर की नींव 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने ही रखी थी। 14 फरवरी को वे इसका उद्घाटन करेंगे।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बूथों में वोटर लिस्ट के साथ किट का वितरण किया

आजाद सपिाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार विधानसभा क्षेत्र के डोरंडा मंडल में शुक्रवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में डोरंडा भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही भाजपा गांव चलो अभियान की शुरुआत की है। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि यह अभियान 9 से 11 फरवरी तक भाजपा का गांव चलो अभियान चलेगा। इसके तहत पार्टी के सभी पदाधिकारी और नेता गांव में प्रवास करेंगे। भाजपा के कार्यकर्ता 24 घंटे तक बूथों पर प्रवास



करेंगे। नेताओं को प्रवास की जिम्मेदारी भी सौंप दी गयी है। इस दौरान नेता, स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठा चुके लाभार्थी अपने अनुभव को भी साझा करेंगे। इसके साथ ही प्रवास के दौरान पार्टी के कार्यकर्ता, योजना का लाभ उठाने में जनता को आ रही दिक्कतों का निराकरण भी करेंगे। वहीं धनवार विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों में वोटर लिस्ट के साथ किट का वितरण किया गया। इस मौके पर डोरंडा मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा, मंसाडीह मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पवन सिंह, सांसद प्रतिनिधि अशोक राय, भोपाल सिंह, शंभु सिंह, लोकेश चौधरी, विजय पांडेय, अमरदीप निराला, विशाल पांडेय, नकुल राय मौजूद थे।

# एमसीएल ने ओड़िशा सरकार को 30 एंबुलेंस दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने ओडिशा के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। जिसमें आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रत्येक जिले को एडवांस लाइफ एम्बुलेंस (एएलएस) देने हेतु लिए एमसीएल ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत 17.76 करोड़ रुपये मंजूरी दी है । एमसीएल के सीएसआर पहल "आरोग्य" नामक परियोजना के तहत ओडिशा के 30 जिलों में आघात देखभाल और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ ओडिशा राज्य के लोगों को उन्नत



मान चिकित्सा सुविधा प्रावधान करने के लिए एमसीएल ने सहायता करने का बीड़ा उठाया है। भुवनेश्वर में आयोजित उक्त ज्ञापन समझौता में एमसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री रजनीकांत पाणिग्रही तथा ओडिशा सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल?याण विभाग की ओर से डॉ. विजय कुमार महापात्र, निदेशक, स्वास्थ्य सेवा के बीच ज्ञापन समझौता पर हस्ताक्षर किए गये। सीएमडी श्री उदय अनंत काओले ने अपने बधाई संदेश में कहा कि "एमसीएल समाज में सार्थक योगदान देने के लिए समर्पित है, और 'आरोग्य' परियोजना ओडिशा के लोगों में स्वास्थ्य सेवा की देखभाल करने में योगदान दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक जिले में एएलएस एम्बुलेंस प्रदान करके प्रत्येक नागरिक के लिए त्वरित और कुशल आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदान करना है।

# विधानसभा का आखिरी सत्र संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** 16वीं विधानसभा का आखिरी सत्र सम्पन्न हो गया। विधानसभा सम्पन्न होने के बाद दोनों सत्ता विरोधी एक फ्रेम में नजर आये। सत्तारूढ़ और विरोधी शासक एक ही साथ फोटो शूट के लिए आए और एक-दूसरे को उनकी आगामी राजनीतिक यात्रा के लिये शुभकामनाये दीं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ इस फोटो शूट के दौरान कई विधायक भावुक हो गए । सूर राउतराय, नरसिंह मिश्र जैसे नेताओं का यह आखिरी विधानसभा सत्र था। क्योंकि दोनों पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि वे 2024 का चुनाव नहीं लड़ेंगे । इसी तरह 2024 के चुनाव में अनेक विधायकों के टिकट कट सकते हैं। इसलिए आम चुनाव से पहले विधायक भावुक हो गए हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता नरसिंह मिश्र ने कहा, "विधानसभा मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगी" मैं अगला चुनाव नहीं लड़ूंगा। विधानसभा से बहुत कुछ सीखने को मिला. इसलिए यह आखिरी सत्र हमेशा याद रहेगा। उसी तरह काग्रेस के वरिष्ठ विधायक सुरेश राउत्रराय ने आखिरी बार विधानसभा से बाहर आने के बाद नतमस्तक हुए और भावुक होकर कहा कि वह फिर कभी यहां नहीं आयेंगे।

# एम्स भुवनेश्वर बाल रोग विभाग ने 9 वर्षीय लड़के की जान बचायी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एक उल्लेखनीय और अग्रणी प्रयास में, एम्स भुवनेश्वर के बाल रोग विभाग ने एक 9 वर्षीय लड़के के पेट में फंसी सिलाई की सुई को निकालने के लिए ब्रोन्कोस्कोपिक हस्तक्षेप करके सफलतापूर्वक उसकी जान बचाई। पश्चिम बंगाल के रहने वाले युवा मरीज को फेफड़े के बाये निचले लोब ब्रोन्कस लेटरल सेगमेंट में लगभग 4 सेमी लंबी एक सिलायी सुई चुभाने के बाद एम्स भुवनेश्वर लाया गया था। डॉ. रश्मी रंजन दास, डॉ. कृष्णा एम गुल्ला, डॉ. केतन और डॉ. रामकृष्ण सहित बाल रोग विशेषज्ञों की विशेषज्ञ टीम ने बिना किसी जटिलता के सुई निकालने के लिए कुशलतापूर्वक ब्रोंकोस्कोपिक हस्तक्षेप किया। लगभग 1 घंटे की पूरी प्रक्रिया ने युवा रोगी को एक बड़ी जानलेवा सर्जरी (थोरैकोटॉमी) से बचा लिया। डॉ. रश्मी रंजन दास इस बात पर जोर देती हैं कि इस तरह की सर्जरी से लड़के का स्वास्थ्य खतरे में पड़ सकता था, जिसके लिए संभावित रूप से फेफड़ों के एक हिस्से को हटाने की आवश्यकता हो सकती थी। प्रक्रिया के बाद चार दिनों तक भर्ती रहे मरीज की हालत अब स्थिर है और वह ठीक होने की राह पर है।**

# हल्द्वानी हिंसा में 4 गिरफ्तार, 5000 पर केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा में गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान बवाल और उपद्रव करने वाले हजारों लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उनकी धरपकड़ शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस चार लोगों को हिरासत में ले चुकी है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि तीनों मुकदमों में 19 लोगों को नामजद किया गया है। वहीं करीब 5000 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है। वनभूलपुरा में फोर्स बढ़ाकर सख्ती को कड़ा कर दिया गया है। अतिरिक्त फोर्स को भी बुला लिया गया है। मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर बने मदरसा और धार्मिक स्थल को तोड़ने के दौरान वनभूलपुरा में गुरुवार को भारी उपद्रव हुआ।उपद्रवियों ने पथराव के साथ ही पेट्रोल बम और कांच की बोतलों से सुरक्षा बलों पर हमला किया। इसके बाद वनभूलपुरा थाने में भी आग लगा दी गयी। उपद्रव में 300 लोग घायल भी हुए।









# मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स इंडक्शन प्रोग्राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओड़िशा।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट ने 6 फरवरी 2024 को सुनाबेदा, कोरापुट में अपने परिसर में छात्रों के लिए एक मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। प्रोफेसर वाई. नरसिम्हुलु, पूर्व कुलपति, रायलसीमा विश्वविद्यालय और प्रोफेसर के श्रीनिवास, आइटी प्रमुख, एनआइइपीए, नयी दिल्ली कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति थे। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने किया। प्रोफेसर वीसी झा, सलाहकार, अकादमिक और प्रशासन सम्मानित अतिथि के रूप में उद्घाटन मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ.




काकोली बनर्जी, सहायक प्रोफेसर, जैव विविधता विभाग और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण विभाग और विश्वविद्यालय एमओओसी समन्वयक द्वारा किया गया था।

डॉ बनर्जी ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को एमओओसी की मूल बातों के बारे में उन्मुख करना था जो यूजीसी के एक अधिनियम द्वारा पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य घटक बन गया है। उन्होंने कहा कि कोरापुट जैसे दूरदराज क्षेत्रों में छात्र एमओओसी के माध्यम से सर्वोत्तम पाठ्यक्रमों और संकाय तक पहुंच सकते हैं। इसके बाद तकनीकी सत्रों में प्रोफेसर वाइ नरसिम्हुलू ने एमओओसी में आईसीटी के उपयोग और क्रेडिट ट्रांसफर ढांचे के बारे में बात की। उन्होंने विशेष रूप से जोर देकर कहा कि विश्वविद्यालयों को छात्रों को उनकी पसंद के विषयों को सीखने की अनुमति देने के लिये अपने दृष्टिकोण में लचीला होना चाहिए। उन्होंने गूगल क्लासरूम, मूडल, अनुवादिनी आदि के बारे में चर्चा की।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो एनसी पांडा समापन सत्र के मुख्य अतिथि थे। एमओओसी के माध्यम से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बहुत लाभ होगा। डॉ. सौरव गुप्ता, एचओडी (आई/सी), पत्रकारिता और जनसंचार विभाग और सदस्य, एमओओसी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों ने अच्छी तरह से भाग लिया।









# खोरधा रोड की वार्षिक खेल प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधा ।** पूर्व तट रेलवे मिश्रितउच्चि माध्यमिक स्कूल, खोरधा रोड ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया। रेलवे स्कूल के प्राथमिक और माध्यमिक सेक्शन के बच्चों के लिए सात से नौ फरवरी तीन दिनों तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। समापन समारोह में भाग लेते हुए श्री आरएनए परिड़ा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, खोरधा रोड ने सभी बच्चों को उनकी स्वस्थ भागीदारी के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि खेलों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में टीम भावना का सृजन करना और उन्हें जीवन में नयी चुनौतियों का




सामना IC रने में सक्षम बनाना है।

आरएनए परिडा ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न खेलों में कुल 475 बच्चों ने भाग लिया। दौड़, चॉकलेट दौड़, धीमी साइकिल दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद आदि खेल थे। 10 छात्रों को विभिन्न खेलों में चैंपियन घोषित किया गया और हाउस चैंपियन बना ब्लू हाउस।

पूर्व तट रेलवे मिश्रित उच्चमाध्यमिक स्कूल की प्रिंसिपल, मिस सबिता कुमारी, खेल सचिव, एस.सी. बेहरा और शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पीईटी), श्री अम्लान ज्योति मोहंत के मार्गदर्शन में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**